भोपाल
शुक्रवार, 11 सितंबर 2026
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या
वर्ष : 13, अंक : 161
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 24

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

13 ईशान की कप्तानी में ईस्ट जोन ...

विचार पेज
06 ब्रिक्स के जरिए भारत ...

ब्रिक्स समिट में शामिल होंगे पुतिन और शी जिनपिंग समेत 21 देशों के प्रतिनिधि

गलवान हिंसा के बाद पहली बार भारत आ रहे चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग कल शनिवार को दिल्ली पहुंचेंगे और पीएम मोदी से द्विपक्षीय वार्ता कर सकते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स समिट में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दोनों भारत आएंगे। चीन के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को जिनपिंग के भारत दौरे की पुष्टि की। इससे दो दिन पहले रूस ने भी पुतिन के भारत आने की पुष्टि की थी। जिनपिंग का यह 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत का पहला दौरा होगा।

इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी और जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक होने की भी उम्मीद है। नई दिल्ली के मंडपम में आयोजित ब्रिक्स समिट में चीन और रूस के प्रमुख समेत 21 देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। भारत और चीन के रिश्ते 2020 में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद बुरी तरह बिगड़ गए थे। इस झड़प में दोनों देशों के सैनिक मारे गए थे। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को लेकर तनाव काफी बढ़ गया। हालांकि, इसके बाद पीएम मोदी और जिनपिंग की कई मौकों पर मुलाकात हुई है। दोनों नेता दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के दौरान आमने-सामने आए हैं। पिछले साल चीन में हुई शंघाई सहयोग संगठन यानी एससीओ की बैठक के दौरान भी दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी। इस बार नई दिल्ली में होने वाले समिट के दौरान पीएम मोदी और जिनपिंग के बीच अलग से द्विपक्षीय बैठक होने की उम्मीद है। भारत-चीन के बीच सिर्फ सीमा विवाद ही नहीं, बल्कि व्यापार और आर्थिक रिश्ते भी बातचीत का हिस्सा हैं। भारत चीन के साथ अपने बड़े व्यापार घाटे को कम करना चाहता है। इसके अलावा रेयर अर्थ मैगनेट और इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट जैसे जरूरी सामान की ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीमा विवाद सुझलाने और कारोबार को बढ़ाने पर होगी बात

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन आज शुक्रवार को भारत पहुंचेंगे उनकी प्रधानमंत्री मोदी से होगी मुलाकात

एआई इमेज

ग्लोबल साउथ की आवाज मजबूत करने पर फोकस कर रहा भारत

बांग्लादेश ने कहा हमारे पीएम को भारत ने नहीं दिया ब्रिक्स का न्योता

दुर्लभ खनिजों की खोज में मदद को तैयार रूस

इस बीच, रूस की तरफ से कहा गया है कि वह भारत को दुर्लभ खनिजों की खोज में मदद करने के लिए तैयार है। यह एक बेहद जटिल कार्य है और रूस की कंपनियों के पास इस क्षेत्र में विशेषज्ञता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा कि रूस इस संबंध में भारत को सहयोग देने के लिए तैयार है। राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा के दौरान द्विपक्षीय वार्ता में इस मुद्दे पर भी चर्चा होने की संभावना है।

दुलर्भ खनिजों की आपूर्ति को लेकर चीन से समझौते के आसार

दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति को लेकर भारत और चीन के बीच द्विपक्षीय समझौता होने के आसार हैं। चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा के मद्देनजर इस समझौते की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, पूर्व में चीन के साथ हुई बातचीत में चीन ने भारत को दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति का भरोसा दिलाया था। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक समझौता नहीं हुआ था। चीन ने दुर्लभ खनिजों के निर्यात को लेकर एक मजबूत नियामक तंत्र बनाया है, जिसके लिए लाइसेंसिंग प्रणाली आवाश्यक है। सूत्रों का कहना है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान चीन के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय वार्ता में इस समझौते ▶▶ शेष पेज 4 पर

पीएम मोदी, जिनपिंग और पुतिन पर नजर

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की यात्रा को लेकर लंबे समय से कयासबाजी जारी थी लेकिन इस पर अब विराम लग गया है। जिनपिंग की यात्रा खास तौर पर अहम है क्योंकि भारत और चीन कई सालों के तनाव के बाद अपने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं पुतिन की मौजूदगी से भारत-रूस संबंधों, खासकर ऊर्जा, व्यापार और रक्षा सहयोग पर भी ध्यान केंद्रित होगा। मुख्य समिट से पहले मोदी और पुतिन की अलग से मीटिंग होनी है, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार, ऊर्जा और रक्षा सहयोग पर चर्चा होने की उम्मीद है। ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी

पीएम रहमान को नहीं मिला न्योता

बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ब्रिक्स समिट में शामिल होने भारत नहीं आएंगे। बांग्लादेश के विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर ने इसकी पुष्टि की है। गुरुवार को पत्रकारों ने रहमान के समिट में शामिल होने को लेकर सवाल पूछा। कबीर ने कहा,हमारे प्रधानमंत्री को तो न्योता नहीं मिला। न्योता बिम्सटेक के चेयरमैन को मिला है। बांग्लादेश ब्रिक्स का सदस्य नहीं है। भारत ने बिम्सटेक के मौजूदा चेयरमैन के तौर पर तारिक रहमान को ब्रिक्स समिट के आउटरीच सेशन में शामिल होने का न्योता दिया था। बिम्सटेक दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों का क्षेत्रीय संगठन है। इसमें भारत और बांग्लादेश भी शामिल हैं।

शामिल होने वाले प्रमुख नेता

- **चीन**: शी जिनपिंग - राष्ट्रपति
- **मिस्र**: अब्देल फतह अल-सीसी - राष्ट्रपति
- **इथियोपिया** : अबी अहमद अली - प्रधानमंत्री
- **इंडोनेशिया** : प्रबोवो सुबियांतो - राष्ट्रपति
- **ईरान**: मसूद पेजेशकियन - राष्ट्रपति
- **रूस** : व्लादिमीर पुतिन - राष्ट्रपति
- **सऊदी अरब** : प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद : विदेश मंत्री
- **ब्राजील** : माउरो विएरा - विदेश मंत्री
- **दक्षिण अफ्रीका** : मातामेला सिरिल रामाफोसा - राष्ट्रपति
- **यूएई**: शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान
- अबूधाबी: क्राउन प्रिंस और अबूधाबी कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष

ब्रिक्स समिट कब क्या होगा

- ब्रिक्स नेताओं का मुख्य समिट 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में होगा।
- रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 11 तो चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के 12 सितंबर को पहुंचेंगे
- समिट का पहला दिन भारत मंडपम में शुरू होगा, जहां पीएम मोदी ब्रिक्स में शामिल अतिथियों का स्वागत करेंगे।
- पहले दिन आने वाले नेताओं के साथ आधिकारिक कार्यक्रम होगा।
- शनिवार शाम को पीएम मोदी ब्रिक्स में शामिल नेताओं डिनर देंगे।

सागर: जहरीली शराब कांड पर सख्त हुई सरकार

अवैध और जहरीली शराब के आरोपियों के अवैध घर और गोदामों को बुलडोजर से कर दिया ध्वस्त

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दौरे के अगले ही दिन सागर के बंडा में जहरीली शराब से मौतों के मामले में गुरुवार को बड़ा एक्शन हुआ। प्रशासन ने आरोपियों के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला दिया। पुलिस और प्रशासन की टीम वार्ड नंबर 11 और 12 में पहुंची और मुख्य आरोपी और करणी सेना के संभागीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राजपूत उर्फ चंदू और आशीष साहू के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाया। कार्रवाई 3 जेसीबी की मदद से की गई। मनीष लोधी के 3 मकानों के अवैध हिस्से भी गिरा दिए गए।

नगर परिषद बंडा और पुलिस बल की संयुक्त टीम ने शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बनाए गए मकान, पक्की बिल्डिंग और गोदामों को जमींदोज किया। इस दौरान मौके पर एसडीएम, तहसीलदार, नगर परिषद सीएमओ ▶▶ शेष पेज 4 पर

- सागर में तीन जेसीबी और फोर्स लेकर पहुंची अफसरों की टीम
- ढहाए 3 आरोपियों के 5 अवैध निर्माण, 24 घंटे पहले दिए थे नोटिस

अवैध घरों पर चलाए गए बुलडोजर

तीन टीमों ने भारी पुलिस बल के साथ की कार्रवाई

पूरी कार्रवाई के लिए प्रशासन ने तीन अलग-अलग टीमों का गठन किया था। बंडा एसडीएम संजय जैन, एसडीओपी रोहित लखेरा और तहसीलदार मोहित जैन की मौजूदगी में भारी पुलिस बल के साथ कार्रवाई की गई। कार्रवाई के संबंध में बंडा एसडीएम संजय जैन ने बताया कि आरोपियों की अन्य अवैध संपत्तियों के बारे में भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

मनीष लोधी के दो मकान और गोदाम ढहाए

जहरीली शराब कांड के आरोपी मनीष उर्फ यशवंत लोधी, निवासी वार्ड-12 बंडा, के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई की। राजस्व रिकॉर्ड के मुताबिक, उसने शासकीय श्मशान मद की भूमि पर अवैध कब्जा कर पक्का निर्माण कराया था। इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

चन्द्रभान सिंह का पक्का मकान ढहाया

दूसरे मुख्य आरोपी चन्द्रभान सिंह उर्फ चंदू, निवासी ग्राम ततरवारा, तहसील शाहगढ़, के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। आरोपी ने नगर में शासकीय भूमि पर एक मंजिला पक्का रिहायशी मकान बनाकर अवैध कब्जा कर रखा था। प्रशासन ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

16 आरोपी गिरफ्तार, 17 पर इनाम घोषित

पुलिस ने मामले में अब तक 33 आरोपियों में से 16 को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में अवैध शराब तैयार करने, पैकिंग और ग्रामीण क्षेत्रों में सप्लाई नेटवर्क से जुड़ी जानकारी सामने आई है। जांच में बरेठी शराब दुकान के लाइसेंसी ठेकेदार ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

राज्यपाल पटेल ने दिलाई शपथ

जस्टिस कोगजे ने संभाली चीफ जस्टिस की जिम्मेदारी

चीफ जस्टिस को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए सीएम

सीएम मोहन यादव और मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे ने गुरुवार को भोपाल स्थित लोकभवन में पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में उन्हें शपथ दिलाई। इसके साथ ही हाईकोर्ट को करीब तीन महीने बाद स्थायी ▶▶ शेष पेज 4 पर

33 साल पहले शुरू किया था वकालत का सफर

16 जुलाई 1969 को जन्मे जस्टिस कोगजे ने 1990 में केमिस्ट्री में बीएससी और 1993 में एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। इसी वर्ष गुजरात में वकालत शुरू की। वे 6 अप्रैल 2016 को गुजरात हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश और 15 मार्च 2018 को ▶▶ शेष पेज 4 पर

सड़क के बीच खड़े हनुमान को नहीं हिला पाया प्रशासन, विवाद बढ़ा

मंदिर के आसपास का ज्यादातर हिस्सा टूटा, प्रतिमा टेंट में उमा भारती ने सीएम को लिखा पत्र, कहा-प्लान बदलें

खड़े हनुमान जी

उमा ने कहा कि विकास और धार्मिक आस्था दोनों को साथ लेकर समाधान निकाला जा सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन/भोपाल

सड़क चौड़ीकरण के लिए सती गेट के पास स्थित खड़े हनुमान मंदिर को हटाने का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। प्रशासन ने 4 सितंबर को मंदिर हटाने की कार्रवाई शुरू की थी, लेकिन प्रतिमा अब तक वहीं खड़ी है। मंदिर के आसपास का ज्यादातर हिस्सा तोड़ा जा चुका है और प्रतिमा फिलहाल टेंट में रखी गई है। हालांकि, प्रशासन का कहना है कि प्रतिमा हटाने की कोशिश नहीं की गई।

प्रतिमा के वीडियो और रील सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद ▶▶ शेष पेज 4 पर

हनुमान जी के दर्शन के लिए दूर दराज से पहुंचे भक्त

आईआईटी इंदौर की टीम पहुंची

हनुमान मंदिर को लेकर चल रहे विवाद और चर्चाओं के बीच आईआईटी इंदौर की टीम एक बार फिर मंदिर पहुंचकर जांच करेगी। इससे पहले सोमवार को टीम ने मंदिर परिसर पहुंचकर प्रतिमा और आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण किया था। अब शिषज्ञों की टीम दोबारा तकनीकी जांच के लिए मंदिर पहुंचेगी।

साध्वी ने दिया दो दिन का अल्टीमेटम

साध्वी हर्षानंद गिरि (हर्षा रिछारिया) ने गुरुवार को मंदिर पहुंचकर पूजा की और प्रतिमा हटाने के प्रयासों का विरोध किया। उन्होंने प्रशासन से मंदिर में आकर माफी मांगने, पूजा करने और मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लेने की मांग की। ऐसा नहीं होने पर उन्होंने अनशन और ▶▶ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप

आईआरसीटीसी केस में लालू परिवार को झटका

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी होटल टेंडर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू परिवार को बड़ा झटका लगा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव और राबड़ी देवी समेत 9 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए। मामले में सरला गुप्ता, लारा प्रोजेक्ट्स और सुजाता होटल्स भी आरोपी हैं। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए मामले को 3 अक्टूबर को सूचीबद्ध किया है।

नंदन नीलेकणि व कामथ को एसआईआर का नोटिस

बेंगलुरु। इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि, जेरोधा के को-फाउंडर निखिल कामथ और अभिनेता शिव राजकुमार समेत कई हस्तियों को स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (एसआईआर) के तहत नोटिस जारी किए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार पुराने चुनावी रिकॉर्ड में इनके नाम 'अनमैप्ड' मिले हैं। नीलेकणि और उनके परिवार के नाम 2002 की मतदाता सूची में विवरण नहीं मिलने के कारण नो-मैपिंग श्रेणी में शामिल किए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने जिस अधिकारी को कहा था आपकी हिम्मत कैसे हुई, उस पर सरकार का बड़ा एक्शन

छात्र को नोटिस देकर पांच लाख का बॉन्ड मांगने वाला मजिस्ट्रेट सस्पेंड, एसजी ने दी जानकारी

गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के छात्र अक्षत त्रिपाठी ने बीएनएसएस की धारा 130 के तहत एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट द्वारा जारी नोटिस को चुनौती देते हुए एक रिट याचिका दायर की थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद ग्रेटर नोएडा के एक अधिकारी ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के धरना-प्रदर्शन को लेकर एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट ने एक छात्र को नोटिस जारी कर दिया था, जिसके बाद अब सरकार ने उनके खिलाफ एक्शन लेते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। इस बात की जानकारी भारत के सॉलिसिटर जनरल ने गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को दी।

उन्होंने एक छात्र को कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध-प्रदर्शन के लिए कथित तौर पर कैंपेन चलाने के मामले में 5 लाख रुपए का पर्सनल बॉन्ड भरने के लिए शो-कॉज नोटिस जारी किया था। गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के छात्र अक्षत त्रिपाठी ने बीएनएसएस की धारा 130 के तहत एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट द्वारा जारी नोटिस को चुनौती देते हुए एक रिट याचिका दायर की थी। इस याचिका में यह भी तर्क दिया गया है कि त्रिपाठी पर जो आरोप लगाया गया है वह संविधान के अनुच्छेद ▶▶ शेष पेज 4 पर

फाइल फोटो

याचिका में कहा गया है कि ये कार्यवाही सीधे तौर पर सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर के उस आदेश के खिलाफ है, जिसमें छात्रों के विरोध-प्रदर्शन से जुड़ी एफआईआर को रद्द कर दिया गया था

एक दिन पहले अधिकारी को लगाई थी कड़ी फटकार

इससे एक दिन पहले बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इसी मामले को लेकर उक्त अधिकारी को कड़ी फटकार लगाई थी और पूछा था कि हमारे आदेश के बावजूद आपने ऐसा नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे की। सीनियर एडवोकेट पीवी दिनेश ने जुलाई में हुए छात्र विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े दूसरे मामलों की सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने यह याचिका पेश की। सीनियर वकील ने बेंच से याचिका पर विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिकारियों तक एक कड़ा संदेश जाना चाहिए।

बच्ची को धमकाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा- एफआईआर पर तुरंत हो कार्रवाई

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन में शामिल 14 वर्षीय लड़की को कथित तौर पर परेशान करने और उसके घर में तोड़फोड़ के आरोपों को गंभीरता से लिया है। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि यदि बच्चे के खिलाफ हिंसा करने वाले असामाजिक तत्व खुलेआम घूम रहे हैं और उसे डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं, तो यह गंभीर मामला है। कोर्ट ने दिल्ली और उत्तर प्रदेश सरकार से कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है। जस्टिस ▶▶ शेष पेज 4 पर

14 वर्षीय लड़की और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश

वकील ने वीडियो का भी दिया हवाला

सुनवाई के दौरान वकील ने बताया कि कुछ वीडियो में चार पुलिसकर्मी उन लोगों के साथ नजर आ रहे हैं, जिन्होंने प्रदर्शनकारियों पर हमला किया था। आरोप है कि इन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। एसजी तुषार मेहता ने बताया कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

भाजपा के 7 मोर्चों के प्रभारी घोषित

लाल सिंह आर्य को किसान और गजेंद्र सिंह पटेल को अल्पसंख्यक मोर्चे का प्रभार

लाल सिंह आर्य

गजेंद्र सिंह

मप्र के दो नेताओं को जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा ने गुरुवार को अपने सात प्रमुख मोर्चों के प्रभारियों की घोषणा कर दी। इनमें सबसे ज्यादा दो प्रभारी मध्य प्रदेश से हैं। पूर्व मंत्री और गोहद से विधायक रहे लाल सिंह आर्य को किसान मोर्चा, जबकि खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल को अल्पसंख्यक मोर्चे का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा ने हरीश द्विवेदी को युवा मोर्चा, डी. पुरंदेश्वरी को महिला मोर्चा और सतीश पूनिया को अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चे की जिम्मेदारी दी है। वहीं संजय भाटिया को अनुसूचित जाति (एससी) और बैजयंत पांडा को ओबीसी मोर्चे का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

एमपी के दोनों नेताओं का संगठन में अनुभव

लाल सिंह आर्य मध्य प्रदेश के गोहद से कई बार विधायक रह चुके हैं और शिवराज सिंह चौहान सरकार में मंत्री रहे हैं। वे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं। गजेंद्र सिंह पटेल खरगोन से लगातार दो बार लोकसभा चुनाव जीत चुके हैं। वे 2019 और 2024 में सांसद चुने गए। पेशे से कृषक और लंबे समय से राजनीति में सक्रिय पटेल को अब अल्पसंख्यक मोर्चे की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अन्य प्रभारियों में हरीश द्विवेदी उत्तर प्रदेश के बस्ती से दो बार सांसद रह चुके हैं। डी. पुरंदेश्वरी आंध्र प्रदेश की वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं। सतीश पूनिया राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। संजय भाटिया हरियाणा से राज्यसभा सांसद हैं, जबकि बैजयंत पांडा ओडिशा से लोकसभा सांसद और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं।

मोर्चों की कार्यकारिणी तैयार करेंगे प्रभारी

सभी प्रभारी संबंधित मोर्चा अध्यक्षों के साथ समन्वय कर कार्यकारिणी के गठन, प्रदेश प्रभारियों की नियुक्ति और राज्यों में मोर्चों की टीम तैयार करने में सहयोग करेंगे। भाजपा ने उन्हें यह प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

होटल में ब्यूटिशियन की मौत कारोबारी के साथ आई थी

इंदौर। तिलक नगर स्थित एलएक्स होटल के कमरे में बुधवार को ब्यूटिशियन सोनाली शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह पाइप कारोबारी दीपक खंडेलवाल के साथ होटल आई थी। कमरे में सोनाली बिस्तर पर पड़ी मिली और उसके मुंह से झाग निकल रहा था। जहर खाने से मौत की आशंका जताई जा रही है। पुलिस के अनुसार सोनाली और दीपक दोपहर करीब 2 बजे होटल पहुंचे थे।

हाईवे में देरी पर गडकरी शर्मिंदा

कहा-मैं उद्घाटन में शामिल नहीं होऊंगा

एजेंसी ▶▶ पणजी

■ 2011 में फोर लेन करने का काम शुरू हुआ

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मुंबई-गोवा हाईवे के चौड़ीकरण में हुई देरी पर नाराजगी और शर्मिंदगी जताई है। उन्होंने कहा कि परियोजना पूरी होने पर वे इसके उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होंगे। पोरवोरिम में 5.15 किलोमीटर लंबे छह लेन एलिवेटेड रोड के उद्घाटन के दौरान गडकरी ने कहा कि हाईवे ▶▶ शेष पेज 4 पर

मुआवजे के लिए मांगी थी रिश्वत

लोकायुक्त ने पटवारी को 47 हजार रु. लेते दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पन्ना

■ मांगे थे 80 हजार, 30 हजार पहले ले चुका था

केन-बेतवा लिंक परियोजना के मुआवजा वितरण में रिश्वतखोरी का मामला सामने आया है। लोकायुक्त सागर की टीम ने पटवारी संतोष चिकवा को 47 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। कार्रवाई पन्ना के हॉस्पिटल चौक पर हुई, जहां पटवारी रकम लेने पहुंचा था। रिश्वत की राशि उसकी बाइक की डिग्गी से बरामद की गई। ▶▶ शेष पेज 4 पर

सोते परिवार पर गिरा कच्चा मकान

दो बच्चियों की दर्दनाक मौत, एक महिला घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

■ हिनौता के क्योटरा गांव में रात 2 बजे हादसा

हिनौता थाना क्षेत्र के ग्राम क्योटरा में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे दर्दनाक हादसा हो गया। परिवार के लोग कच्चे मकान में सो रहे थे, तभी अचानक पूरा मकान भरभराकर गिर गया। मलबे में दबने से दो बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मकान गिरते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। ▶▶ शेष पेज 4 पर

जबलपुर में विद्या भारती का महामंथन

एनईपी-2020, एआई व भारतीय संस्कृति पर केंद्रित रहेगी यह तीन दिवसीय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक आज से 13 सितंबर 2026 तक जबलपुर के शास्त्री पुल स्थित सरस्वती शिक्षा परिषद परिसर में आयोजित की जा रही है। डॉ. रवीन्द्र कान्हेरे की अध्यक्षता में आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में देशभर के सभी राज्यों से 210 शिक्षाविद और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। बैठक में अखिल भारतीय महामंत्री देशराज शर्मा और विवेक शेंडे सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित हैं। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल तीनों दिन मार्गदर्शक के तौर पर उपस्थित रहेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा, मातृभाषा, ▶▶ शेष पेज 4 पर

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल और राष्ट्रबोध के लिए बनेगी कार्ययोजना

इंदौर में छात्रों से संवाद करेंगे

'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए 1.50 लाख रजिस्ट्रेशन

राहुल गांधी ने कहा- 19 को इंदौर में मिलूंगा, समस्याएं-चुनौतियां बताओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

इंदौर में 19 सितंबर को प्रस्तावित कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को लेकर पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

कांग्रेस का दावा है कि कार्यक्रम के लिए अब तक 1.50 लाख से अधिक छात्रों और युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। राहुल गांधी ने गुरुवार को छात्रों और युवाओं के नाम एक्स पर संदेश जारी कर उनसे अपनी समस्याएं, चुनौतियां और सुझाव साझा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे अलग-अलग शहरों में छात्रों से मिलकर उनकी परेशानियों को समझ रहे हैं। इसी अभियान के तहत 19 सितंबर को इंदौर में छात्रों के बीच रहेंगे। उन्होंने छात्रों से ऑनलाइन लिंक के जरिए अपनी बात रखने और वीडियो बनाकर समस्याएं साझा करने की अपील भी की।

राहुल गांधी

अनुमति और स्थल को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं

कार्यक्रम की अनुमति को लेकर कांग्रेस और प्रशासन के बीच अब तक सहमति नहीं बन सकी है। कांग्रेस का कहना है कि वह 11 दिन से अनुमति के लिए प्रयास कर रही है। कलेक्टर, नगर निगम, पुलिस और इंदौर विकास प्राधिकरण के स्तर पर आवेदन प्रक्रिया चल रही है। पार्टी ने कहा है कि अनुमति मिले या नहीं, कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

अलनीनो से भारत में बढ़ सकता है स्वास्थ्य संकट, डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता

अधिकांश हिस्सों में कम बारिश और ज्यादा गर्मी का अनुमान, डेंगू-मलेरिया समेत कई बीमारियों का खतरा

डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया है कि डेंगू-मलेरिया के मौजूदा मामलों को सीधे अलनीनो से नहीं जोड़ा गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के कई हिस्सों में डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत को स्वास्थ्य संबंधी बड़े या बहुत बड़े जोखिम वाले देशों में शामिल किया है।

डब्ल्यूएचओ के आकलन के अनुसार, अलनीनो के प्रभाव से दक्षिण एशिया में मौसम का मिजाज बदल सकता है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां बढ़ने की आशंका है। डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल पब्लिक हेल्थ सिचुएशन एनालिसिस अलनीनो 2026 रिपोर्ट पांच सितंबर को जारी हुई। इसमें अगस्त से अक्टूबर के दौरान दक्षिण एशिया के ज्यादातर हिस्सों में सामान्य से कम बारिश और अधिक तापमान का अनुमान जताया गया है। डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया है कि डेंगू-मलेरिया के मौजूदा मामलों को सीधे अलनीनो से नहीं जोड़ा गया है। इसे बीमारी के जोखिम ▶▶ शेष पेज 4 पर

एआई इमेज

डेंगू-मलेरिया का बढ़ रहा खतरा

दिल्ली में अगस्त में डेंगू के 90 मामले सामने आए, जो इस साल एक महीने में सबसे अधिक हैं। 29 अगस्त तक कुल मामले 311 हो गए। वहीं, मलेरिया के मामले जुलाई के 17 से बढ़कर अगस्त में 53 हो गए और इस साल कुल संख्या 119 पहुंच गई।

गर्मी और बारिश दोनों चुनौती

अधिक तापमान से हीट एग्जॉशन और हीटस्ट्रोक के साथ हृदय, सांस, किडनी और मेटाबॉलिज्म संबंधी बीमारियां बढ़ सकती हैं। गर्भवती महिलाओं और नवजातों पर भी इसका असर पड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीमा पर भी नजर

डब्ल्यूएचओ ने भारत-नेपाल और भारत-भूटान के सीमावर्ती क्षेत्रों को भी जोखिम वाले इलाकों में शामिल किया है। संगठन के अनुसार, ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, शुक्रवार 11 सितंबर 2026

SHOWROOMS: MADHYA PRADESH: RENAULT **BHOPAL NEW** Ph: 9289220870. RENAULT **AGAR** Ph: 8448220030. RENAULT **CHATARPUR** Ph: 7603868297. RENAULT **CHHINDWARA** Ph: 9667215285. RENAULT **DAMOH** Ph: 9289263623. RENAULT **GWALIOR CITY** Ph: 8448383235. **INDORE:** RENAULT **INDORE** Ph: 9821199958, RENAULT **INDORE EAST** Ph: 9289263821. **JABALPUR:** RENAULT **JABALPUR WEST** Ph: 7291980314. RENAULT **MANDSAUR** Ph: 8448220394. RENAULT **SAGAR** Ph: 9311340949. RENAULT **SATNA** Ph: 7290094892. RENAULT **SHAHDOL** Ph: 7029805696. RENAULT **UJJAIN** Ph: 8448220031.

इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होगी समिट, प्रमुख केंद्र होगी 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव दो दिवसीय यात्री परिवहन विजन समिट 2026 का आज करेंगे शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सार्वजनिक यात्री परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित, सुगम और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में राज्य सरकार एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 11 सितंबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में दो दिवसीय यात्री परिवहन विजन समिट-2026 का शुभारंभ करेंगे। इस समिट में निजी बस ऑपरेटरों, नीति-निर्माताओं, परिवहन विशेषज्ञों, देशभर के राज्य परिवहन उपक्रमों, आईटी कंपनियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधि एक मंच पर जुटेंगे और मध्यप्रदेश की यात्री परिवहन व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाने के लिए रणनीति और सुझाव साझा करेंगे। समिट का प्रमुख केंद्र 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' होगी।

फाइल फोटो।

समिट में 8 सत्रों में बनेगी परिवहन व्यवस्था की रणनीति

समिट में देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, निजी बस ऑपरेटर, पूरे देश के राज्य परिवहन उपक्रमों, आईटी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे और प्रदेश की सार्वजनिक यात्री परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सरल, सुगम, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की रणनीति बनाएंगे। साथ ही अपने सुझाव भी देंगे। परिवहन समिट में 8 सत्र होंगे। इन सत्रों के माध्यम से यात्री परिवहन को सुगम, सुरक्षित, स्मार्ट और प्रदूषणमुक्त बनाने, एमपी मोबिलिटी विजन-2030 के तहत पीपीपी मॉडल से निवेश, रोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने, वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बस संचालन, यात्री सुरक्षा, ग्रीन मोबिलिटी, स्वच्छ ईंधन, एकीकृत टिकटिंग, स्वचालित किराया संग्रह प्रणाली विषयों पर चर्चा होगी।

प्रमुख संस्थान समिट में होंगे शामिल

समिट में ईकेए मोबिलिटी, टाटा मोटर्स, ग्रीनसेल मोबिलिटी, वोल्वो-आयशर प्राइवेट लिमिटेड, स्विच मोबिलिटी चलो मोबिलिटी, एमनेक्स इन्फोटेक्नोलॉजीज, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एसबीआई, थिंक गैस जैसी प्रमुख कंपनियां सहभागिता करेंगी। इसके अलावा विभिन्न शिक्षण संस्थानों, थिंक टैंक एवं कंसल्टेंसी एजेंसियों के परिवहन विशेषज्ञ भी समिट में अपने अनुभव और सुझाव साझा करेंगे। इनमें डब्ल्यूआरआई इंडिया, बिट्स पिलानी, सीईपीटी अहमदाबाद, केपीएमजी और डीआईएमटीएस प्रमुख हैं।

स्मारिका, पुस्तिका का विमोचन, लोगो का अनावरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव समिट के दौरान इंडस्ट्री एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। एक्सपो में बस निर्माताओं, आईटी कंपनियों, वित्तीय संस्थानों और परिवहन क्षेत्र से जुड़े अन्य उद्योगों के साथ प्रदेश के विभिन्न शासकीय निगमों द्वारा अपनी गतिविधियों, तकनीकी समाधानों और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। समिट में ईलेट्स टेक्नोमीडिया द्वारा संकलित समिट की स्मारिका का विमोचन किया जाएगा। साथ ही एमपीवायपीआईएल द्वारा 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' की संरचना और योजना के अंतर्गत भविष्य में किए जाने वाले कार्यों पर केन्द्रित विशेष पुस्तिका का भी विमोचन होगा। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के माध्यम से चयनित एमपीवायपीआईएल के नए लोगो का अनावरण भी डॉ यादव द्वारा किया जाएगा। इसके साथ ही परिवहन क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी समाधान विकसित करने वाले मोबिलिटी स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित हैकाथॉन का शुभारंभ भी होगा।

युकां की बैठक बनी इंदौर के छात्रों की गूंज, रणनीति तैयार

विशेष प्रतिनिधि, भोपाल प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को हुई युकां की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने 19 सितंबर को इंदौर में आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' महा-आयोजन को लेकर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई के लिए यह आंदोलन मील का पत्थर साबित होगा, जिसमें भोपाल जिले से रिकॉर्ड संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता भोपाल शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित दुबे ने की। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों को लेकर अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। भोपाल से इंदौर जाएंगे हजारों छात्र-छात्राएं अपनी पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे भोपाल शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित दुबे ने कहा कि 19 सितंबर को इंदौर में होने वाला 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा और भोपाल से हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही सागर में शराब कांड के विरोध में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की जबावदेही तय करने हेतु भोपाल में आन्दोलन किया जाएगा। प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया के नेतृत्व में युवा कांग्रेस युवाओं के हक की आवाज को मजबूती से उठाएगी।

सीएम के निर्देश, 17 सितंबर को जलाएं जाएंगे 58 लाख आशीर्वाद के दीप

पीएम मोदी के जन्मदिन उत्सव को 'सेवा से संकल्प' के रूप में मनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर प्रदेश में दो महत्वपूर्ण अभियानों का शुभारंभ किया जाएगा। प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना को जन-जन तक पहुंचाने और सेवा से संकल्प अभियान के रूप में जनसेवा को नए संकल्प के साथ पूरा करने यह अभियान संचालित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन अभियान से प्रदेश के 50 लाख से अधिक ग्रामीण आबादी को उनकी सम्पत्ति की निःशुल्क रजिस्ट्री कर राजस्व विभाग के माध्यम से दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं, सेवा से संकल्प अभियान के तहत पहले दिन 17 सितंबर को शाम 7 बजे पूरे प्रदेश में एक साथ 58 लाख आशीर्वाद के दीपक जलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह आमजन को सुविधा सम्पन्न बनाने और जनसेवा का बड़ा अभियान है। सभी कलेक्टर्स अपने-अपने जिलों में पूरी तैयारी के साथ दोनों ही अभियान को उत्सव के रूप में आयोजित करें।

खास बातें

- प्रदेश में स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन योजना अभियान का किया जाएगा शुभारंभ

मंत्रालय में बैठक करते हुए सीएम ।

भोपाल में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

प्रधानमंत्री मोदी के जन्म दिवस पर एक माह तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान का शुभारंभ 17 सितम्बर को राजधानी भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम के साथ होगा। इस कार्यक्रम में सभी जिलों के कलेक्टर और हितग्राही वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मध्यप्रदेश सरकार ने विकसित भारत के निर्माण के लिए विकसित मध्यप्रदेश बनाने का संकल्प जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। एक माह तक प्रदेश भर में जन सेवा के विभिन्न प्रकल्प संचालित किए जाएंगे एवं जन सहभगिता से कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को सुनिश्चित किया जाएगा।

सबकी हो सहभागिता, जनप्रतिनिधियों और आमजन को जोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान की सफलता के लिए जनप्रतिनिधिगण, समाज और आमजन को इनसे जोड़ा जाए। जन-जन तक अभियान की जानकारी पहुंचाएं, अधिकाधिक युवाओं को अभियान से जोड़ने का प्रयास करें। मुख्यमंत्री डॉ यादव गुरुवार को मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी कमिश्नर्स और कलेक्टर्स को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कलेक्टर्स से कहा कि वे इन दोनों अभियान के लिए अगले दो दिन में माइक्रो प्लानिंग पूर्ण कर लें, जिले में स्वामित्व अभियान का नेतृत्व कलेक्टर स्वयं करें। जिला स्तर पर नोडल अधिकारी, जोनल अधिकारी और सेक्टर अधिकारी भी नियुक्त किए जाएं।

उज्जैन के महाकाल लोक में जलेंगे 25 लाख से अधिक दीये

बैठक में उज्जैन कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि आशीर्वाद का दीपक कार्यक्रम के अंतर्गत बाबा महाकाल के महालोक में 25 लाख से अधिक दीपक जलाने की तैयारी है। जिसमें सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के साथ समाज के हर वर्ग को जोड़ा जाएगा। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया गया कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 योजना के 50 लाख से अधिक हितग्राही भी इस दीपोत्सव में सहभागिता करेंगे।

अभियान के अंतर्गत कुल 13 गतिविधियां की जाएंगी संचालित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि अभियान के अंतर्गत कुल 13 गतिविधियां संचालित की जाएंगी। जनसंकल्प अभियान की शुरूआत 'आशीर्वाद का दीपक' कार्यक्रम के साथ होगी। इस दिन शाम 7 बजे एक साथ प्रदेश भर के लाभार्थी परिवारों और चयनित 10 से अधिक प्रसिद्ध ऐतिहासिक और पुरातत्विक महत्व के स्थानों पर 58 लाख से अधिक दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

डॉक्टरों ने जीतू पटवारी को लिखा पत्रः माफी मांगें कांग्रेस विधायक

भोपाल। प्रोग्रेसिव मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन (पीएमटीए) मध्यप्रदेश ने कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा के पोस्टमार्टम और मृत देह से जुड़े बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। संगठन ने मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र भेजकर मामले में संज्ञान लेने की मांग की है। एसोसिएशन के महासचिव डॉ अशोक ठाकुर ने कहा कि पोस्टमार्टम एक संवेदनशील, कानूनी और वैज्ञानिक प्रक्रिया है। इस प्रक्रिया को लेकर विधायक की ओर से दिया गया बयान चिकित्सकों और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भावनाओं को आहत करने वाला है।

- कांग्रेस विधायक के बयान पर पीएमटीए नाराज, सार्वजनिक माफी की मांग

डॉक्टर, फॉरेंसिक विशेषज्ञ और चिकित्सा कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। ऐसे में बिना तथ्य के उनकी कार्यप्रणाली और पोस्टमार्टम जैसी कानूनी प्रक्रिया पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। संगठन ने कहा कि इस तरह के बयान से चिकित्सा समुदाय में अविश्वास की भावना पैदा होती है। एसोसिएशन ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से विधायक अभय मिश्रा के बयान का संज्ञान लेने और उनसे मप्र के चिकित्सक समुदाय से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है। अगर कांग्रेस विधायक ने चिकित्सकों से माफी नहीं मागी तो पूरे प्रदेश में चिकित्सक कांग्रेस विधाकों का विरोध कर आंदोलन करेंगे।

नर्सिंग परीक्षा पर डिप्टी सीएम ने की समीक्षा

संस्थानों को सूचित कर परिणाम जारी करने की करें कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रालय में नर्सिंग छात्रों के परीक्षा परिणाम से संबंधित विषय की समीक्षा करते हुए विभागीय अधिकारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश के तारतम्य में संबंधित प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि छात्रों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उच्च न्यायालय के आदेश के अनुरूप सभी आवश्यक प्रक्रियाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि पात्र छात्रों को उनके परीक्षा परिणाम प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि समाविष्ट संस्थानों को प्राथमिकता से सूचित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, जिससे संबंधित छात्रों के परीक्षा परिणाम जारी किए जा सकें। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न हो और विद्यार्थियों के शैक्षणिक भविष्य को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक कदम समन्वय के साथ उठाए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने अनसूटेबल कॉलेजों के छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें सूटेबल कॉलेजों से संबद्ध/संलग्न किए जाने के विषय में भी आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक हित प्रभावित न हों, इसके लिए नियमानुसार उपलब्ध विकल्पों पर शीघ्र कार्यवाही की जाए। बैठक में आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा धनराजू एस, एमपीएनआरसी के रजिस्ट्रार डॉ. उपेन्द्र धोटे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

होम सेक्रेटरी करेंगी वाटर कैनन मामले की जांच

भोपाल। स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे इंटर्न डॉक्टरों पर वाटर कैनन के इस्तेमाल का मामला अब बड़ा मुद्दा बन गया है। 7 सितंबर को हमीदिया अस्पताल के पास प्रदर्शन कर रहे मेडिकल इंटर्न और छात्रों पर पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने अब प्रशासनिक जांच के आदेश दिए हैं। गृह विभाग की सचिव शिल्पा गुप्ता को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच में मुख्य तौर पर दो बिंदुओं पर फोकस रहेगा। पहला क्या प्रदर्शन के दौरान पुलिस या प्रशासन की ओर से आवश्यकता से अधिक बल का इस्तेमाल किया गया था। दूसरा अगर जांच में बल प्रयोग अनुपातहीन पाया जाता है, तो इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान कौन-कौन हैं। सरकार ने जांच अधिकारी को एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन राज्य शासन को सौंपने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद जांच रिपोर्ट के आधार पर सरकार आगे की कार्रवाई को लेकर फैसला ले सकती है।

आयुष्मान योजना बनी कमाई का जरिया

राजधानी के निजी अस्पतालों में मरीजों के इलाज को लेकर शिकायतें बढ़ रही हैं, लेकिन जिले के स्वास्थ्य मुखिया की निगरानी व्यवस्था जैसे आराम फरमा रही है। आयुष्मान योजना जरूरतमंदों के लिए सहारा बनी थी, मगर कुछ निजी अस्पतालों ने इसे कमाई का जरिया बना लिया है। मरीज का इलाज कैसे हो रहा है, बिल कितना बन रहा है और योजना के नियमों का पालन हो रहा है या नहीं, यह देखने की जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की है। मगर साहब के दफ्तर से बाहर निकलने की जरूरत शायद तभी महसूस होती है, जब कोई फाइल मेज तक पहुंच जाए। अस्पतालों का नियमित निरीक्षण हो या शिकायतों पर कार्रवाई, हर जगह सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायत आने के बाद भी कार्रवाई में देरी के आरोप लगते रहते हैं। लेकिन निगरानी ही कागजों पर होती है।

नाम जिला अस्पताल का और अंदाज निजी अस्पताल का

शहर का मॉडल अस्पताल जेपी का नाम सुनते ही गरीब मरीज को उम्मीद होती है कि यहां इलाज और जांच की सुविधा जेब पर भारी नहीं पड़ेगी। लेकिन अब व्यवस्था कुछ ऐसी होती दिख रही है कि अस्पताल सरकारी है, सुविधाएं निजी अस्पताल जैसी हो गई हैं। अस्पताल के मुखिया के नए फरमान के बाद पहले निःशुल्क होने वाली ईसीजी, सोनोग्राफी और एक्स-रे जैसी जांचों के लिए मरीजों से शुल्क लेकर दी जा रही हैं। अब इमरजेंसी में मरीज आए, हालत गंभीर हो और जेब खाली हो, तो बीमारी के साथ बिल की चिंता भी साथ रहेगी। सवाल यह है कि जिला अस्पताल आखिर किसके लिए बनाया गया था, गरीब मरीजों को राहत देने के लिए या निजी अस्पतालों की फीस की बराबरी करने के लिए। सरकारी अस्पताल में अगर जांच के लिए भी जेब टटोलनी पड़े तो फिर गरीब मरीज जाए कहां जाएगा। नाम जिला अस्पताल का और अंदाज निजी अस्पताल का, फिर फर्क सिर्फ बोर्ड का ही तो रह गया।

राजनीतिक रसूख वालों के लिए क्या नियम

अस्पताल खोलिए या नर्सिंग कॉलेज, सबसे पहले व्यवस्था और नियम पूरे करने की चिंता होती है। लेकिन कुछ संस्थानों को लेकर उठ रही चर्चाओं ने इस सामान्य प्रक्रिया पर सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं। शिकायतें हैं कि राजनीतिक रसूख रखने वाले कुछ संस्थानों को मान्यता मिलने की प्रक्रिया अपेक्षाकृत आसान रही। अब सवाल यह नहीं कि मान्यता मिली कैसे, सवाल यह है कि निरीक्षण में क्या देखा गया और नियमों की कितनी कसौटियां पूरी हुईं। आम संस्थान जहां एक-एक दस्तावेज लेकर दफ्तरों के चक्कर लगाते हैं, वहीं कुछ संस्थानों की प्रक्रिया तेजी से पूरी होने की चर्चा है। यदि शिकायतों में दम है तो जिम्मेदार अधिकारियों को दस्तावेज और निरीक्षण रिपोर्ट सामने रखकर स्थिति साफ करनी चाहिए। आखिर मान्यता नियमों के आधार पर मिलती है या प्रभाव की छांव में, यह सवाल व्यवस्था से जवाब मांग रहा है।

ड्यूटी रोस्टर पर प्रबंधन मौन

एम्स भोपाल में रेजिडेंट डाक्टरों की ड्यूटी व्यवस्था इन दिनों चर्चा में है। एनेस्थीसिया विभाग के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टरों का आरोप है कि उनसे 36 घंटे या उससे अधिक लगातार ड्यूटी कराई जा रही है। यानी मरीज को बेहोशी देने वाले डॉक्टर के लिए आराम और नींद शायद सबसे गैरजरूरी चीज हो गई है। डॉक्टरों का कहना है कि लगातार लंबी ड्यूटी से थकान बढ़ती है और इसका असर मरीजों की सुरक्षा पर पड़ सकता है। दूसरे विभागों में 12 घंटे की शिफ्ट और उसके बाद आराम की व्यवस्था का हवाला देते हुए उन्होंने सवाल उठाया है कि एनेस्थीसिया विभाग के लिए नियम अलग क्यों हैं। यहां कहानी यह है कि अस्पताल में मरीज को समय पर इलाज चाहिए और डॉक्टर को समय पर नींद। लेकिन ड्यूटी रोस्टर में शायद नींद की कोई शिफ्ट तय नहीं है। पढ़ाई, थीसिस और शोध प्रभावित होने की शिकायत भी है। लेकिन प्रबंधन मौन है।

सचिन सिंह बैस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देखी हनुमान अंश फिल्म

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को कोलार स्थित एक निजी प्लाजा में बहुचर्चित 'हनुमान अंश' फीचर फिल्म प्रदर्शन में सहभागिता कर जनप्रतिनिधियों के साथ फिल्म देखी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि नीब करौली बाबा के जीवन चरित्र पर केंद्रित यह फिल्म हमें एकात्म मानववाद और सर्वहारा वर्ग के कल्याण की प्रेरणा देती है।

सीएम ने दी स्व. अक्षत के परिजनों को सांत्वना

सीएम ने मंत्रालय से कटनी शहर की दुबे कालोनी निवासी स्व. अक्षत यादव (19 वर्ष) के परिजनों से वीडियो काल पर बात की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिजन को सांत्वना देते हुए कहा कि अक्षत के साथ हुई दुर्घटना अत्यंत दुःखद है। दुःख की इस घड़ी में वे स्वयं और पूरी राज्य सरकार परिजनों के साथ है। ज्ञात हो कि स्व. अक्षत दिल्ली में रहकर दिल्ली यूनिवर्सिटी में बी.काम. सेकेंड इयर का छात्र थे और यूपीएससी की तैयारी भी कर रहे थे।

रीवा के न्याय सत्याग्रह में शामिल हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी

न्याय और अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाने का किया आह्वान

तीस मासूम आदिवासी बच्चों की मौत पर कांग्रेस ने सरकार से जवाब मांगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी गुरुवार को रीवा में चल रहे न्याय सत्याग्रह में शामिल हुए। यह सत्याग्रह आदिवासी समाज के 30 मासूम बच्चों की मौत के मामले में न्याय, जवाबदेही और दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर विक्रांत भूरिया के नेतृत्व में जारी है। पटवारी ने कहा कि न्याय की लड़ाई को दबाया नहीं जा सकता।

रीवा से उठ रही यह आवाज अब पूरे प्रदेश की आवाज बन रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों की पीड़ा सुननी होगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर न्याय और अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

दतिया की तरह रीवा की जनता भी भाजपा को नकारेगी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने कहा कि अब रीवा की जनता को तय करना है कि वह अन्याय और अकर्मण्यता के साथ खड़ी होगी या बदलाव के साथ। उन्होंने कहा कि जिस तरह दतिया की जनता ने बदलाव का रास्ता चुना, उसी तरह रीवा की जनता भी भाजपा सरकार की अकर्मण्यता को नकारेगी। न्याय और अधिकार की इस लड़ाई में कांग्रेस पूरी ताकत के साथ जनता के साथ खड़ी है।

स्वास्थ्य मंत्री को देना चाहिए इस्तीफा

पटवारी ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली के गंभीर मामले लगातार सामने आ रहे हैं। 30 मासूम आदिवासी बच्चों की मौत और जहरीले कफ सिरप के कारण 26 मासूम बच्चों की जान गई। इंदौर के एमवाय अस्पताल में नवजात बच्चों को चूहों द्वारा कुतरे जाने की घटना ने भी स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर स्थिति को उजागर किया है।

डोडी-58 केंद्र का निरीक्षण, पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का लिया फीडबैक

आंगनबाड़ी केंद्रों की हकीकत परखने अचानक पहुंचे आयुक्त, बच्चों से पूछा-कैसा मिलता है भोजन ?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- गुणवत्ता और स्वाद की बच्चों से ली जानकारी
- नाश्ते, पोषण, स्वास्थ्य और शाला पूर्व शिक्षा को लेकर लिया फीडबैक

महिला एवं बाल विकास विभाग के नवागत आयुक्त संदीप जीआर ने कागजों और रिपोर्टों के बजाय आंगनबाड़ी सेवाओं की वास्तविक स्थिति जानने के लिए सीहोर जिले के आंगनबाड़ी केंद्र डोडी क्रमांक-58 का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में पहुंचकर बच्चों और महिला हितग्राहियों से सीधे बातचीत की और नाश्ते, गर्म पके भोजन, पोषण, स्वास्थ्य और शाला पूर्व शिक्षा को लेकर फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने 3 से 6 वर्ष के बच्चों को दिए जा रहे नाश्ते और गर्म पके भोजन की गुणवत्ता और स्वाद की जानकारी बच्चों से ही ली। उन्होंने गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को दिए जा रहे स्थानीय टेक होम राशन की व्यवस्था भी देखी। साथ ही केंद्र पर संचालित शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों और अन्य पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति जानी।

सिर्फ राशन बांटने तक सीमित न रहें केंद्र

आयुक्त ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल पोषण वितरण के स्थान नहीं हैं, बल्कि बच्चों के समग्र विकास, प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मातृ-शिशु कल्याण की बुनियाद हैं। उन्होंने केंद्रों को अधिक सक्रिय, जीवंत और बाल हितैषी बनाने के निर्देश दिए। अधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने को कहा।

बच्चों से बात कर जाना हाल

निरीक्षण का अहम पहलू यह रहा कि आयुक्त ने बच्चों और महिला हितग्राहियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने बच्चों से भोजन के स्वाद और गुणवत्ता के बारे में सहजता से पूछा, वहीं महिला हितग्राहियों से पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता का फीडबैक लिया। इससे मैदानी स्तर पर योजनाओं की वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास किया गया।

लाड़ली लक्ष्मी और मातृ वंदना योजना भी जांची

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित विभाग की अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की गई। आयुक्त ने नवीन हितग्राहियों के पंजीयन और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलने की स्थिति जानी।

10 आवंटी को ऑफिस के चक्कर लगवाए तो

11 बांधवगढ़ के पास बनेगा 'जनजातीय कला केंद्र'...

गोविंदपुरा में 15 करोड़ की सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त, बीस दुकान, दो मकान जमींदोज

अतिक्रमण हटाने के दौरान राजस्व विभाग, नगर निगम, उद्योग विभाग और पुलिस बल रहा मौजूद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम नरेला शंकरी स्थित शासकीय भूमि को प्रशासन ने गुरुवार को अतिक्रमण मुक्त करा लिया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान शासकीय भूमि पर अवैध रूप से निर्मित 20 दुकानों और 2 आवासीय अतिक्रमणों को हटाया गया। अतिक्रमित भूमि की अनुमानित बाजार कीमत करीब 15 करोड़ रुपए बताई गई है।

कब्जेदारों की बेदखली को लेकर गोविंदपुरा तहसीलदारा सौरभ वर्मा के यहां केस चल रहा था, जहां से बेदखली आदेश के बाद गुरुवार को जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने कब्जेदारों को हटाकर दुकानों और मकानों को तोड़ा है। अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई राजस्व विभाग, नगर निगम, उद्योग विभाग और पुलिस बल की संयुक्त मौजूदगी में की गई। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से औद्योगिक क्षेत्र में लंबे समय से अतिक्रमण की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

कच्ची दुकानें बनाकर किया कब्जा, सालों पहले किया अतिक्रमण

पंद्रह करोड़ की सरकारी जमीन से अतिक्रमण कारियों को हटाया गया

गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के ग्राम नरेला शंकरी स्थित शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाता अमला।

गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपति भी रहे उपस्थित

कार्रवाई के दौरान एसडीएम गोविंदपुरा आशुतोष शर्मा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सिद्धार्थ खरे, तहसीलदार गोविंदपुरा सौरव वर्मा, नगर निगम अधिग्रहण शाखा प्रभारी शैलेंद्र भदौरिया सहित पुलिस एवं उद्योग विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय गौड़ और उनकी टीम के साथ औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपति भी मौके पर उपस्थित रहे। बताया गया है कि व्यावसायिक उपयोग की जमीन की सरकारी गाइडलाइन में 4 करोड़ 50 लाख रुपए कीमत है, जबकि इसका वर्तमान बाजार मूल्य 15 करोड़ रुपए आंका गया है।

प्रशासन की कार्रवाई की सराहना

गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (जिया) के अध्यक्ष विजय गौड़ ने प्रशासन की त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की यह कार्रवाई औद्योगिक क्षेत्र के व्यापक हित में महत्वपूर्ण कदम है। गौड़ ने कार्रवाई के लिए प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि पर गोविंदपुरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा आरसीसी पोल फेंसिंग कराई जाएगी और पौधरोपण किया जाएगा, ताकि भविष्य में दोबारा अतिक्रमण की स्थिति न बने और क्षेत्र को व्यवस्थित एवं हरित बनाया जा सके।

प्रदेश में 10वीं-12वीं की तर्ज पर माशिमं कराएगा डेढ़ लाख शिक्षकों की टीईटी

भोपाल। प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा अब स्कूल शिक्षा विभाग माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) से कराने जा रहा है। जानकारी के अनुसार एमपी बोर्ड इस परीक्षा को कक्षा 10वीं व 12वीं की तर्ज पर ऑफलाइन कराएगा। शिक्षकों के लिए पेपर तैयार किए जाएंगे और उन्हें प्रश्नों के उत्तर लिखने होंगे। इसके लिए ब्लॉक स्तर पर सेंटर तैयार किया जाएगा। इस तरह के एक फार्मेट पर अभी चर्चाहो चुकी है। अब केवल इस संबंध में आदेश होना बाकी बताया जा रहा है। बताया गया है कि परीक्षा दिसंबर 2026 में दो बार में होगी। परीक्षा के लिए ब्लॉक के बड़े स्कूल, जैसे एक्सीलेंस या सांदीपनी स्कूलों को केंद्र बनाया जा सकता है। इसके पहले ईएसबी की तरफ से शिक्षक पात्रता परीक्षा की तारीख 12 अक्टूबर तय की गई थी। इसके लिए आवेदन की अंतिम तारीख 4 सितंबर रखी गई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 18 सितंबर कर दिया गया। इस प्रक्रिया के तहत अभी आवेदन हो रहे हैं। लोक शिक्षण और मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल के बीच अनुबंध के बाद अगले सप्ताह में अधिकारियों के बीच बैठक होगी। इसमें परीक्षा की तारीख और पैटर्न को अंतिम रूप दिया जाएगा।

- शिक्षकों के लिए पेपर तैयार किए जाएंगे, प्रश्नों के उत्तर लिखने होंगे

नर्सिंग पाठ्यक्रम जिनका पूरा नहीं, वे भी ड्यूटी पर तैनात मिले

अक्षय हॉस्पिटल में छापा, बीएचएमएस कर रहे थे गंभीर मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण एवं नियमानुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को अक्षय हॉस्पिटल, चार इमली का आयुष्मान भारत की टीम द्वारा निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों, उपलब्ध चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ तथा आयुष्मान योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की जांच की गई। निरीक्षण में अस्पताल में गंभीर कमियां एवं अनियमितताएं पाई गईं। टीम ने पाया कि अस्पताल के आईसीयू में ऐसे सामान्य मरीजों को भी भर्ती किया गया था, जिन्हें आईसीयू में भर्ती की आवश्यकता थी। कुछ मरीजों की स्थिति सामान्य एवं स्थिर पाए जाने के बावजूद उन्हें आईसीयू में भर्ती रखा गया था।

अनियमितताओं पर रोका आयुष्मान भारत से भुगतान जरूरत नहीं होने पर भी आईसीयू में भर्ती किए रोगी

जांच रिपोर्ट भी उपलब्ध नहीं करा सके आईसीयू के मरीज

फाइल फोटो

निरीक्षण के दौरान आईसीयू में भर्ती मरीजों से संबंधित दस्तावेजों एवं जांच रिपोर्टों का परीक्षण भी किया गया। इस दौरान एक्स-रे रिपोर्ट उपलब्ध नहीं पाए जाने की जानकारी सामने आई।

चिकित्सकीय व्यवस्था भी मानकों के अनुरूप नहीं

अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ की व्यवस्था भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में बीएचएमएस डॉक्टर कार्यरत पाए गए। इसी प्रकार अस्पताल में कार्यरत कुछ नर्सिंग स्टाफ बीएसएसी नर्सिंग के विद्यार्थी पाए गए, जिनका पाठ्यक्रम अभी पूर्ण नहीं हुआ है। इस संबंध में निर्धारित मानकों, मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। आयुष्मान योजना अंतर्गत उपचार प्राप्त कर रहे हितग्राहियों से ब्लड एवं जांचों के लिए राशि लिए जाने की स्थिति भी सामने आई। योजना के अंतर्गत निर्धारित पैकेज में शामिल सेवाओं के लिए हितग्राही से अतिरिक्त राशि वसूलना उचित नहीं है।

कारण बताओ नोटिस जारी

निरीक्षण में सामने आई गंभीर कमियों एवं अनियमितताओं के आधार पर अक्षय हॉस्पिटल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। साथ ही आयुष्मान भारत निरामय योजना के अंतर्गत अस्पताल का भुगतान रोक दिया गया है तथा नए मरीजों के आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीयन पर भी रोक लगा दी गई है।

अस्पतालों की हो रही नियमित निगरानी: सीईओ आयुष्मान शाह

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुष्मान भारत निरामयम, मध्यप्रदेश, अरविंद शाह ने बताया कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप उपचार एवं कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना अनिवार्य है। अनावश्यक आईसीयू भर्ती, निर्धारित मानकों के अनुरूप चिकित्सकीय एवं नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता न होना तथा हितग्राहियों से अनुचित राशि वसूली जैसी अनियमितताओं को गंभीरता से लिया जाएगा। शाह ने बताया कि योजना में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए अस्पतालों की नियमित निगरानी की जा रही है। निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर अस्पताल के विरुद्ध निलंबन, डी-एम्पैनलमेंट की कार्रवाई के संबंध में नियमानुसार प्रक्रिया की जा रही है। साथ ही आयुष्मान योजना के अंतर्गत अस्पताल का भुगतान रोक दिया गया है। पात्र हितग्राहियों को गुणवत्तापूर्ण उपचार सर्वोच्च प्राथमिकता है।

आरटीओ के दल ने नियम तोड़ने वाली बसों पर की कार्रवाई

यात्री बसों में इमरजेंसी गेट की जगह लगी मिली सीट, दो बसों की फिटनेस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फिटनेस नियमों का उल्लंघन कर दौड़ रही बसों के खिलाफ परिवहन विभाग ने बुधवार देर रात को भी अभियान चलाया। इस दौरान किसी बस में इमरजेंसी गेट के ऊपर सीट लगी मिली तो किसी में एक्जिट विंडो पर पास मिलीं। अफसरों ने ऐसी कुछ बसों को जब्त कर फिटनेस निरस्त कर दिए।

उल्लेखनीय है कि ग्वालियर के पास हुए बस हादसे के बाद विभाग ने जांच के आदेश जारी किए है।

आईएसबीटी पर बसों के दस्तावेजों की जांच करते अधिकारी।

आईएसबीटी पर रात 7 बजे से 11 बजे तक 18 बसों की जांच की

परिवहन विभाग ने भोपाल में बसों की सुरक्षा और नियमों के पालन को लेकर बुधवार देर रात आईएसबीटी बस स्टैंड पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई परिवहन आयुक्त के निर्देश पर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा रात 7 बजे से 11 बजे तक की गई। चेकिंग के दौरान करीब 18 बसों की जांच की गई। इसमें बस क्रमांक एमपी 04 जेडक्यू 9386 को परमिट शर्तों का उल्लंघन करते हुए पाए जाने और बस क्रमांक एमपी 04 पीए 2877 को ड्राइवर केबिन में अतिरिक्त सीटें लगी होने के कारण जब्त कर लिया गया। वहीं, दो अन्य बसों पर गंभीर खामियां मिलने के कारण उनकी फिटनेस निरस्त कर दी गई। बस क्रमांक एमपी 36 पीए 2277 में इमरजेंसी एग्जिट ब्लॉक मिला, जो यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। इसके अलावा कुछ बसों में सीट खराब होने के साथ फायर एक्सटिंग्विशर नहीं पाया गया। कार्रवाई के दौरान पांच अन्य बसों पर भी मोटर यान अधिनियम की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई करते हुए कुल 75 हजार रुपए का समन शुल्क वसूला गया। आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में भी इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे, ताकि बस संचालकों में नियमों के पालन को लेकर सख्ती बनी रहे।

अचानक लालघाटी पहुंचा अमला

आरटीओ अमले ने अचानक शाम करीब 5 बजे लालघाटी क्षेत्र पहुंचकर बसों की जांच की। इस दौरान 9 बजे तक यात्री बसों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। यह चेकिंग अभियान यात्रियों को सुरक्षा तथा फायर सेफ्टी की ऑडिट के रूप में चलाया गया। अभियान के दौरान लगभग 22 बसों को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान दो यात्री बसों को परमिट न होने के कारण जब्त किया गया। दो यात्री बसों में इमरजेंसी एग्जिट बंद होने के तथा पैनिक बटन न होने के कारण फिटनेस निरस्त की गई । 5 यात्री बसों परमिट शर्तों के उल्लंघन तथा मोटर यान अधिनियम की अन्य धाराओं के अंतर्गत जुमार्ना लगाया गया और 62000 की राशि जुर्माने के रूप में वसूल की गई।

शहर में धूप खिलते ही बढ़ा एयर पॉल्यूशन, फिर भी ग्रीन लेवल पर रहा एक्यूआई

राजधानी में सबसे खराब एक्यूआई टीटी नगर में 92 दर्ज किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में तीन दिन से बारिश बंद होने के साथ ही धूप खिल रही है। इससे दिन के तापमान में बढ़त के साथ रात का पारा गिरा है। इससे दिन में हल्की उमस और रात में राहत महसूस की जा रही है। धूप के असर से शहर भर में धूल धुएं का असर भी बढ़ा है। गुरुवार को शहर की हवा में सबसे अधिक पॉल्यूशन टीटी नगर इलाके में रहा। यहां एक्यूआई 92 पर दर्ज हुआ। वहीं पर्यावरण परिसर में 78 और कलेक्टोरेट क्षेत्र में 64 पर दर्ज हुआ है। तीन दिन में एक्यूआई में करीब 5 फीसदी का इजाफा होने के बादजूद गुरुवार तक एक्यूआई ग्रीन लेबल पर रहा, जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहतर बताया गया है।

मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नितीश चौरसिया के अनुसार धूप के असर से धूल बड़ी है, जिससे एयर क्वालिटी इंडेक्स(एक्यूआई) में बदलाव आया है। बारिश के साथ ही एक्यूआई फिर सुधरेगा, जिससे एयर क्वालिटी और बेहतर होगी।

स्थान: करोंद मंडी ब्रिज, समय: 6.05 बजे शाम।

रात के तापमान में गिरावट रही

गुरुवार को लगातार तीसरे दिन शहर में रात के तापमान में गिरावट रही। न्यूनतम पारा करीब आधा डिग्री गिरकर 22.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से दशमलव 3 डिग्री कम है। मौसम केंद्र के अनुसार अभी रात के तापमान में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। धूप का असर बढ़ने से तापमान में कुछ बढ़त हो सकती है।

चौधरी बने शहर एसडीएम, पांडे को टीटी नगर की जिम्मेदारी

भोपाल। एक हफ्ते पहले कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने अचानक से टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा को हटा दिया था, जिसके बाद शहर एसडीएम दीपक पांडे को टीटी नगर का प्रभार सौंपा गया था। गुरुवार को जारी आदेश में डिप्टी कलेक्टर लाखन चौधरी को शहर एसडीएम बनाया गया है, जबकि लंबे समय से शहर एसडीएम का काम देख रहे दीपके पांडे को टीटी नगर सर्कल का एसडीएम नियुक्त किया है। जारी आदेश के बाद पांडे अब टीटी नगर और उप जिला निर्वाचन अधिकारी का काम देखेंगे। जबकि चौधरी को कलेक्टोरेट में दी गई शाखाओं की जिम्मेदारी फिलहाल उनके ही पास रहेगी।

सिंधी कॉलोनी से आरिफ नगर तक बेरिकेडिंग

मेट्रो का काम देखने सुबह छह बजे निकले एमडी, दिन में निकलते तो पता चलती राहगीरों की तकलीफ

मेट्रो रूट के निर्माण का निरीक्षण करते मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध संचालक चैतन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बोगदा पुल से करोंद की मेट्रो ऑरेंज लाइन का काम जारी है। जिसकी वजह से पिछले छह महीने से सिंधी कॉलोनी से आरिफ नगर तरफ जाने वाले लोगों को खासी परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां से गुजरने पर डायवर्जन सड़कों पर गड्ढे और जाम से यहां से निकलने वाले वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है।

गुरुवार को मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध संचालक एस कृष्ण चैतन्य पातरा से करोंद तक का रूट देखने निकले। सुबह छह बजे निकलने से उन्हें कहीं भी जाम नहीं मिला। जबकि वाहन चालकों को दिन भर जाम से जूझना पड़ता है। हालांकि प्रबंध संचालक ने डायवर्जन सड़कों को लेकर निर्माण एजेंसी को उनकी मरम्मत करने की हिदायत दी है।

फाइल फोटो

साढ़े तीन सौ मीटर आगे बढ़ी सुरंग मशीनें

बोगदा पुल से भोपाल टॉकीज तक अंडरग्राउंड मेट्रो चलाई जाना है। जिसके लिए पहले चरण में रेलवे स्टेशन के छह नंबर प्लेटफार्म से पातरा पुल तक का काम शुरु किया गया है। यहां स्टेशन से दो मशीनों में जमीन में उतारकर साढ़े तीन सौ मीटर तक खुदाई कर दी गई है। इसका काम पूरा होने के बाद काम अंडरग्राउंड शुरु किया जाएगा।

सड़कों के किनारे के अतिक्रमण भी शेष

मेट्रो का काम करने वाली निर्माण एजेंसी ने सड़कों किनारे के मकानों को तोड़े बिना ही बेरिकेडिंग कर दी है, जिसकी वजह से वाहनों को निकलने के लिए जगह कम है। ऐसे में यहां रोजाना सुबह 10 बजे से लेकर रात 11 बजे तक जाम के हालात बने रहते हैं।

ब्रेन हैमरेज के बाद एम्स में भर्ती थे विकास, चेन्नई में हार्ट, इंदौर में लिवर, भोपाल में किडनी का अंगदान

भोपाल के विकास देंगे चार लोगों को नई जिंदगी, चेन्नई तक बना ग्रीन कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के बाग सेवनिया निवासी 53 वर्षीय विकास चौधरी अपने अंगों से चार लोगों को नई जिंदगी देंगे। छह दिन पहले उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ था। वे एम्स में भर्ती थे। ब्रेन डेड घोषित होने के बाद गुरुवार को उनके अंगों को दान करने का फैसला परिजन ने लिया। अंगों को सम्मान के साथ चेन्नई, इंदौर और भोपाल के अस्पतालों में भेजा गया।

शहर के बाग सेवनिया इलाके में रहने वाले विकास चौधरी को चार सितंबर को अचानक ब्रेन हैमरोज हो गया था। गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए एम्स में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की लगातार कोशिशों के बावजूद उनकी स्थिति में सुधार नहीं हो सका। चिकित्सकीय जांच और निर्धारित प्रक्रिया के बाद आठ सितंबर को उन्हें डॉक्टरों ने ब्रेन डेड घोषित किया। यह परिवार के लिए बेहद दुखद और कठिन समय था।

प्लेन से अंगों को ले जाते कर्मी।

विकास चौधरी के पार्थिव शरीर के साथ परिजन।

प्रियजन के गम के बीच परिजन ने लिया फैसला

अपने प्रियजन को खोने के गम के बीच भी परिजन ने ऐसा फैसला लिया, जिसने मानवता की मिसाल कायम कर दी। उनके भाई राजेश चौधरी, बहन वीणा चौधरी, भतीजे प्रतीक चौधरी, बेटे मासूम चौधरी समेत परिजनों ने अंगदान करने का फैसला लिया। विकास का हार्ट चेन्नई, लिवर इंदौर और किडनी भोपाल के एक हॉस्पिटल में ले जाया गया है। ताकि, जरूरतमंदों को नई जिंदगी दी जा सके।

एम्स से राजाभोज तक बनाया ग्रीन कॉरिडोर

हृदय को एम्स भोपाल से राजा भोज एयरपोर्ट तक पहुंचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। पुलिस ने पूरे मार्ग पर यातायात व्यवस्था संभाली, जिससे हृदय समय पर एयरपोर्ट पहुंचा और विशेष विमान से चेन्नई भेजा गया। वहीं लीवर को भोपाल से इंदौर पहुंचाने के लिए भी ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। प्रशासन और पुलिस के समन्वय से लीवर को समय पर सीएचएल अस्पताल पहुंचाया गया।

गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया सम्मानित

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर अंगदाता को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी चिकित्सकीय और प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी कर पार्थिव शरीर पूरे सम्मान और गरिमा के साथ परिजनों को सौंप दिया गया।

जैकेट एक का शेष...

गलवान हिंसा के बाद ...

सप्लाई को लेकर भी भारत अपनी निर्भरता कम करने की कोशिश कर रहा है। इस साल ब्रिक्स की कमान भारत के पास है। ब्रिक्स दुनिया की बड़ी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। इसमें भारत, रूस, चीन, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के साथ मिस्र, ईरान, इथियोपिया, यूएई और इंडोनेशिया भी शामिल हैं।

दुलर्भ खनिजों की ...

पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। दुर्लभ खनिजों की श्रेणी में कुल 17 तत्व हैं, जिनमें से सात चीन में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इनमें स्कैंडियम, सैमरियम, डिस्प्रोसियम, टेरबियम, इट्रियम, गैडोलिनियम और ल्यूटेनियम शामिल हैं। दुनिया में इन दुर्लभ खनिजों की उपलब्धता का करीब 80 फीसदी हिस्सा अकेले चीन में है। ऐसे में कई देश इनकी आपूर्ति के लिए चीन पर निर्भर हैं। यदि भारत के साथ यह समझौता होता है तो भारत को भी इन खनिजों की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी, जिससे कई क्षेत्रों में देश की राह आसान होगी। इन खनिजों का इस्तेमाल सेमीकंडक्टर उद्योग में चिप बनाने, पवन ऊर्जा टर्बाइन, उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी, बैटरियों, स्मार्टफोन और औद्योगिक धातुओं के निर्माण में किया जाता है।

अवैध और जहरीली शराब ...

सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन के अनुसार बंडा अवैध शराब प्रकरण में संलिप्त मुख्य आरोपी मनीष लोधी, चंद्रभान राजपूत और आशीष साहू द्वारा लंबे समय से शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण किया गया था। इन्हीं अवैध संपत्तियों से अवैध शराब का कारोबार भी संचालित किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा उक्त आरोपियों को बुलडोजर कार्यवाही के 24 घंटे पूर्व नोटिस चस्पा कर संबंधित अतिक्रमण को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन तय समय-सीमा में आरोपियों द्वारा कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद गुरुवार को नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब, माफिया और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

तीन टीमों ने भारी पुलिस ...

जानकारी जुटाई जा रही है। जांच में सामने आने वाली अन्य अवैध संपत्तियों पर भी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध शराब के कारोबारियों और अपराधियों के खिलाफ मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप सख्त अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

मनीष लोधी के दो ...

निर्माण का उपयोग कुरकुरे-नमकीन बनाने और गोदाम के रूप में किया जा रहा था। इसके अलावा पहाड़-चट्टान मद की सरकारी भूमि पर भी अतिक्रमण पाया गया। प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए उसके दो मकानों और गोदाम को ध्वस्त कर दिया।

चन्द्रभान सिंह का ...

बुलडोजर की मदद से इस मकान को ढहा दिया। तीसरे मुख्य आरोपी आशीष साहू, निवासी वार्ड-11 बंडा, द्वारा शासकीय जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए पक्के मकान और गेट लगे आंगन को भी प्रशासन ने जेसीबी की मदद से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

16 आरोपी गिरफ्तार ...

मनीष लोधी उर्फ यशवंत ठाकुर निवासी बंडा की भूमिका सामने आई है। पुलिस के मुताबिक, वह अंतरराज्यीय शराब तस्कर रवि लखेरा के संपर्क में था। लखेरा से शराब बनाने का तरीका और फार्मूला मिलने के बाद अवैध शराब तैयार की गई। फरार मुख्य आरोपी मनीष लोधी और रवि लखेरा पर 20-20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। बाकी 15 फरार आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का इनाम है।

जैकेट दो का शेष...

मंदिर के आसपास ...

मंदिर चर्चा में आ गया है। मध्यप्रदेश के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान से भी श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। बड़ी संख्या में युवा मंदिर पहुंचकर वीडियो और रील बना रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर मंदिर को बचाते हुए सड़क निर्माण का वैकल्पिक प्लान बनाने की मांग की है। उन्होंने भोपाल में कमलापति रोड के चौड़ीकरण का उदाहरण देते हुए कहा कि उस दौरान मस्जिद को नुकसान पहुंचाए बिना सड़क का प्लान बदला गया था। उन्होंने कहा कि विकास और धार्मिक आस्था दोनों को साथ लेकर समाधान निकाला जा सकता है।

नई जगह देने का प्रस्ताव: उज्जैन नगर निगम ने मंदिर की पुनर्स्थापना के लिए वार्ड-20 में 20.90 वर्गमीटर जमीन उपलब्ध कराने की जानकारी दी है। निगम ने 2 सितंबर को मंदिर प्रबंधन को पत्र भेजकर बताया था कि पानी की टंकी हटाकर खाली की गई जमीन मंदिर के लिए दी गई है।

संत बोले- विकास करें, बाबा को न हटाएं: महामुक्तेश्वरी धाम के पीठाधीश्वर पंडित शंकर लक्ष्मीनारायण जोशी ने भी प्रतिमा हटाने का विरोध किया है। उन्होंने प्रशासन से वैकल्पिक रास्ता निकालने की अपील की। उनका कहना है कि नीलगंगा क्षेत्र में सड़क निर्माण के दौरान धार्मिक संरचनाओं को बचाते हुए रास्ता बनाया गया था, इसलिए यहां भी ऐसा समाधान संभव है।

साध्वी ने दिया ...

धरना-प्रदर्शन की चेतावनी देते हुए सरकार को दो दिन का अल्टीमेटम दिया।

जस्टिस कोगजे ने ...

मुख्य न्यायाधीश मिल गया। इससे पहले जस्टिस विवेक रसिया कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। जस्टिस कोगजे मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के 30वें मुख्य न्यायाधीश हैं। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 31 अगस्त 2026 को उनके नाम की सिफारिश की थी। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद केंद्र सरकार ने नियुक्ति की अधिसूचना जारी की। वे शुक्रवार से हाईकोर्ट में आधिकारिक रूप से पदभार संभालेंगे। शपथ के बाद मुख्यमंत्री निवास पर उनके सम्मान में लंच का आयोजन किया गया।

33 साल पहले ...

स्थायी न्यायाधीश बने। सितंबर 2026 में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बनने तक वे गुजरात हाईकोर्ट में ही कार्यरत रहे। वे 15 जुलाई 2031 को सेवानिवृत्त होंगे। इस आधार पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में उनका कार्यकाल करीब चार वर्ष दस महीने रहेगा।

छात्र को नोटिस...

19(1)(ए) के तहत बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी और अनुच्छेद 19(1)(बी) के तहत शांतिपूर्ण ढंग से इकट्ठा होने के अधिकार के दायरे में आता है। बता दें कि 1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने 20 से 25 जुलाई के बीच सीजेपी के देशभर में हुए प्रदर्शनों में शामिल छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर रद्द कर दी थीं। जिसके बाद वह छात्र अदालत पहुंच गया था।

बच्ची को धमकाने ....

जॉयमाल्या बागची ने कहा कि लड़की की एफआईआर पर तत्काल कार्रवाई की जाए और यूपी पुलिस पीड़ित बच्ची व उसके परिवार को सुरक्षा दे। मामले की जांच पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने से कराने को भी कहा गया। दरअसल, 23 जून को जंतर-मंतर पर सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान बच्ची के पिता संजय कुमार पर हमला हुआ था। मामले में आरोपी स्वतंत्र भारद्वाज को जेल भेजा गया है। बच्ची और उसके पिता ने आरोप लगाया है कि घटना के बाद उन्हें डराया-धमकाया जा रहा है।

वकील ने वीडियो....

उन्हें मामले की जानकारी बच्ची की सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मिली थी। 24 जुलाई को वायरल पॉडकास्ट क्लिप में स्वतंत्र भारद्वाज ने कथित तौर पर संजय कुमार पर हमला करने की बात कही थी और दावा किया था कि उन्हें 60 टांके लगे। बाद में उसने इसे हमला नहीं बल्कि आत्मरक्षा बताया।

कहा- मैं उद्घाटन ...

के काम में देरी से उन्हें शर्मिंदगी महसूस होती है।

गडकरी ने बताया कि अधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक हुई है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में मुंबई एयरपोर्ट पहुंचकर सड़क मार्ग से गोवा जाएंगे और हाईवे का खुद निरीक्षण करेंगे। वे यह देखेंगे कि यात्रियों के लिए सड़क पर सफर कितना सुविधाजनक हुआ है।

मंत्री ने कहा कि निर्माण कार्य में देरी और खराब गुणवत्ता के लिए जिम्मेदार ठेकेदारों और अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि एक साल में सबसे अधिक ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और अधिकारियों को निलंबित करने का रिकॉर्ड बनाना चाहते हैं। मुंबई-गोवा हाईवे को दो लेन से चार लेन करने की परियोजना 2011 में शुरू हुई थी। इसका उद्देश्य यात्रा का समय करीब 12 घंटे से घटाकर छह घंटे करना था। हालांकि, कई हिस्सों में काम अब भी लंबित है और कुछ जगहों पर सड़क की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठे हैं।

लोकायुक्त ने पटवारी ...

लोकायुक्त के अनुसार पटवारी ने किसान दयाराम आदिवासी से बढ़ी हुई मुआवजा राशि दिलाने और परिवार में हुई मौतों के मृत्यु प्रमाण पत्र सहित जरूरी दस्तावेज तैयार कराने के एवज में 80 हजार रुपए मांगे थे। फरियादी पहले ही 30 हजार रुपए दे चुका था। शेष 47 हजार रुपये लेते समय लोकायुक्त टीम ने उसे पकड़ लिया।

परियोजना प्रभावित परिवार के लिए पहले 1 लाख 35 हजार रुपए का मुआवजा स्वीकृत हुआ था। दयाराम ने बढ़ी हुई 63 हजार रुपए की राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि पटवारी ने राशि मंजूर कराने और दस्तावेज तैयार कराने के नाम पर रिश्वत मांगी। शिकायत मिलने पर लोकायुक्त ने आरोपों की पुष्टि कर जाल बिछाया। फरियादी को रकम देने भेजा गया। जैसे ही पटवारी ने 47 हजार रुपये लिए, टीम ने उसे दबोच लिया। आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कोतवाली पन्ना में कार्रवाई की जा रही है।

दो बच्चियों की ...

ग्रामीणों ने तत्काल मलबा हटाकर परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला। मृतकों की पहचान 2 माह की नवजात शिवंशी केवट और 15 वर्षीय रचना केवट के रूप में हुई है। घायल हेमकुमारी केवट को प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में जिला अस्पताल छतरपुर रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। परिजन हीरा केवट के अनुसार, रात करीब 2 बजे परिवार के लोग सो रहे थे, तभी कच्चा मकान अचानक उनके ऊपर गिर गया। हादसे में दोनों बच्चियों की दबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक एवं राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार जिला अस्पताल पहुंचे और घायल महिला के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने डॉक्टरों को बेहतर इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया और 50 हजार रुपए की तत्काल आर्थिक सहायता देने के साथ हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

एनईपी-2020,...

कौशल विकास और पंचकोशीय समग्र विकास को विद्यालयीय व्यवहार में लागू करना है। इस दौरान कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के करियर मार्गदर्शन, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और शिक्षकों को प्रेरक व चरित्र निर्माता के रूप में विकसित करने हेतु प्रशिक्षण मॉड्यूल पर मंथन होगा। साथ ही, बोर्ड परीक्षा परिणामों के निदानात्मक परीक्षण और एआई व डिजिटल तकनीक के रचनात्मक उपयोग के लिए नीति तैयार की जाएगी।

विद्या भारती अपने 24,000 औपचारिक एवं अनौपचारिक विद्यालयों के माध्यम से शिक्षा को सर्वस्पर्शी, युगानुकूल और आत्मनिर्भरता से जोड़ने की दिशा में कार्यरत है। बैठक में महिला आयाम सहित कुल 29 विषयों की वर्तमान स्थिति, पूर्व छात्रों के योगदान और दूर-दराज के क्षेत्रों में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा पर विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 25 सितंबर 2026 को 'वंदे मातरम' के 150वें वर्ष पर आयोजित होने वाले राष्ट्रव्यापी गायन कार्यक्रम तथा वर्ष 2027 में संस्थान के अमृत महोत्सव की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।

अधिकांश हिस्सों में ...

को प्रभावित करने वाला कारक माना गया है, जिसका असर स्थानीय मौसम, लोगों की जोखिम स्थिति और स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता पर निर्भर करेगा।

गर्मी और बारिश ...

सकता है। वहीं, बारिश और पानी की उपलब्धता में बदलाव से खाद्यान्न उत्पादन प्रभावित होने तथा भारी बारिश-बाढ़ से लेप्टोस्पायरोसिस का खतरा बढ़ने की आशंका है।

क्या है अल नीनो: एल नीनो के दौरान प्रशांत महासागर के मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय हिस्से में समुद्र की सतह का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है। इसका प्रभाव केवल प्रशांत क्षेत्र तक सीमित नहीं रहता, बल्कि दुनिया के कई हिस्सों में बारिश और तापमान के पैटर्न में बदलाव आ सकता है।

सीमा पर भी....

मौसम संबंधी घटनाओं के कारण यदि लोगों का विस्थापन होता है तो सीमा पार संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ सकता है।

नाम परिवर्तन

मै, आकाश सिंह ठाकुर AKASH SINGH THAKUR पता एल.आई.जी. 12, विश्वकर्मा नगर बैरसिया रोड, करोद भोपाल मध्यप्रदेश पिन 462038 का निवासी हूँ। आधार कार्ड मे मेरा नाम लालजी सिंह LALJI SINGH अंकित है वर्तमान में मेरा नाम आकाश सिंह ठाकुर AKASH SINGH THAKUR होगा भविष्य में मुझे आकाश सिंह ठाकुर AKASH SINGH THAKUR के नाम से जाना व पहचाना जावे।

भवदीय
आकाश सिंह ठाकुर AKASH SINGH THAKUR
एल.आई.जी. 12, विश्वकर्मा नगर बैरसिया रोड, करोद भोपाल मध्यप्रदेश पिन 462038

पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

सं. डी.एन.आर./एस. एण्ड टी/टेली/2026/8 भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार) पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबसाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते हैं:-(1)कार्य का नाम एवं स्थान:दानापुर मंडल के अलग-अलग स्टेशनों के परिसर और कैरिज एंड वैगन डिपो में CCTV कैमरे लगाने की व्यवस्था संबंधी कार्य। (2)अनुमानित लागत: रुपये 21358870.89 (3)बयाना राशि: रुपये 427200.00 (4)निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय: दिनांक 30.09.2026 को 15.00 बजे तक। (5)निविदा खोलने की तिथि एवं समय: दिनांक 30.09.2026 को 15.00 बजे । (6)वेबसाइट विवरण: www.ireps.gov.in (7)कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता कार्यालय, दानापुर नोट: विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरुरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा। मंडल संकेत एवं दूर संचार अभि0 पूर्व मध्य रेल, दानापुर

पीआर/0893/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/26-27/28

रविदास गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल

रजि.नं. एस.एच.आर.- 19
दिनांक 28/12/1963
कार्यालय : पम्प हाऊस रविदास नगर, नरेला शंकरी, भोपाल

// आम सभा की सूचना //

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 27/09/2026 दिन रविवार को समय अपरान्ह 04.00 बजे से स्थान संस्था कॉलोनी परिसर स्थित पंप हाऊस नरेला शंकरी, भोपाल (म.प्र.) पर आयोजित की गई है, जिसमें आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय हैं। आम सभा का एजेण्डा साधारण डाक से समस्त सदस्यों को प्रेषित किया जा चुका हैं।

राजेश मंगवाने, अध्यक्ष
रविदास गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह पंजीयन अधिकारी जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

क्र./7455/प्रवा.-2/विवाह पंजी./2026, राजगढ़, दिनांक 21/8/2026

विज्ञप्ति

आवेदक श्री दीपेश केशवानी पिता सुरेश केशवानी निवासी फ्लेट नम्बर 302, शांति एनक्लेव, वाल्मी मार्ग, चूना भट्टी, हुजूर तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र. एवं आवेदिका निशा वर्मा पिता रामचरण वर्मा निवासी ग्राम पाडल्यमाता तहसील सारंगपुर जिला राजगढ़ म.प्र. के द्वारा हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत रजिस्टर में विवाह की प्रविष्टि के लिए विवाह पंजीयन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत कर विवाह पंजीयन का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र पर हिन्दू विवाह अधिनियम 1955 के तहत विवाह पंजीयन की कार्यवाही इस न्यायालय में प्रचलित है।

हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा-6 (3) के तहत सूचना के प्रकाशन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो पेपर प्रकाशन के दिनांक से एक माह की अवधि के अन्दर या दिनांक 21/09/2026 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर या अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर से विज्ञप्ति जारी की गयी।

अपर कलेक्टर एवं विवाह पंजीयन अधिकारी
जिला राजगढ़ म.प्र.

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

प्रगति भवन, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी. नं. 1040200038 आवेदन क्रमांक-13104
आवेदन दिनांक-03/09/2026
क्रमांक 2358/राजस्व/भोविप्रा/26 भोपाल दि.: 10/09/2026

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की साकेत नगर योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक 145/9 बी पर निर्मित प्रकोष्ठ क्रमांक जी.-1 भूतल स्थित जिसका क्षेत्रफल 61.68 वर्गमीटर आवंटी श्री एल. राजगोपालन आत्मज श्री एन. लोगनांथन के नाम पर अंकित है। आवंटी श्री एल. राजगोपालन का स्वर्गवास दिनांक: 14/08/2016 को हो जाने एवं उनकी पत्नी श्रीमती आर. विजयलक्ष्मी का स्वर्गवास दिनांक: 18/05/2023 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस पुत्र श्री आर. राहुल एवं पुत्रियां श्रीमती आर. सरन्या, तथा श्रीमती गायत्री आर. भारत द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त प्रकोष्ठ क्रमांक जी.-1 का अपने संयुक्त नामों पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त आम सूचना दो प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करावे। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्ये/दस्तावेजो के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति /दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

-: जाहिर सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमति पुन्नामा पुत्री कुंजप्पी निवासी-स्कीम नं. 78 शिव मंदिर के पास विजय नगर इंदौर म.प्र.के स्वत्व स्वामित्व आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम मंजूसकलां पटवारी हल्का किनगी तहसील सुल्तानपुर जिला रायसेन म.प्र. जिसका खसरा क्रमांक 184/2(S) रकबा 2.0240 हैक्टयर, भू-राजस्व 4.55 रूपये है जिसके पूर्व मे-सर्वे नं. 184/1 की भूमि, पश्चिम मे-कच्चा आम रास्ता, उत्तर मे-सर्वे नं. 183/1 व 182 की भूमि, दक्षिण मे-सर्वे नं. 195 की भूमि है को क्रय करने का सौदा कर मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। उक्त भूमि के विक्रय किये जाने में किसी भी व्यक्ति संस्था, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 05 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरा पक्षकार उक्त भूमि के विकय पत्र का पंजीयन अपने पक्ष में करवा लेवेगा इसके उपरान्त किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **दीपक कुमार दुबे** अधिवक्ता
दुबे लॉ चेम्बर
सांडा काम्पलेक्स गोहरगंज रोड ओबेदुल्लागंज जिला रायसेन मो. 9893396335

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति मुलताई, जिला-बैतूल म.प्र.

क्र./मंडी/निर्माण/26-27/351 मुलताई, दिनांक 03-09-2026

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

कृषि उपज मण्डी समिति मुलताई 'घ' श्रेणी'' मंडी एवं उपमंडी आमला में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत 60 मै.टन क्षमता के एवं 10 मै.टन क्षमता की अतिरिक्त प्लेट स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक क्रमशः 2026_MPSAM_534026_1 एवं 2026_MPSAM_ 534027_1 के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदायें दिनांक 09-09-2026 को 11:30 बजे से दिनांक 23-09-2026 को शाम 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल https://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट:- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

(शीला खातरकर) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, मुलताई जिला- बैतूल | (राजीव कहार) भारसाधक अधिकारी, कृषि उपज मण्डी समिति मुलताई जिला- बैतूल

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग भोपाल-01
Mobile No. 9425601545, ईमेल : mpphc.bhopal@yahoo.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/1024/पयं/भोपाल-01/तशा/2026
भोपाल, दिनांक : 10.09.2026

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-01 अंतर्गत के होमगार्ड भोपाल में जी-2 बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कार्य हेतु निविदा क्रमांक-13/2026-27 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक-2026_MPPHC_535233_1 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.09.2026 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण Portal : **https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/128001/2026 परियोजना यंत्री

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

बेचना है

बेचना है- बिलासपुर (सकरी मेन रोड से वाकिंग डिस्टेंस) इन्वेस्टर्स हेतु मकान बनाकर बेचने का अवसर सभी साइजों में डायवर्टेड आवासीय प्लॉट सीसी रोड, नाली, पानी, बिजली सुविधा सहित सम्पर्क करें- 7898855268 (RO-41750)
02/09/26 to 05/10/26

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष: मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष: स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन: मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क: आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह: व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या: पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला: मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक: आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु: आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर: वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ: आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन: परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

शब्द पहेली - 6344

1	2		3		■	■	4		5	■
6		■		■	7			■	8	9
	■	■	10			■		■	■	
11		12		■	■	13	■	14	15	
	■		■	16				■		■
■	17		■		■		■	18		■
■		■	19				■		■	20
21			■		■	■	22			
	■	■	23	■	24			■	■	
25	26	■	27			■		■	28	
■	29			■	■	30				

बाएँ से दाएँ

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

ऊपर से नीचे

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

शब्द पहेली-6343 का हल

■	रा	ह	ज	नी	■	फि	स	ल	ना	■
अ	■	क	हा	र	■	त	न	य	■	बु
ह	क	■	न	व	■	र	म	■	फ	न
म	म	ता	■	ता	क	त	■	चा	त	क
क	र	त	ब	■	म	■	त	ल	वा	र
■	■	■	ल	ह	र	दा	र	■	■	■
ला	व	ज	मा	■	बं	■	स	ह	ल	ज
ज	त	न	■	म	द	द	■	म	ग	न
वा	न	■	क	न	■	ह	म	■	न	म
ब	■	त	म	स	■	ली	ट	र	■	त
■	मे	ह	रा	ब	■	ज	र	ब	फ्त	■

सूडोकु नवताल- 6354

★★★ मध्यम

4			9		6	1		8
6	8							
	1	7	3	8		4		
3	4		6		7			9
5		1	8			2		7
2			5		1		8	4
		3		7	5	8	6	
							9	5
7		6	2		8			1

MANGAL SENACHA, BANGALORE

सूडोकु नवताल- 6353 का हल

2	9	8	3	5	6	1	7	4
4	5	3	2	1	7	9	8	6
7	1	6	4	8	9	2	5	3
8	2	5	6	9	1	3	4	7
3	6	4	7	2	5	8	1	9
1	7	9	8	3	4	5	6	2
5	4	1	9	7	2	6	3	8
6	3	2	1	4	8	7	9	5
9	8	7	5	6	3	4	2	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

खबर संक्षेप

एक्सिस बैंक ने 'एक्ट विद स्पीड' लांच किया

मुंबई। एक्सिस बैंक ने 'स्पर्श वीक 2026' की शुरुआत की घोषणा की। यह बैंक की प्रमुख ग्राहक-केंद्रित पहल है, जिसके तहत देशभर में ग्राहकों, कर्मचारियों और बैंक के नेतृत्व को एक साथ जोड़ा जाता है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों के साथ संबंधों को मजबूत करना, उनकी जरूरतों और अपेक्षाओं को बेहतर ढंग से समझना और उन पर सार्थक कार्रवाई करना है। इस वर्ष के 'स्पर्श वीक' की थीम 'एक्ट विद स्पीड' है। यह थीम ग्राहकों की बात सुनने और उनसे मिले सुझावों को तेज कार्रवाई तथा बेहतर ग्राहक अनुभव में बदलने की बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

जूनो इंश्योरेंस ने लांच किया 'फ्यूल गार्ड'

मुंबई। जूनो जनरल इंश्योरेंस ने कार मालिकों के लिए फ्यूल गार्ड नाम से नया कार इंश्योरेंस ऐड-ऑन लांच किया है। यह इंडस्ट्री में अपनी तरह का पहला ऐड-ऑन है, जिसे भारत में मंजूरी वाले ब्लेंडेड फ्यूल के बढ़ते इस्तेमाल और बदलती व्हीकल टेक्नोलॉजी को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। ब्लेंडेड फ्यूल का इस्तेमाल बढ़ने के साथ कारों की फ्यूल और इंजन टेक्नोलॉजी में भी बदलाव हो रहा है। इससे कार मालिकों को अपने वाहन को लेकर ज्यादा भरोसा और निश्चिंतता मिलेगी।

डीबीएल ने हिस्सेदारी सौदे से वैल्यू की अनलॉक

मुंबई। दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड (डीबीएल) ने कर्नाटक में निर्माणाधीन पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट विकसित करने वाली विशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीवी) मेखली पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड (एमपीटीएल) में अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए अल्फा अल्टरनेटिव्स के साथ अंतिम समझौते किए हैं। कंपनी के मुताबिक एमपीटीएल बेलगावी जिले में 400 केवी का सब-स्टेशन और करीब 470 सर्किट किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइनों का विकास कर रही है।

जिंदल सुप्रीम का आईपीओ 16 सितंबर को खुलेगा

मुंबई। जिंदल सुप्रीम (इंडिया) लिमिटेड पांच दशकों से अधिक के अनुभव वाली एक एकीकृत स्टील उत्पाद निर्माता कंपनी है, जो विभिन्न प्रकार के पाइप, ट्यूब और संबद्ध इंफ्रास्ट्रक्चर उत्पाद पेश करती है। कंपनी अपना इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) 16 सितंबर 2026 को खोलने जा रही है, जिसके माध्यम से 124.88 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य है। इस इश्यू में 10 रुपए अंकित मूल्य वाले कुल 1,34,28,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनका मूल्य बैंड 88 से 93 रुपए प्रति शेयर निर्धारित किया गया है। एंकर बिडिंग मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को होगी।

अमेजन के विक्रेताओं की संख्या 20 लाख पार

नई दिल्ली। त्योहारी मौसम से पहले अमेजन इंडिया के विक्रेता समुदाय की संख्या 20 लाख को पार कर गई है। अमेजन इंडिया की सेलिंग पार्टनर सर्विसेज की निदेशक अरुणा दरयानानी ने कहा कि कंपनी फीस में कमी, एआई आधारित टूल्स और बेहतर बुनियादी ढांचे के जरिए हर आकार के कारोबार के लिए ऑनलाइन बिक्री आसान बना रही है। कंपनी ने इस साल 12.5 करोड़ से अधिक उत्पादों पर रेफरल फीस शून्य की है। मध्य प्रदेश में 77 हजार से अधिक विक्रेता और 24 हजार से ज्यादा स्थानीय दुकानें के जरिए कारोबार कर रही हैं।

हीरो मोटर्स का आईपीओ 16 सितंबर को खुलेगा

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा विनिर्माता कंपनी हीरो मोटर्स लिमिटेड ने अपने 1000 करोड़ रुपए के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का मूल्य दायरा 79-84 रुपए प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने गुरुवार को सार्वजनिक घोषणा में कहा कि आईपीओ 16 सितंबर को खुलेगा और 18 सितंबर को बंद होगा। आईपीओ 600 करोड़ रुपए के नए शेयर और करीब 400 करोड़ रुपए की बिक्री पेशकश का मिश्रण होगा।

आज राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल, बैंकिंग कारोबार पर पड़ेगा बड़ा असर

मध्यप्रदेश में 15 लाख करोड़ और भोपाल में 2.15 लाख करोड़ के बैंकिंग कारोबार के प्रभावित होने का दावा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लंबित मांगों को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर शुक्रवार, 11 सितंबर को देशभर के बैंक कर्मचारी और अधिकारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताल के चलते मध्यप्रदेश में बैंकिंग कामकाज प्रभावित होने की संभावना है। बैंक कर्मचारी संगठनों के अनुसार प्रदेश के करीब 40 हजार से अधिक बैंककर्मी हड़ताल में शामिल होंगे, जिससे प्रदेश की लगभग 7 हजार बैंक शाखाओं पर असर पड़ेगा। यूएफबीयू के मध्यप्रदेश कोऑर्डिनेटर वीके शर्मा और संयोजक संजीव मिश्रा ने बताया कि एक दिवसीय हड़ताल के कारण शुक्रवार को बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। इसके बाद 12 सितंबर को शनिवार और 13 सितंबर को रविवार होने के कारण बैंकिंग गतिविधियों पर लगातार तीन दिनों तक असर रहेगा। संगठनों ने दावा किया है कि इस दौरान मध्यप्रदेश में करीब 15 लाख करोड़ रुपए और भोपाल में लगभग 2.15 लाख करोड़ रुपए का बैंकिंग कारोबार प्रभावित हो सकता है।

प्रदेश के लगभग 40 हजार से अधिक बैंककर्मी हड़ताल में शामिल होंगे साथ ही इससे प्रदेश की करीब 7 हजार बैंक शाखाओं पर कामकाज रुकेगा

भोपाल में रैली और धरना

हड़ताल का समर्थन करते हुए

राजधानी भोपाल में हजारों बैंक कर्मचारी और अधिकारी हड़ताल में शामिल होंगे। हड़ताल के दौरान कर्मचारी सुबह 10 बजे पंजाब नेशनल बैंक, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स शाखा, महाराणा प्रताप नगर जोन-1 के सामने एकत्र होंगे। यहां से प्रेस कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में रैली निकाली जाएगी। रैली के वापस शाखा के सामने पहुंचने के बाद सभा, धरना और प्रदर्शन किया जाएगा।

पांच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रमुख मांग

बैंक कर्मचारी संगठनों की प्रमुख मांगों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करना शामिल है। इसके अलावा अन्य लंबित मांगों के निराकरण को लेकर भी बैंक कर्मचारी संगठन लंबे समय से आंदोलन कर रहे हैं। संगठनों का कहना है कि सरकार और बैंक प्रबंधन पर मांगों के समाधान के लिए दबाव बनाने के उद्देश्य से चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। हड़ताल के कारण शाखाओं में चेक क्लीयरेंस, नकद लेनदेन, भुगतान और अन्य ऑफलाइन बैंकिंग सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। हालांकि डिजिटल बैंकिंग सेवाएं सामान्य रूप से उपलब्ध रहने से ऑनलाइन लेनदेन करने वाले ग्राहकों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

सितंबर में चार दिन की हड़ताल का कार्यक्रम

यूएफबीयू के अनुसार सितंबर में आंदोलन के तहत 11 सितंबर को एक दिवसीय हड़ताल और 28, 29 एवं 30 सितंबर को तीन दिवसीय हड़ताल प्रस्तावित है। संगठन ने 26 अक्टूबर 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल का भी आह्वान किया है। यूएफबीयू बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों के विभिन्न संगठनों का संयुक्त मंच है। इसमें ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉईज एसोसिएशन (एआईबीईए), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन (एआईबीओसी), नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ बैंक एम्प्लॉईज (एनसीबीई), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए), बैंक एम्प्लॉईज फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईएफआई), इंडियन नेशनल बैंक ऑफिसर्स कांग्रेस (आईएनबीओसी) और इंडियन नेशनल बैंक एम्प्लॉईज फेडरेशन (आईएनबीईएफ) शामिल हैं।

एआई युग में लगातार सीखना ही सफलता की कुंजी: मंगल प्रभात लोढ़ा

सीआईआई रियल एस्टेट समिट में एकीकृत शहरी नियोजन, बेहतर कनेक्टिविटी पर जोर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कौशल युवाओं के लिए अवसर, आत्मविश्वास और गरिमा की नींव है। तकनीक और रोजगार की दुनिया तेजी से बदल रही है, ऐसे में युवाओं को लगातार नई तकनीकों के अनुरूप तैयार करने के लिए अपस्किलिंग और रीस्किलिंग की संस्कृति विकसित करना समय की आवश्यकता है। यह बात महाराष्ट्र के कौशल, रोजगार, उद्यमिता एवं नवाचार मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने मुंबई में कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री वेस्टर्न रिजन द्वारा बिल्डिंग वर्कफोर्स थ्रू अपस्किलिंग एंड रिस्किलिंगः द ह्यूमन एज इन एन एआई वर्ल्ड सम्मेलन में कही। लोढ़ा ने कहा कि एक कुशल महाराष्ट्र ही विकसित महाराष्ट्र और विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा। उन्होंने युवाओं को बदलती तकनीक के अनुरूप खुद को ढालने, नवाचार करने और नेतृत्व करने के लिए तैयार करने पर जोर दिया।

एआई के साथ कदमताल के लिए अपस्किलिंग-रीस्किलिंग जरूरी

समिट में सम्मानित करते हुए

महाराष्ट्र स्टेट इनोवेशन सोसाइटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. श्रीकांत पाटिल ने अपने विशेष संबोधन में कौशल, नवाचार, तकनीक, स्टार्टअप और उद्योग के बीच बढ़ते संबंधों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि एआई आधारित दुनिया में कौशल और नवाचार को साथ-साथ आगे बढ़ाना होगा। सीआईआई महाराष्ट्र स्टेट की वाइस चेयरपर्सन एवं एक्सेंचर सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर आरती कुचिभटला ने संगठनों से ऐसा कार्य वातावरण तैयार करने का आग्रह किया।

पुनर्विकास के साथ ग्रीनफील्ड डेवलपमेंट पर भी ध्यान दें : वीर एस अडवाणी

सीआईआई रियल एस्टेट समिट में मुंबई के भविष्य के विकास को लेकर सीआईआई वेस्टर्न रीजन के चेयरमैन वीर एस. अडवाणी ने कहा कि मुंबई की विकास यात्रा को केवल पुनर्विकास या ग्रीनफील्ड डेवलपमेंट में से किसी एक विकल्प तक सीमित नहीं किया जा सकता। आवश्यकता इस बात की है कि हर निवेशित रुपए का उपयोग वहां किया जाए, जहां उससे सबसे अधिक आर्थिक और सामाजिक मूल्य पैदा हो।

शैक्षणिक और निवेश संबंधी जरूरतों को देखते हुए की मांग

एफएमसीसीआई के अध्यक्ष ने इंडिगो को सौंपा ज्ञापन भोपाल-जबलपुर की हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाई जाए

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में सीमित होती हवाई सेवाओं को लेकर फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमसीसीआई) ने इंडिगो एयरलाइन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर भोपाल और जबलपुर की हवाई कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग रखी। फेडरेशन ने प्रदेश की औद्योगिक, व्यापारिक, पर्यटन, शैक्षणिक और निवेश संबंधी जरूरतों को देखते हुए विभिन्न सुझावों के साथ इंडिगो प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा। फेडरेशन अध्यक्ष हिमांशु खरे ने कहा कि जबलपुर औद्योगिक, शैक्षणिक और पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर है। वर्तमान में जबलपुर से दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, इंदौर और कोलकाता के लिए हवाई सेवाएं उपलब्ध हैं। वहीं, पूर्व में जबलपुर अहमदाबाद, पुणे और चेन्नई से भी हवाई मार्ग से जुड़ा था। बैठक में इंडिगो की ओर से प्रीतम चक्रवर्ती ने बताया कि जबलपुर-बेंगलुरु उड़ान को बोइंग विमान सेवा में परिवर्तित करने की योजना है और इसे आगे चेन्नई तक जोड़े जाने की योजना है। इससे जबलपुर से चेन्नई की यात्रा करीब पांच घंटे में पूरी हो सकेगी।

प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौंपते हुए

हवाई रूटों का विस्तार किया जाए

बैठक में फेडरेशन ने इंडिगो प्रबंधन को सुझाव दिया कि जबलपुर के आसपास 300 से 500 किलोमीटर के दायरे में आने वाले शहरों के लिए संचालित उपयुक्त हवाई रूटों का विस्तार जबलपुर तक किया जाए। फेडरेशन के अनुसार मौजूदा रूटों के विस्तार से कम समय में जबलपुर की हवाई कनेक्टिविटी मजबूत की जा सकती है। एफएमसीसीआई अध्यक्ष हिमांशु खरे ने जबलपुर में पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट शुरू करने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि देश में विमानन क्षेत्र के विस्तार के साथ प्रशिक्षित पायलट और एविएशन प्रोफेशनल्स की मांग बढ़ रही है। बैठक में इंडिगो की ओर से प्रीतम चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा और कुंवर रावत तथा एफएमसीसीआई की ओर से अध्यक्ष हिमांशु खरे, संयुक्त अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार पोरवाल, उपाध्यक्ष जयदेव योगेश ताम्रकार, प्रबंध समिति सदस्य अरुण पवार और अशोक आनंद उपस्थित रहे।

सोयाबीन की बोबाई में कमी का असर

सोयाबीन में तेजी के आसार, मंडी में भाव 6,000 6,300 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंचने की संभावना

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कमजोर और असमान मानसून तथा सोयाबीन की बोआई में कमी के चलते वर्ष 2026-27 में देश का सोयाबीन उत्पादन करीब 8 फीसदी घटकर 96 लाख टन रह सकता है। अमेरिकी कृषि विभाग की विदेश कृषि सेवा ने अपने पिछले अनुमान की तुलना में सोयाबीन के उत्पादन, बोआई क्षेत्र और औसत उपज के अनुमान में कटौती की है।

इसके विपरीत सोयाबीन और सोया तेल के आयात का अनुमान बढ़ाया गया है। उत्पादन में संभावित कमी और त्योहारी सीजन में खाद्य तेलों की मांग बढ़ने की संभावना से

सोयाबीन के भाव में आगे तेजी के आसार हैं।

बाजार जानकार संजीव जैन के अनुसार मौजूदा मंडी भाव को देखते हुए अच्छी क्वालिटी के सोयाबीन में 300 से 500 रुपए प्रति क्विंटल तक की अतिरिक्त तेजी संभव है। ऐसी स्थिति में भाव 6,000 से 6,300 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच सकते हैं। बाजार अनुमानों के मुताबिक 2026-27 में भारत में सोयाबीन का रकबा करीब 105 लाख हेक्टेयर और औसत उपज लगभग 9.10 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रह सकती है। मध्यप्रदेश की मंडियों में भी सोयाबीन के भाव में मजबूती दिखाई दे रही है।

प्रदेश की मंडियों में सोयाबीन का औसत मॉडल भाव करीब 5,309 रुपए प्रति क्विंटल रहा है। वहीं कुछ मंडियों में भाव 5,700 से 5,900 रुपए प्रति क्विंटल के आसपास दर्ज किए गए। बैरसिया में मॉडल भाव 5,930 रुपए प्रति क्विंटल तक रहा।

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खतरनाक रसायनों की बिक्री पर सरकार सख्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर खतरनाक और प्रतिबंधित रसायनों की खुलेआम बिक्री के मामलों को लेकर सरकार ने सख्ती शुरू कर दी है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने डिजिटल ट्रेडिंग और ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर ऐसे पदार्थों की बिक्री और उपलब्धता की व्यापक जांच शुरू की है। प्राधिकरण के अनुसार, नियमों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।उपभोक्ता मामलों की सचिव और सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे के मुताबिक, जांच में कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर खतरनाक रसायनों की लिस्टिंग सामने आई है। इनमें अमोनियम नाइट्रेट की ऐसी लिस्टिंग भी शामिल है, जिनमें विस्फोट और उसके प्रभाव को दर्शाने वाली तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया था।

बीगॉस ने लांच किया सी12 मैक्सआर स्कूटर

भोपाल। डिजाइन और इंजीनियरिंग-केंद्रित इलेक्ट्रिक मोबिलिटी कंपनी बीगॉस ने नया इलेक्ट्रिक स्कूटर सी12 मैक्सआर लॉन्च किया है। कंपनी के मुताबिक, यह स्कूटर प्रदर्शन, रेंज, स्पेस, टेक्नोलॉजी और प्रीमियम डिजाइन का संतुलित संयोजन पेश करता है। सी12 मैक्सआर में 3.8 किलो वॉट हार्स की आईपी67-रेटेड एलएफपी बैटरी दी गई है, जो कंपनी के अनुसार 178 किमी की आईडीसी -प्रमाणित रेंज देती है। बैटरी को बेहतर हीट डिसिपेशन और थर्मल मैनेजमेंट के लिए डिजाइन किए गए एल्युमिनियम एनक्लोजर में रखा गया है। इसमें स्मार्ट बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम के साथ 110 सुरक्षा और प्रोटेक्शन फीचर्स दिए गए हैं। पावर के लिए सी12 मैक्सआर में बीगॉस का नया हाइपर जेन इन-व्हील हाइपर ड्राइव मोटर प्लेटफार्म दिया गया है।

बिजनेस न्यूज

आईईएस यूनिवर्सिटी की ब्रांड एंबेसडर बनी बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर

भोपाल। आईईएस यूनिवर्सिटी ने शिक्षा, युवा प्रेरणा और सामाजिक क्षेत्र में अपनी पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय ने बॉलीवुड अभिनेत्री संदीपा धर को अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। यह नियुक्ति ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2026 के दूसरे दिन की गई। ब्रांड एम्बेसडर के रूप में संदीपा धार विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, आधुनिक शिक्षा, नवाचार, कौशल विकास, खेल और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा देंगी। संदीपा धार युवाओं के बीच अपनी लोकप्रियता और अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने 'इसी लाइफ में', 'दबंग 2' और 'हीरोपंती' जैसी फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। अब वे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी सक्रिय हैं। उनकी नई वेब सीरीज 'चुंबक' 9 सितंबर को रिलीज हो रही है। विश्वविद्यालय प्रबंधन को उम्मीद है कि उनके जुड़ाव से युवाओं के बीच संस्थान की पहुंच और प्रभाव और मजबूत होगा।

गणेश चतुर्थी के पहले एयरटेल लाया एडोब एक्सप्रेस प्रीमियम

भोपाल। गणेश चतुर्थी पहले ग्राहकों को सर्वोपरि रखने की अपनी सोच के तहत एयरटेल नेटवर्क सेवाओं के साथ डिजिटल सुविधाएं भी उपलब्ध करा रहा है। इसी कड़ी में एयरटेल ग्राहक एडोब एक्सप्रेस प्रीमियम की मदद से इस गणेश चतुर्थी अपने उत्सव और शुभकामनाओं को नए और रचनात्मक अंदाज में सोशल मीडिया पर साझा कर सकते हैं। जिन ग्राहकों ने अभी तक इस सुविधा का लाभ नहीं लिया है, वे जनवरी 2027 तक एडोब एक्सप्रेस प्रीमियम का एक्सेस एक्टिवेट कर सकते हैं। प्रीमियम टेम्पलेट्स, एआई-संचालित क्रिएटिव टूल्स, इमेजेज, फॉन्ट्स और डिजाइन एसेट्स की मदद से ग्राहक इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सएप सहित अन्य प्लेटफॉर्म के लिए आकर्षक फेस्टिव कंटेंट तैयार कर सकते हैं।

ऑटिज्म प्रभावित बच्चे में सुधार का क्लिनिकल अनुभव

भोपाल। इंदौर में 7 वर्षीय ऑटिज्म प्रभावित बच्चे में करीब एक वर्ष के होम्योपैथिक उपचार और नियमित फॉलो-अप के दौरान संवाद, आई-कॉन्टैक्ट, सामाजिक व्यवहार और भावनात्मक जुड़ाव में क्रमिक सुधार दर्ज किए जाने का मामला सामने आया है। बच्चा अगस्त 2025 में एडवांस्ड होम्योपैथी हेल्थ सेंटर पहुंचा था। परिवार के अनुसार उस समय उसका मौखिक संवाद सीमित था और वह आंखों से संपर्क बनाने से बचता था। अत्यधिक सक्रियता और व्यवहार संबंधी कठिनाइयां भी थीं। चिकित्सक डॉ. एके द्विवेदी के अनुसार चार-पांच माह बाद आई-कॉन्टैक्ट में सुधार दिखा, जबकि सात-आठ माह में बच्चे ने पहली बार अपनी मां को 'मां' कहकर संबोधित किया। सितंबर 2026 के फॉलो-अप में बच्चे ने चिकित्सक को 'नमस्कार' किया और पूरे वाक्य बोलने की जानकारी दी गई। डॉ. द्विवेदी ने स्पष्ट किया कि यह व्यक्तिगत क्लिनिकल केस है। एक मामले के आधार पर उपचार की प्रभावशीलता या कारण-परिणाम का वैज्ञानिक निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। बच्चे की प्रगति का फॉलो-अप जारी है।

पश्चिम मध्य रेल
वाणिज्य विभाग

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई–बोली आमंत्रित करता है। **सभी लॉटस की कैटेगरी** : पार्सल, **सभी लॉटस की कैटलॉग नं.** : JBP-PLS-C--26SE, **सभी लॉटस की ऐसट डीटेलस**: पार्सल लीज फ्रंट एस् एलआर तीन वर्षों के लिए, **सभी लॉटस के ऑक्शन स्टार्ट** : 21.09.2026 12:00hrs, **लॉट नं.** : 11447-SLR-R1-JBP-HWH-26-1, **ऑक्शन एन्ड** : 21.09.2026 12:30hrs, **लॉट नं.** : 20162-SLR-F1-JBP-PUNE-26-1, **आक्शन एन्ड** : 21.09.2026, 12:40hrs, **लॉट नं.**: 15206-SLR-F1-JBP-LJN-26-1, **आक्शन एन्ड** : 21.09.2026, 12:50hrs, **लॉट नं.** : 12194-SLR-F1-JBP-YPR-26-1, **आक्शन एन्ड** : 21.09.2026, 13:00hrs, **लॉट नं.** : 12186-SLR-F1-REWA-RK MP-26-1, **आक्शन एन्ड** : 21.09.2026, 13:10hrs, **लॉट नं.** : 11265-SLR-F1-MML-AB KP-26-1, **आक्शन एन्ड** : 21.09.2026, 13:20hrs संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट–वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई–बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। (हस्ता.)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला हरदा

निविदा सूचना
(निर्वाचन के अनुपयोगी अभिलेखों के विनिष्टिकरण हेतु रद्दी क्रय निविदा)

जिला निर्वाचन कार्यालय हरदा में पूर्व विधानसभा एवं लोकसभा निर्वाचनों से संबंधित गोपनीय अभिलेख, अनुपयोगी निर्वाचक नामावली तथा अनुपयोगी फार्म पुस्तिकाएं इत्यादि अभिलेख कागजात को श्रेडिंग (कतरन/टुकडे) कर विक्रय किये जाने हेतु रद्दी कागज के व्यापारियों, हाथ से कागज और कागज से बनी वस्तुएं बनाने वाले कारीगरों, कागज मिलों के अधिकृत प्रतिनिधियों जो कागज (रद्दी) क्रय करने के इच्छुक निविदाकारो से ऑफलाईन पद्धति के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है।

01	Publishing Date	10-09-2026
02	Document Download/Sale Start Date	10-09-2026
03	Bid submission start date	10-09-2026
04	Bid submission closing date	24-09-2026 Time 03:00 PM
05	Bid Opening date	24-09-2026 Time 04:00 PM

निविदा प्रपत्र, शर्ते एवं विस्तृत विवरण जिला हरदा की वेबसाइट https://harda.nic.in एवं कार्यालयीन समय में जिला निर्वाचन कार्यालय कक्ष क्रमांक 15 में उपस्थित होकर देखी/प्राप्त जा सकती है।

अपर कलेक्टर
एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला-हरदा

G-18388/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

प्ररूप-ग्यारह
(नियम 9 देखिए)
मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता (भू-राजस्व की उगाही) नियम, 2020

न्यायालय तहसीलदार, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन (म.प्र.)

प्रकरण क्रमांक 0017/अ-16/2024-25

स्थावर संपत्ति के विक्रय की उद्घोषणा
(मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1995 की धारा 147 (1) (ग) के अधीन)

क्योंकि नीचे वर्णित स्थावर संपत्ति, श्री वसीम पटेल बिल्डकॉन इण्डिया प्रा.लि. पताः प्लाट 317-बी, सी-21 मॉल, होशंगाबाद रोड भोपाल, सेकण्ड फ्लोर, प्लॉट नम्बर 44, जोन-1 एम.पी. नगर भोपाल, पर भू-राजस्व (रेरा वसूली) लेखे में रुपए 2,15,33,965/- (दो करोड़, पंद्रह लाख, तेतीस हजार, नौ सौ पैंसठ) ब्याज (गणना पत्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित) तथा आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे के लेखे देय रुपए 600/- देय है, की वसूली हेतु अनावेदक की भूमि कुर्क की गई है। एतद्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के लिए नियत दिनांक से पूर्व उपरोक्त संपूर्ण राशि का भुगतान, आवेदकगण श्री योगेश शर्मा, श्री रोहित शाण्डिल्य, श्रीमती चन्द्रकांता चौबे, श्री रोहित शाण्डिल्य, श्री ममता शाण्डिल्य, श्री रितु शाण्डिल्य, श्री अरूण कुमार शर्मा, श्री योगेश शर्मा, श्री लोकेश शर्मा, श्री चंद्रकांता चौबे, श्रीमती चंद्रमुखी शर्मा को नहीं कर दिया जाता है तो निम्न संपत्ति का विक्रय, स्थान न्यायालय तहसीलदार गौहरगंज जिला रायसेन के सभाकक्ष में दिनांक 16 सितम्बर 2026 को दोपहर 1:00 बजे या उसके लगभग सार्वजनिक नीलामी द्वारा कर दिया जाएगा। विक्रय का विस्तार केवल निम्न संपत्ति में उक्त बकायादार के अधिकारों, हकों तथा हितों तक सीमित होगा।

संपत्ति के ब्यौरे

क्र.	विवरण		भूमि का बाजार मूल्य वर्ष 2026-27 के अनुसार नीलाम की न्यूनतम राशि	वसूली हेतु राशि
(1)	(2) विक्रय हेतु सम्पत्ति		(3)	(4)
1	तहसील गौहरगंज स्थित ग्राम मेन्दुआ खसरा क्रमांक 5/2, 6, 7/4, 25/2, 26 रकवा क्रमशः 0.235, 0.162, 1.385, 1.214, 1.311 कुल किता रकवा 5 4.307 हेक्टेयर भूमि पर स्थित गोल्डन पार्क के प्लाट क्रमांक	दुकान क्र 03 क्षेत्रफल 300 वर्गफिट दुकान क्र 07 क्षेत्रफल 300 वर्गफिट दुकान क्र 08 क्षेत्रफल 300 वर्गफिट दुकान क्र. 06 क्षेत्रफल 300 वर्गफिट बी-70 क्षेत्रफल 1250 वर्गफिट बी-71 क्षेत्रफल 1250 वर्गफिट एफ-2 क्षेत्रफल 700 वर्गफिट एफ -8 क्षेत्रफल 700 वर्गफिट ई-15 क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट	1,003,717/- रुपए 1,003,717/- रुपए 1,003,717/- रुपए 1,003,717/- रुपए 9,29,368/- रुपए 9,29,368/- रुपए 520,446/- रुपए 520,446/- रुपए 743,494/- रुपए	रुपए 2,15,33,965/- (दो करोड, पंद्रह लाख, तेतीस हजार, नौ सौ पैंसठ) + ब्याज (गणना पत्र के अनुसार राशि अदा करने की तिथि तक ब्याज सहित) तथा आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे के लेखे देय रुपए 600/-
2	तहसील गौहरगंज स्थित ग्राम कीरतनगर खसरा क्रमांक 37/1, 38, 42/253, 43, रकवा क्रमशः 1.214, 0.737, 5.593, 2.023 कुल 4 किता रकवा 9.567 हेक्टेयर भूमि पर स्थित गुलमोहर पार्क के प्लाट क्र	डी-17 क्षेत्रफल 2100 वर्गफिट बी-24 क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट बी-14 क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट एफ-10 क्षेत्रफल 800 वर्गफिट एफ-88 क्षेत्रफल 800 वर्गफिट ई-75 क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट ई-76 क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट बी-48 क्षेत्रफल 1800 वर्गफिट सी-30 क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट ई-115 क्षेत्रफल 1000 वर्गफिट	975,836/- रुपए 697,026/- रुपए 697,026/- रुपए 371,747/- रुपए 371,747/- रुपए 464,684/- रुपए 464,684/- रुपए 836,431/- रुपए 697,026/- रुपए 464,684/- रुपए	
3	तहसील गौहरगंज स्थित ग्राम रोजडाचक्र के खसरा क्रमांक 3/5 कुल रकवा 2.841 हेक्टेयर भूमि पर स्थित ग्रीन पार्क के प्लाट क्र	डी-14 क्षेत्रफल 2400 वर्गफिट	1,249,070/- रुपए	

तहसीलदार, तहसील गौहरगंज

G-18386/26 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

चिंतन

पायलटों पर सख्ती सुरक्षा की जरूरत

हजारों फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे विमान में बैठे यात्रियों की जिंदगी पायलट के हाथ में होती है। ऐसे में पायलट का नशे में होना या नशीले पदार्थों के असर में उड़ान भरना केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि सैकड़ों जिंदगियों को खतरे में डालने वाली गंभीर चूक है। फुकेट-दिल्ली उड़ान की घटना ने विमानन सुरक्षा के इसी कमजोर पक्ष को सामने ला दिया है। अब सभी एयरलाइनों के पायलटों की ड्रग जांच कराने का फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है कि कॉकपिट तक पहुंचने वाला हर व्यक्ति पूरी तरह फिट और नशामुक्त हो। 4 अगस्त को फुकेट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की ए320 उड़ान अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गई। विमान में 137 यात्री और आठ चालक दल के सदस्य थे। घटना में 20 यात्री और चार चालक दल के सदस्य घायल हुए तथा 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। विमान हादसा जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अचानक और थोड़े समय के लिए तीनों हाइड्रोलिक प्रणालियों में खराबी सामने आई। इसी रिपोर्ट में विमान के कप्तान की मनो-सक्रिय पदार्थों की जांच का परिणाम 'नॉन-नेगेटिव' पाए जाने का भी उल्लेख है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जांच एजेंसी ने पायलट के ड्रग सेवन को विमान की ऊंचाई में आई गिरावट का कारण नहीं बताया है। फिर भी उसने मनो-सक्रिय पदार्थ के सेवन की पुष्टि को गंभीर चिंता माना और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की सिफारिश की। इस घटना के बाद डीजीसीए ने सभी भारतीय एयरलाइनों को अपने सभी पायलटों की एक बार ड्रग जांच कराने का निर्देश दिया है। देश में करीब 14 हजार पायलट हैं और अगले वर्ष जुलाई तक यह प्रक्रिया पूरी की जानी है। एयर इंडिया समूह पहले ही अपने करीब 5 हजार पायलटों की स्वैच्छिक एकमुश्त जांच शुरू कर चुका था। यह पहल जरूरी है, लेकिन असली परीक्षा इस बात की होगी कि जांच केवल घटना के बाद उठाया गया कदम न रह जाए, बल्कि विमानन सुरक्षा व्यवस्था का स्थायी हिस्सा बने। मौजूदा नियमों के तहत हर वर्ष 10 प्रतिशत पायलटों और एयर ट्रैफिक कंट्रोलरों की यादृच्छिक जांच अनिवार्य है। सुरक्षा से जुड़े अन्य कर्मचारी भी इसके दायरे में आते हैं। अब सभी पायलटों की साल में एक बार जांच कराने की दिशा में नियमों को और सख्त करने की तैयारी है। मौजूदा व्यवस्था में कर्मचारी के मूत्र के नमूने को दो अलग कंटेनरों में सुरक्षित रखा जाता है। पहले नमूने की तत्काल जांच होती है। यदि परिणाम 'नॉन-नेगेटिव' आता है तो पायलट को तुरंत उड़ान ड्यूटी से हटा दिया जाता है। दूसरे नमूने की अधिक सक्षम प्रयोगशाला में पुष्टि जांच होती है। यह जरूरी है, क्योंकि कुछ दवाओं या तकनीकी कारणों से शुरुआती जांच में गलत सकारात्मक परिणाम आ सकता है। इसलिए किसी व्यक्ति के करियर पर अंतिम फैसला पुष्टि जांच के बाद ही होना चाहिए। पुष्टि होने पर पहली बार कर्मचारी को विशेषज्ञ चिकित्सक, परामर्शदाता या नशामुक्ति केंद्र के पुनर्वास कार्यक्रम में भेजने का प्रावधान है। दोबारा उड़ान पर लौटने के लिए नकारात्मक जांच और फिटनेस प्रमाणपत्र जरूरी है। सकारात्मक पाए जाने पर लाइसेंस तीन वर्ष के लिए निलंबित और तीसरी बार पुष्टि होने पर रद्द किया जा सकता है। कुल मिलाकर कॉकपिट में नशे की एक भी गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। ड्रग टेस्ट को कागजी खानापूर्ति नहीं, उड़ान से पहले सुरक्षा की अनिवार्य दीवार बनाना होगा। आसमान में छोटी-सी चूक की कीमत बहुत बड़ी होती है।

सम्मेलन
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

ब्रिक्स के जरिए भारत होगा लाभान्वित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और निरंतरता' है। 'मानवता प्रथम' के दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आयोजित यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब वैश्विक व्यवस्था गहरे ध्रुवीकरण, आर्थिक अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से जूझ रही है। ऐसे में 11 पूर्णकालिक सदस्यों और 10 सहयोगी देशों के इस विशाल मंच के माध्यम से भारत न केवल विकासशील राष्ट्रों (ग्लोबल साउथ) की प्राथमिकताओं को दिशा दे रहा है, बल्कि खुद को एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है।

इन दिनों पूरी दुनिया की निगाहें 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की ओर लगी हुई हैं। यह वैश्विक संगठन अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ मनाते हुए अपने विस्तारित 'ब्रिक्स प्लस' के स्वरूप में एक मंच पर एकत्रित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और निरंतरता' है। 'मानवता प्रथम' के दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आयोजित यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब वैश्विक व्यवस्था गहरे ध्रुवीकरण, आर्थिक अनिश्चितता और आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधान से जूझ रही है।

ऐसे में 11 पूर्णकालिक सदस्यों और 10 सहयोगी देशों के इस विशाल मंच के माध्यम से भारत न केवल विकासशील राष्ट्रों (ग्लोबल साउथ) की प्राथमिकताओं को दिशा दे रहा है, बल्कि खुद को एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। खास बात यह भी है कि ब्रिक्स सम्मेलन से भारत के आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर लाभान्वित होने की संभावनाएं स्पष्ट रूप से उभर कर दिखाई दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2006 में अपनी शुरुआत के बाद से ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) देशों का प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक शासन, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों-जैसे विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक मजबूत आवाज देना था। यह महत्वपूर्ण है कि विस्तार के बाद ब्रिक्स अब 11 पूर्णकालिक सदस्यों का एक अत्यधिक प्रभावशाली और शक्तिशाली आर्थिक ब्लॉक बन चुका है। इसमें पांच मूल देशों के साथ मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंडोनेशिया शामिल हो चुके हैं। इसके साथ ही 10 अन्य राष्ट्रों को सहयोगी देश का दर्जा दिया गया है। इस समय ब्रिक्स का जनसांख्यिकीय एवं आर्थिक प्रभाव अभूतपूर्व है। यह संगठन वैश्विक जनसंख्या के करीब 49.5 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आधार पर ब्रिक्स का वैश्विक जीडीपी में योगदान करीब 40 प्रतिशत हो चुका है। यदि हम 18वें शिखर सम्मेलन के प्रमुख एजेंडे को देखें तो पाते हैं कि इस शिखर सम्मेलन के लिए भारत ने जिन प्राथमिकताओं को रेखांकित किया है, वे न केवल ब्रिक्स सदस्यों बल्कि संपूर्ण विकासशील जगत के आर्थिक और सामाजिक हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व से उत्पन्न होने वाले मुद्रा जोखिमों और विनिमय दर के उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए स्थानीय मुद्राओं मसलन रुपया, रूबल, दिरहम में व्यापार को बढ़ावा देना प्रमुख एजेंडा है। भारत पहले ही यूएई के साथ स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत कर चुका है। इस व्यवस्था के विस्तार से सीमा पार भुगतानों में लगने वाली लागत घटेगी और छोटे व मध्यम उद्योगों के लिए व्यापार करना सुगम होगा। भारत का लक्ष्य ब्रिक्स देशों के बीच एक मजबूत, लचीली और पारदर्शी आपूर्ति श्रृंखला का निर्माण करना है। इसके साथ ही न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के वित्तीय दायरे को बढ़ाकर हरित ऊर्जा और बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में निवेश को आकर्षित

करना है। भारत अपने 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' (डीपीआई)-विशेष रूप से यूपीआई को ब्रिक्स देशों के बीच सीमा पार भुगतान और वित्तीय समावेशन के लिए एक साझा ढांचे के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इसके साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित, नैतिक और उत्तरदायी उपयोग के लिए नीतियां तैयार करना सम्मेलन की मुख्य प्राथमिकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन भारत के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। रूबिक्स डेटा साइंसेस की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025-26 में ब्रिक्स देशों के साथ भारत का कुल द्विपक्षीय व्यापार लगभग 416 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। भारत का कुल आयात 320 अरब डॉलर का है, यह आयात मुख्य रूप से ऊर्जा (कच्चा तेल, गैस) और विनिर्माण इनपुट (इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी) पर केंद्रित है। ब्रिक्स देशों को भारत का कुल निर्यात लगभग 96 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच चुका है। यद्यपि ब्रिक्स देशों के साथ भारत के व्यापार की मात्रा बढ़ी है, लेकिन भारत के लिए 224 अरब डॉलर का भारी-भरकम व्यापार घाटा एक प्रमुख नीतिगत चुनौती बना हुआ है। अकेले चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर के करीब है। रूस से भारी मात्रा में रियायती दर पर कच्चे तेल के आयात के कारण रूस के साथ घाटा 55 अरब डॉलर पहुंच चुका है। निश्चित रूप से ब्रिक्स देशों के साथ भारत के व्यापार घाटे की चुनौतियों के बीच इस सम्मेलन से भारत को बहुआयामी आर्थिक लाभ मिलने की संभावनाएं हैं । उद्योग मंडल एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार, 18वें ब्रिक्स सम्मेलन में होने वाले रणनीतिक आर्थिक समझौतों के बल पर ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात साल 2030 तक दोगुना होकर 200 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से भारत से निर्यात बढ़ने के साथ -साथ भारत में निवेश और पर्यटन की नई संभावनाएं आगे बढ़ेंगी। जहां इस संगठन के कई सदस्य देश अलग-अलग आर्थिक दबावों का सामना कर रहे हैं, वहीं भारत की स्थिति इस समूह में बेहद मजबूत है। भारत चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल से जून की तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। वैश्विक कंपनियाँ आपूर्ति श्रृंखला के जोखिमों को कम करने के लिए 'चीन+1' रणनीति अपना रही हैं। भारत 'मेक इन इंडिया' और 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव' (पीएलआई) योजनाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बनकर उभर रहा है। भारत की विशाल और युवा कार्यशील आबादी न केवल घरेलू उपभोग को गति दे रही है, बल्कि नवाचार, आईटी सेवाओं और स्टार्टअप इकोसिस्टम में भी ब्रिक्स देशों का नेतृत्व कर रही है। भारत अब केवल कच्चे माल का निर्यातक नहीं रहा, अपितु फार्मास्यूटिकल्स, ऑटो कंपोनेंट्स, इंजीनियरिंग गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सेवाओं के क्षेत्र में भारतीय उत्पाद ब्रिक्स प्लस के नए बाजारों में अपनी गहरी पैठ बना रहे हैं। यह भारत के लिए महज एक औपचारिक कूटनीतिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि यह भारत के वैश्विक कद को पुनर्परिभाषित करने वाला शिखर सम्मेलन सिद्ध होगा। उम्मीद करें कि 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत ब्रिक्स को ऐसे आर्थिक सुधारवादी मंच के रूप में आगे बढ़ाने में कामयाब होगा, जिसका मूल ध्यान आर्थिक विकास, गरीबी उन्मूलन, नवाचार और सतत विकास पर केंद्रित हो। उम्मीद करें कि इस सम्मेलन से ब्रिक्स देशों के साथ भारत का व्यापार बढ़ेगा, व्यापार घाटा घटेगा और भारत 21वीं सदी की बहुध्रुवीय दुनिया में एक संतुलनकारी आर्थिक शक्ति के रूप में भी आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मंथन

रोहित माहेश्वरी

छात्रों को सुरक्षित व सस्ता आवास साझा जिम्मेदारी

दक्षिण दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में बीती 6 सितंबर को हुए दर्दनाक हादसे में लड़कों के हॉस्टल पीजी के रूप में इस्तेमाल हो रही एक पांच मंजिला इमारत अचानक ढह गई। इस भीषण हादसे में अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है और कई घायल हुए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में यह कोई पहला मौका नहीं है, जब कोई ऐसा हादसा हुआ हो। हाल ही में मालवीय नगर के एक 'अवैध, संकरे कथित होटल में अग्निकांड हुआ, जिसमें 22 जिंदगियां भस्म होकर राख बन गईं। कभी राजेन्द्र नगर में बारिश का पानी भर जाता है, उसमें करंट भी प्रवाहित होने लगता है, नतीजतन आधा दर्जन युवा छात्र अचानक लाश बन जाते हैं। कभी लक्ष्मी नगर में हादसा हुआ और फिर युवा जिंदगियों पर विराम लग गया। इसी जुलाई में ही रोहिणी में इमारत गिरी, साकेत और करोल बाग में हादसे हुए। मुस्तफाबाद में 11 मौतें इससे पहले हो चुकी थीं। ये हादसे, मौतें नहीं, बल्कि हत्याएं हैं, क्योंकि बचने के बंदोबस्त 'शून्य' थे। इन तमाम इमारतों में एक तथ्य साझा है कि सभी 'अवैध थीं। न अग्निशमन विभाग का एनओसी, न नगर निगम का एनओसी, स्वीकृत मंजिलों से अधिक मंजिलों का निर्माण और कई इमारतें तो सालों पुरानी थीं, जिनका रखरखाव भी नहीं किया गया था। सत्य निकेतन वाली इमारत भी 36 साल पुरानी बताई गई है। उस पर विभाग ने सील लगा दी थी, लेकिन फिर न जाने कैसे, वह सील भी खुल गई और यह हत्याकांड हो गया। इस इमारत की तीन मंजिलें 'अवैध' थीं, क्योंकि उसे भूतल और पहली मंजिल बनाने की ही अनुमति दी गई थी, लेकिन भूतल के ऊपर भी चार मंजिलों का निर्माण कर लिया गया। सत्य निकेतन में कई निजी इमारतों को पीजी के तौर पर बदला गया है और ज्यादातर पीजी के बाहर पीजी का बोर्ड भी नहीं लगा है।

सवाल है- क्या इस इमारत को बड़ी संख्या में छात्रों के रहने वाले पीजी के तौर पर इस्तेमाल करने की अनुमति थी? क्या इमारत में रहने वालों की संख्या के हिसाब से सीढ़ियां, निकासी के रास्ते और दूसरी जरूरी सुविधाएं पर्याप्त थीं? अगर इलाके में पहले से ऐसी समस्याएं थीं, तो एमसीडी को पता क्यों नहीं चला? यह सवाल हादसे के बाद सबसे गंभीर सवालों में से एक बन गया है। समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए कई वीडियोज़ में वहां रहने वाले स्थानीय लोग दावा कर रहे हैं इस इलाके में पहले भी बिल्डिंग गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय लोगों ने दावा किया कि इस इलाके में बड़ी संख्या में रिहायशी इमारतों को पीजी में बदलने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। यानी यहां एक अहम सवाल खड़ा होता है। अगर इलाके में बड़ी संख्या में पुराने मकानों को बहुमंजिला पीजी में बदला जा रहा था और स्थानीय लोग इमारतों की हालत को लेकर सवाल उठा रहे थे, तो क्या एमसीडी ने ऐसे इलाकों की इमारतों का व्यवस्थित सुरक्षा सर्वे किया था? क्या इस इमारत को पीजी में बदलने से पहले एमसीडी को बताया गया था। और अगर निर्माण नियमों का उल्लंघन हो रहा था, तो उसे समय रहते क्यों नहीं रोका गया? कहा जाता है कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में 2.5 लाख से ज़्यादा स्टूडेंट्स हैं, लेकिन हॉस्टल में सिर्फ 9,000 बेड हैं। इसलिए ज्यादातर स्टूडेंट्स को कहीं और रहने की जगह ढूंढनी पड़ती है। और यह सिर्फ दिल्ली यूनिवर्सिटी की समस्या नहीं है। दशकों से, दिल्ली ने यूनिवर्सिटी, कॉलेज, कोचिंग इंस्टीट्यूट, हॉस्पिटल, ऑफिस और रोजगार जमा किए हैं, लेकिन उनके आस-पास कोई सस्ता किराए का घर जैसा इकोसिस्टम नहीं बनाया है। मार्केट ने स्वाभाविक रूप से इस खालीपन को भर दिया। इस तरह आम रिहायशी इलाके बड़े इनफॉर्मल स्टूडेंट शहर बन गए, मुखर्जी नगर, जीटीबी नगर, विजय नगर, कमला नगर, सत्य निकेतन, बेर सराय, कटवारिया सराय, जिया सराय, मुनिरका और लक्ष्मी नगर, वगैरह। अब सवाल यह नहीं है कि दिल्ली में छात्रों के लिए असुरक्षित आवास हैं या नहीं। हमें पता है कि हैं। सवाल यह है कि शहर इस संकट को एक-एक इमारत और एक-एक मौत के बाद ही क्यों पहचानता है, बजाय यह स्वीकार करने के कि छात्र आवास भी शहरी योजना की जिम्मेदारी है। और शायद सबसे असहज सवाल सबसे आसान हैः दिल्ली में नियम अक्सर एंबुलेंस पहुंचने के बाद ही क्यों आते हैं? जब किसी शहर की अर्थव्यवस्था में ये युवा योगदान करते हैं तो उनके लिए सुरक्षित और किफायती आवास की व्यवस्था को केवल निजी समस्या मान लेना उचित नहीं लगता। दिल्ली सरकार और स्थानीय निकायों को यह सोचना होगा कि राजधानी में आने वाले विद्यार्थियों के लिए सस्ती, सुरक्षित और नियमन के अधीन छात्र आवास व्यवस्था क्यों नहीं विकसित की जा सकती?

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

आखिर कर्म ही महान

संकलित
प्रेरणा

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

सटाका

आज की पाती

मिट्टी बचेगी, तभी खेती बचेगी

भारतीय कृषि अब एक नए युग की ओर अग्रसर है, जहां विकास का आकलन करने के लिए केवल वृद्धि ही एकमात्र मापदंड नहीं रह गया है। मिट्टी की घटती उर्वरता, भूजल की कमी, जैव विविधता का क्षय, जलवायु परिवर्तनशीलता और बढ़ती खेती लागत के कारण किसान और कृषि क्षेत्र पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। इस संदर्भ में पुनर्योजी कृषि एक आशाजनक मार्ग है। यह एक समग्र दृष्टिकोण है जो न केवल वर्तमान प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करेगा, बल्कि वास्तव में मिट्टी के स्वास्थ्य, जैव विविधता, जल प्रणालियों और पारिस्थितिकी तंत्र के कार्यों को बेहतर बनाकर कृषि उत्पादकता को बनाए रखेगा। मुख्य बात पुनर्योजी कृषि पर ध्यान केंद्रित करना और कृषि के पारिस्थितिक स्तंभों को पुनस्थापित करना है। अगर मिट्टी बचेगी, तो ही खेती बचेगी। *- कृष्णा भारद्वाज, भिवानी*

ट्रेंड

रणनीतिक साझेदारी

भारत और जर्मनी के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हमने व्यापार, निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, टैलेंट मोबिलिटी और अन्य क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के अपने संकल्प को दोहराया।
- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

भाजपा की बेचैनी

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे हैं, भाजपा की बेचैनी बढ़ती जा रही है, और इसी वजह से पीडीए समाज के लोगों पर ज्यादतियां भी बढ़ रही हैं। हापुड़ जिले के बदनौली गाँव में दलित युवक दीपक की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई।
- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

सीआईडी एडीजी

सीआईडी के एडीजी पर कोयला चोरी जैसे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। हैरानी की बात यह है कि यही एडीजी उस इंटरव्यू बोर्ड के सदस्य भी थे, जिसका संबंध जेपीएससी के उसी घोटाले से है जिसकी जांच अब सीआईडी ही कर रही है।
- **बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

ईस्ट ज़ोन को बधाई

ईशान किशन की कप्तानी में इतने सालों बाद दिलीप ट्रॉफी जीतने पर ईस्ट ज़ोन को बधाई... वे पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे... पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए बंगाल के खिलाड़ियों और टीम के बाकी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई।
-**सौरव गांगुली,** पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी

करंट अफेयर

किम की बेटी उनकी संभावित उत्तराधिकारी : द. कोरिया

दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन का कोई बेटा भी है। हालांकि, एजेंसी का मानना है कि किम की किशोर उम्र की बेटी के उनका उत्तराधिकारी बनने की प्रबल संभावना है। एनआईएस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अगर किम का कोई बेटा है भी तो वह उनका उत्तराधिकारी बनने की स्थिति में नहीं है। किम ने 2011 में अपने पिता किम जोंग इल के निधन के बाद उत्तर कोरिया की सरकार की बागडोर संभाली थी। बयान में एनआईएस ने अपने पहले के अनुमान को दोहराते हुए कहा कि किम के बाद उत्तर कोरिया की सरकार की कमान संभवतः उनकी बेटी के हाथों में होगी, जिसका नाम किम जू-ए बताया जाता है और जो लगभग 13 साल की है। एनआईएस ने कहा कि वह अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या किम की बेटी का कोई बड़ा भाई है, लेकिन मौजूदा हालात में अगर वह है भी, तो भी अपने पिता का उत्तराधिकारी नहीं बन सकता। एजेंसी ने कहा कि किम की एक और संतान भी है, लेकिन वह लड़का है या लड़की, फिलहाल इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

ऑफ बीट

बिना जरूरत न लें एंटीबायोटिक दवा

एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी थी। इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंतःशिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। कुछ अस्पतालों को इस बात पर विचार करना होगा कि क्या एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों के जोखिम के कारण कैंसर का इलाज करना या सर्जरी करना व्यवहार्य है। ऑस्ट्रेलिया विकसित दुनिया में एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे अधिक उपयोगकर्ताओं में से एक है। हमें इस बहुमूल्य संसाधन का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता है, अन्यथा हम भविष्य को खतरे में डाल देंगे जहां एक साधारण संक्रमण आपको मार सकता है क्योंकि कोई एंटीबायोटिक असर नहीं करेगी।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने सीजेपी के नेता दास और रांका को दी बड़ी नसीहत

किसी के बारे में बिना पुष्टि किए पोस्ट करना सही नहीं, इसे हटाने को तैयार हों तो जवाब दाखिल करें, उन्होंने फर्जी पोस्ट को भाटिया के नाम से जोड़ दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को भाजपा नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया की मानहानि याचिका पर सुनवाई में सीजेपी के सौरव दास और

आशुतोष रांका को नसीहत दी। कोर्ट ने कहा कि किसी के बारे में बिना पुष्टि किए पोस्ट करना सही नहीं है और दोनों को पोस्ट हटाने का सुझाव दिया। सुनवाई जस्टिस तुषार राव गेडेला कर रहे थे। भाटिया ने सीजेपी के अभिजीत दीपके, सौरव दास और आशुतोष रांका के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। मामला 5 सितंबर को एक्स पर दास और रांका की एक पोस्ट से जुड़ा है।

भाजपा नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव ने किया था मानहानि केस

यह मामला 5 सितंबर को एक्स पर पोस्ट से संबंधित था

दीपके के वकील ने नाम हटाने का किया था अनुरोध

भाटिया का आरोप है कि इस पोस्ट में एआई की मदद से तैयार एक फर्जी पोस्ट को उनके नाम से जोड़ दिया गया। इसमें कथित तौर पर भाटिया को स्वतंत्र भारद्वाज के लिए 'दिमागी नक्सली' और 'जातिवादी' जैसे शब्द कहते हुए दिखाया गया था। भारद्वाज पर सीजेपी के एक नाबालिग प्रदर्शनकारी से मारपीट करने का आरोप है। कोर्ट ने कहा कि अभिजीत के खिलाफ याचिका में कोई आरोप नहीं है। दीपके के वकील नकुल गांधी ने उनका नाम हटाने का अनुरोध किया। कोर्ट ने सौरव और आशुतोष से कहा विरोध करने के अलग-अलग तरीके हो सकते हैं। लेकिन बिना पुष्टि के इस तरह किसी पर आरोप लगाना सही नहीं है। कोर्ट ने कहा कि अगर वे खुद पोस्ट हटाने को तैयार हैं तो अपने जवाब दाखिल कर सकते हैं।

दास ने कहा पोस्ट हटा दी दूसरी का क्या?

सौरव दास की ओर से बताया गया कि संबंधित पोस्ट पहले ही हटा दी गई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि एक और पोस्ट भी की गई थी। कोर्ट ने कहा कि सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। लेकिन कई बार अपनी बात को ज्यादा स्पष्ट और जिम्मेदारी से रखना जरूरी होता है ताकि उसका सही मतलब सामने आए।

दास ने एआई जनरेटेड ग्राफिक शेयर किया

विवाद तब शुरू हुआ जब दास ने सोशल एक्स पर एक एआई-जेनरेटेड ग्राफिक शेयर किया। इसमें दावा किया गया था कि गौरव भाटिया ने भारद्वाज को 'दिमागी नक्सल' कहा है और उन पर जातिवाद का जहर रखने जैसी टिप्पणी की है। भाटिया ने इन टिप्पणियों से साफ इनकार करते हुए ग्राफिक को फर्जी बताया और दास को पोस्ट हटाने तथा बिना शर्त माफी मांगने के लिए 24 घंटे का समय दिया। दास ने बाद में पोस्ट हटा दी और अपने एक्स अकाउंट पर स्पष्ट किया कि ग्राफिक एआई से तैयार किया गया था।

खबर संक्षेप

शिवसेना पार्षद और 4 अन्य पर आरोपपत्र

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले की पुलिस ने एक सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों के साथ मारपीट करने

के आरोप में शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे और 4अन्य लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। बुधवार को कल्याण जिला और सत्र न्यायालय में आरोपपत्र दिया, जिसमें सह-आरोपी रमेश पवार, प्रमोद निकम, अक्षय करंडे और साधना करंडे भी शामिल हैं।

अभिषेक के घर से उनका पीए गिरफ्तार

कोलकाता। टीएमसी नेता अभिषेक बेनर्जी के पर्सनल सेक्रेटरी सुमित रॉय को सीआईडी ने

गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। सुप्रीम कोर्ट ने जैसे ही अग्रिम जमानत याचिका को खारिज की वैसे ही सीआईडी ने एक्शन लिया। अहम बात यह है कि सुमित रॉय अपने घर नहीं बल्कि अभिषेक बेनर्जी के घर से गिरफ्तार हुए हैं। उन पर भूमि घोटाले का आरोप है।

नांदेड में भिड़े वैन-ट्रक 6 की मौत, कई जख्मी

नादेड़। महाराष्ट्र के नांदेड़ में गुरुवार शाम को भीषण सड़क हादसा हो गया। सीताखंडी घाट के पास यात्री

वैन और ट्रक की आमने-सामने टक्कर में 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 8 अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हादसा नांदेड-भोकर मार्ग पर हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दुर्घटना शाम करीब सात बजे सीताखंडी घाट के पास हुई।

डेगाना चुनाव से पहले भाजपा दफ्तर में आग

डेगाना। भाजपा के चुनावी कार्यालय में देर रात आग का लगने का मामला सामने आया है। वार्ड 11



में भाजपा चुनावी कार्यालय में रात करीब 2:30 बजे आग लग गई। इससे कार्यालय में रखा कीमती कागज सहित अन्य चुनावी सामग्री जलकर राख हो गई। लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है।

किन्नौर में हवा में लटकी बस, 10 यात्री परेशान

किन्नौर। हिमाचल प्रदेश के जनजातीय जिला किन्नौर में वीरवार सुबह उस समय बड़ा

हादसा टल गया, जब यात्रियों से भरी एचआरटीसी बस सड़क से बाहर निकलकर डंगे पर अटक गई। बस का अगला हिस्सा सड़क से बाहर निकल चुका था। चालक ने समय रहते सूझबूझ दिखाई और बस को संभाल लिया। बस में करीब 10 यात्री सवार थे।

बच्चों के अपहरण और सेहत पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

जनहित याचिका पर केंद्र-राज्यों से मांगा जवाब व देश के लिए गंभीर मुद्दा बताया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बच्चों के गुम होने, अपहरण और उन्हें जबरन ले जाने के मामलों की जांच को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में पूरे देश में ऐसी घटनाओं की जांच के लिए एक जैसी व्यवस्था बनाने की मांग की है। इसके अलावा जांच को तय समयसीमा में पूरा करने, विशेष जांच प्रक्रिया अपनाने और मामलों की जल्द सुनवाई के लिए समर्पित अदालतें बनाने की मांग की है। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने मामले में केंद्र और राज्यों से जवाब मांगा है। इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ-साथ शिक्षा मंत्रालय, कानून एवं न्याय मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विधि आयोग को नोटिस जारी किया है।

जांच को तय समयसीमा में पूरा करने, विशेष जांच प्रक्रिया अपनाने और जल्द सुनवाई के लिए कोर्ट बनाने की मांग की है। सीजेआई की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने इस पर सुनवाई की

शिक्षा मंत्रालय, कानून मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विधि आयोग को नोटिस

याचिका में ये प्रमुख मांगें

- जांच को तय समयसीमा में पूरा करने के लिए समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जाए
- ऐसे मामलों की जांच के लिए विशेष और समर्पित जांच प्रक्रिया तैयार की जाए
- मामलों की सुनवाई तेजी से पूरी करने के लिए समर्पित अदालतों की व्यवस्था हो

पूरे देश में एक समान व्यवस्था हो: याचिकाकर्ता

याचिका अधिवक्ता और याचिकाकर्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने दाखिल की है। इसे अधिवक्ता-ऑन-रिकॉर्ड अश्वनी कुमार दुबे के जरिए सुप्रीम कोर्ट में पेश किया गया। याचिका में मांग की गई है कि बच्चों के अपहरण और उन्हें जबरन ले जाने के मामलों की जांच के लिए पूरे देश में एक समान व्यवस्था हो। इसमें खास तौर पर समयबद्ध जांच और विशेष जांच प्रक्रिया की मांग रखी गई है।

सत्य निकेतन हादसा

दिल्ली हाईकोर्ट ही करेगा सुनवाई लखनऊ अग्निकांड का भी किया जिक्र

दिल्ली के मोती बाग के पास सत्य निकेतन इलाके में 5मंजिला इमारत गिरने से 7 लोगों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने केस को दिल्ली हाईकोर्ट से अपने पास स्थानांतरित करने से इनकार कर दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि मामले में अब कार्रवाई शुरू हो चुकी है और वह मौजूदा स्थिति में बदलाव नहीं करना चाहती। हाईकोर्ट से मामले की नियमित अंतराल पर निगरानी करने को कहा है।

अधिकारी को सम्मानजनक विदाई के साथ 15 लाख रुपए भी दो

सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व भारतीय व्यापार सेवा के एक अधिकारी को जबरन समय से पहले रिटायर किए जाने के फैसले को पूरी तरह रद्द कर दिया है। कोर्ट ने इसे दुर्भावनापूर्ण करार देते हुए केंद्र को आदेश दिया कि अधिकारी को मानहानि के लिए 9 लाख रुपए और मुकदमे के खर्च के रूप में 6 लाख रुपए यानी कुल 15 लाख रुपए मुआवजे के तौर पर दिए जाएं। साथ ही अधिकारी को ससम्मान कार्यालय बुलाकर पूरे मान-सम्मान के साथ विदाई दें।

चेतावनी का निशान राष्ट्रीय हित से जुड़ा मुद्दा बताया, मिलकर सोचें

सुप्रीम कोर्ट ने डिब्बा बंद और पैक्ड खाने-पीने की चीजों पर चेतावनी लेबल लगाने के मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने साफ कहा कि वह देश के आम लोगों और खास तौर पर बच्चों की सेहत को लेकर बेहद चिंतित है। पैक्ड फूड पर चीनी, नमक और वसा की ज्यादा मात्रा को लेकर चेतावनी का निशान लगाना राष्ट्रीय हित से जुड़ा एक बेहद गंभीर मुद्दा है। पीठ ने कहा कि देश के स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर विषय पर सभी संबंधित पक्षों को राष्ट्रीय हित में मिलकर सोचना चाहिए।

पैक्ड फूड पर चेतावनी के निशान

एफएसएसएआई ने गाइड लाइन दी

'3एस एंड अवर हेल्थ सोसाइटी' नाम के चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने खाद्य सुरक्षा संस्था एसएसएसएआई से तीखे सवाल पूछे। पीठ ने पूछा कि पैक्ड फूड के पिछले हिस्से में सामग्री का ब्योरा तो लिखा ही होता है, लेकिन क्या संस्था ने कोई गाइडलाइन बनाई है?

निशानों से भ्रम न फैले

वकील ने अदालत के सामने दलील दी कि सरकार 'कुरकुरे' जैसे अत्यधिक प्रोसेस्ड स्नैक्स को अंडे और नमकीन काजू जैसे पौष्टिक खाने के बराबर दर्जा दे रही है। कोर्ट ने कहा कि भ्रम न फैले।

डीजीसीए का बड़ा आदेश

सभी एयरलाइनों के पायलट्स के लिए ड्रग परीक्षण अनिवार्य

अभियान को जुलाई 2027 तक पूरा करना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सभी एयरलाइंस के पायलटों के लिए ड्रग परीक्षण अनिवार्य कर दिया है। इस अभियान को जुलाई 2027 तक पूरा करना होगा। यह बड़ा कदम हाल ही में हुई एक गंभीर विमानन घटना के बाद उठाया गया है। नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने भी इस महीने के अंत तक नए मानदंडों को अंतिम रूप देने की बात कही है।डीजीसीए ने अगस्त में सभी एयरलाइंस को पायलटों के लिए ड्रग परीक्षण का आदेश दिया था। एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि उनके सभी पायलटों का परीक्षण जुलाई 2027 तक पूरा हो जाए। यह निर्णय एयर इंडिया की फुकेत-दिल्ली उड़ान के पायलट-इन-कमांड के ड्रग परीक्षण में पॉजिटिव पाए जाने की पृष्ठभूमि में आया है।

4 अगस्त की घटना में पायलट बर्खास्त

4 अगस्त को हुई इस घटना में विमान ने अचानक करीब 300 फीट ऊंचाई खो दी थी। इस घटना में कई यात्री घायल हुए थे, जिससे विमानन सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठे थे। विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट में पायलट द्वारा ड्रग के उपयोग को एक गंभीर चिंता बताया गया था। रिपोर्ट में डीजीसीए से उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया गया था। 4 सितंबर को पायलट की सेवाएं समाप्त कर दी थीं।

बदलाव का कारण

वर्तमान में,पायलटों के लिए ड्रग परीक्षण यादृच्छिक आधार पर किए जाते हैं। डीजीसीए के मौजूदा सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्सके तहत, सालाना 10 फीसदी पायलटों और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर सहित अन्य का साइकोएक्टिव पदार्थों के लिए यादृच्छिक परीक्षण किया जाता है।

इसी माह मसौदे को अंतिम रूप देंगे: नायडू

डीजीसीए को साइकोएक्टिव पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने उचित कार्रवाई करने की सिफारिश की थी। उसने कहा था कि साइकोएक्टिव पदार्थ के उपयोग की पुष्टि गंभीर चिंता का विषय है और डीजीसीए को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करनी चाहिए। नायडू ने दिल्ली में एक सम्मेलन के दौरान बताया कि पायलटों के साइकोएक्टिव पदार्थों के परीक्षण से संबंधित संशोधित सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स के मसौदे को इस माह अंत तक अंतिम रूप दिया जाएगा।

कर्नाटक सरकार का आदेश

यहां कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम' के केवल दो पद गाए जाएंगे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने आदेश जारी करते हुए कहा कि राजकीय कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम' के सिर्फ़ दो पद गाए जाएं। आदेश में जिक्र है कि राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और उन कार्यक्रमों में जिनका प्रतिनिधित्व केंद्र सरकार करेगी, वहां पूरा वंदे मातरम गाएंगे। यह आदेश केंद्र के उस निर्देश के बीच आया है जिसमें 'वंदे मातरम' के सभी 6 पद गाना अनिवार्य है। राज्य सरकार ने निर्देश दिया है कि अन्य आधिकारिक राज्य सरकारी

कार्यक्रमों में केवल शुरुआती 2 पद गाए जाएं। जनवरी में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राष्ट्रगीत गाने के लिए सख्त प्रोटोकॉल तय करते हुए विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए थे। नए नियमों के अनुसार, आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के सभी छह पद (छंद) बजाए या गाए जाने चाहिए।

सरकार का लक्ष्य आपदा से पहले तैयारी और शून्य हताहत पर

गृहमंत्री शाह ने की राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान बैठक की अध्यक्षता

आपदा प्रबंधन, एसडीआरएफ में 4 गुना तो एनडीआरएफ में 3 गुना वृद्धि की,11 वर्षों में ढाई लाख करोड़ रु. खर्च किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में आपदा प्रबंधन को लेकर सरकार ने पिछले करीब 12 वर्षों में अपनी नीति और काम करने के तरीके में बड़े बदलाव किए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान यानी एनआईडीएम के संस्थान निकाय की तीसरी बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य आपदा मोचन निधि में करीब चार गुना और राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष में करीब तीन गुना वृद्धि हुई है। पिछले 11 वर्षों में इस क्षेत्र में करीब ढाई लाख करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। सरकार का लक्ष्य अब राहत और बचाव तक सीमित रहने के बजाए आपदा से पहले तैयारी और शून्य हताहत पर है।

राहत और पुनर्वास से आगे अब सरकार तैयार कर रही रणनीति

शाह ने कहा कि पहले आपदा को मुख्य रूप से राहत और पुनर्वास के नजरिए से देखा जाता था। अब जोखिम कम करने, समय पर चेतावनी देने और शून्य हताहत के लक्ष्य के साथ काम किया जा रहा है। कई आपदाओं का सरकार ने शून्य हताहत के साथ सफलतापूर्वक सामना किया है। 20 वर्षों के बाद आपदा प्रबंधन अधिनियम में संशोधन किया गया है।

16वें वित्त आयोग ने 2 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया

अमित शाह ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में करीब ढाई लाख करोड़ रुपए इस क्षेत्र में खर्च किए गए हैं। इसके अलावा 16वें वित्त आयोग ने इस अवधि के लिए दो लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। शाह ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में आपदा प्रबंधन के नजरिए और काम करने के तरीके में आमूल-चूल बदलाव आया है।

एनआईडीएम की भूमिका अब होगी और महत्वपूर्ण

शाह ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाले समय में आपदाओं की संख्या बढ़ सकती है। विज्ञान के नए इस्तेमाल और नए क्षेत्रों के विस्तार से नई तरह की आपदाएं भी सामने आ सकती हैं। ऐसे में एनआईडीएम और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की भूमिका और महत्वपूर्ण होगी। दोनों संस्थानों के बीच नीति बनाने से लेकर प्रशिक्षण और उसे जमीन पर लागू करने तक जिम्मेदारियां बांटी गई हैं। एनआईडीएम को दुनिया में हो रहे शोध का अध्ययन कर उसके निष्कर्षों को भारत की स्थानीय जरूरतों के अनुसार लागू करने पर भी जोर दिया गया है।

जादवपुर यूनिवर्सिटी पर सियासी हंगामे के बीच बोले सीएम सुवेंदु

देश को तोड़ने की बात करने वालों के 'टुकड़े-टुकड़े' कर देंगे

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

जादवपुर यूनिवर्सिटी पर सियासी हंगामे के बीच बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकतों के समर्थकों का इलाज करना होगा। अगर यूनिवर्सिटी में कश्मीर मांगे आजादी के नारे लगाए गए तो गांधीजी की नहीं, नेताजी की भाषा में जवाब दूंगा। सीएम ने विधानसभा में कहा कि विश्वविद्यालय को 1,300 करोड़ का अनुदान मिलेगा, लेकिन भारत को तोड़ने की बात करने वालों के 'टुकड़े-टुकड़े' कर दिए जाएंगे।

गांधीजी की नहीं, नेताजी की भाषा में जवाब दूंगा

जो खुश नहीं, वो नौकरी छोड़ दें

टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के यूनिवर्सिटी के बीच ट्रांसफर की सुविधा देने वाले संशोधन बिल को पेश करते हुए सुवेंदु ने कहा कि प्रस्तावित कानून के जरिए तथाकथित पंडितों को नए बने संस्थानों में भेजा जाएगा, जिससे उन्हें फायदा होगा। यह बिल संस्थानों की स्वायत्तता और सरकार के प्रति जवाबदेही के बीच संतुलन बनाएगा। जो बिल के प्रावधानों से खुश नहीं हैं, वे अपनी नौकरी छोड़ सकते हैं।

जिन्होंने धर्मगुरु की तस्वीरें जलाई गिरफ्तार होंगे

बागेश्वर धाम के धीरेंद्र शास्त्री के मांस संबंधी बयान पर हुए सीएम ने कहा कि वह कोलकाता पुलिस कमिश्नर को निर्देश देंगे कि वे उन लोगों को गिरफ्तार करें, जिन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के हालिया विरोध-प्रदर्शन के दौरान धर्मगुरु की तस्वीरें जलाई थीं।

ममता को नहीं मिली जुलूस की अनुमति, जनसभा करें

बंगाल के हुगली जिले के श्रीरामपुर में पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के कार्यक्रम को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जीटी रोड पर ममता के

नेतृत्व में निकलने वाले जुलूस की जगह केवल एक निश्चित मैदान में जनसभा करने की अनुमति दी है। कोर्ट ने यातायात व्यवस्था में व्यवधान की आशंका और निर्देशों के कथित उल्लंघनों का संज्ञान लेते हुए यह कदम उठाया है। महेश जगन्नाथ देव स्नानपिड़ी मैदान में दोपहर 1-3 बजे के बीच 2,000 प्रतिभागियों के साथ जनसभा करें।

जयपुर में टला हादसा, लखनऊ में धमकी

रनवे छूते ही फिर हवा में उठी इंडिगो, 20 मिनट बाद लैंडिंग

एजेंसी ▶▶ जयपुर

यहां हवाई अड्डे पर गुरुवार दोपहर उदयपुर से आ रही इंडिगो की फ्लाइट लैंडिंग के दौरान रनवे को छूने के तुरंत बाद फिर से हवा में उड़ गई। पायलट ने लैंडिंग की प्रक्रिया को बीच में ही रोकते हुए गो-अराउंड करने का निर्णय लिया। उड़ान संख्या 6ई-7516 ने रनवे पर टचडाउन करने के बाद दोबारा ऊंचाई भर ली। पायलट ने 20 मिनट तक हवा में अतिरिक्त चक्कर लगाने के बाद दोपहर 1:02 बजे विमान की सुरक्षित लैंडिंग कराई। यह फ्लाइट दोपहर 12:50 बजे

हवाई अड्डे पर पहुंची। इसने हवाई अड्डे पर लैंडिंग के लिए दोपहर करीब 12:42 बजे अप्रोच किया था। विमान रनवे पर टचडाउन कर चुका था। लखनऊ से दम्माम जा रही इंडिगो में तब हड़कंप मच गया, जब विमान में बम होने की धमकी मिली। विमान में 133 लोग थे। सुरक्षा को देखते हुए अहमदाबाद एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।

25 हजार सुरक्षाकर्मी और 100 से अधिक एनएसजी कमांडो संभाल रहे ब्रिक्स समिट की सुरक्षा व्यवस्था

आज से 13 सितंबर तक 35 रूट और 11 होटल सुरक्षा घेरे में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन देश की राजधानी नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में 12 और 13 सितंबर को होगा। आज से विदेशी नेता आना शुरू हो गए हैं। इस दौरान दिल्ली में 11 से लेकर 13 दिसंबर तक 35 रूट और 11 होटल सुरक्षा घेरे में रहेंगे। भारत मंडपम और प्रतिनिधियों के ठहरने वाले होटलों पर मल्टी-लेयर सिक्योरिटी ग्रिड लगाया गया है। ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान दिल्ली और मेहमानों की सुरक्षा में एंटी-ड्रोन सिस्टम, एंटी-एयरक्राफ्ट गन, स्नाइपर और एंटी-सबोटाज टीमें लगाई गई हैं।

एंटी ड्रोन सिस्टम सक्रिय, इमारतों पर स्नाइपर और एंटी-एयरक्राफ्ट गन तैनात

एयरपोर्ट से होटल तक कड़ी सुरक्षा कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

दक्षिण अफ्रीका के मंत्री रोनाल्ड लमोला और ब्राजील के विदेश मंत्री मौरो विएरा का स्वागत किया

1000 से अधिक स्वाट कमांडो तैनात

डीसीपी शर्मा ने बताया कि करीब 30 वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, जिनमें डीसीपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं, सुरक्षा की निगरानी करेंगे। 1000 से ज्यादा दिल्ली पुलिस स्वाट कमांडो भी तैनात किए गए हैं। शनिवार से कई सड़कों पर ट्रैफिक प्रतिबंध, 22 रूट पर पुलिस की विशेष निगरानी शुरू कर दी गई है। विदेशी मेहमानों के एयरपोर्ट पहुंचने से लेकर उनके होटल और कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के दौरान सुरक्षा का खास ध्यान रखा जाएगा। भारत मंडपम और प्रमुख होटलों में एंट्री-एग्जिट की जांच, निगरानी, सर्विलांस और वेरिफिकेशन की व्यवस्था की गई है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीमों को भी तैयार रखा गया है।

ड्रोन उड़ाने पर रोक

सम्मेलन के दौरान सुरक्षा के लिहाज से तय इलाकों में ड्रोन या किसी भी तरह के अनधिकृत फ्लाइंग ऑब्जेक्ट को उड़ाने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस ऐसे इलाकों में आसमान से होने वाली गतिविधियों पर भी नजर रखेगी। भारत मंडपम के 5 किमी के दायरे में मल्टी-लेयर सिक्योरिटी रहेगी। वीवीआईपी काफिलों की आवाजाही के लिए 22 डायवर्जन पॉइंट और 35 से ज्यादा प्रमुख सड़कों को चिन्हित किया गया है।

ट्रैफिक व्यवस्था में 5000 कर्मी तैनात

ट्रैफिक व्यवस्था संभालने के लिए करीब 5000 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की तैयारी है। ये पुलिसकर्मी सिर्फ ट्रैफिक डायवर्जन नहीं संभालेंगे। बल्कि वीवीआईपी काफिलों की सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही भी सुनिश्चित करेंगे।

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में युद्ध के चलते संयुक्त बयान को लेकर नहीं बनी सदस्य देशों के बीच सहमति?

हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली। ब्रिक्स आयोजन में गुरुवार से लेकर शनिवार तक करीब 48 घंटे का समय ही बाकी बचा है। लेकिन ब्रिक्स सम्मेलन के अंत में सभी सदस्य देशों की आम सहमति के साथ क्या कोई साझा बयान या घोषणापत्र जारी किया जाएगा? अभी फिलहाल इसे लेकर तस्वीर पूरी तरह से साफ नहीं हुई है।

ईरान-यूएई के बीच तनाव का पड़ेगा असर

बता दें, पश्चिम-एशिया सहित खाड़ी के समूचे क्षेत्र में अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे भीषण युद्ध की वजह से ब्रिक्स सम्मेलन के अंत में कोई संयुक्त बयान जारी किए जाने की संभावना कम ही नजर आ रही है। क्योंकि इस लड़ाई में शामिल ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे दोनों देश ब्रिक्स के सदस्य हैं और दोनों इस युद्ध में एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हैं। विदेश मंत्रालय के सूत्रों की मानें तो संयुक्त बयान को लेकर बीते कुछ दिनों से पर्दे के पीछे चल रही चर्चाओं में आम सहमति बनाने की कोशिशें युद्धस्तर पर जारी हैं। जिसमें उम्मीद केवल सकारात्मक परिणाम को लेकर बनी हुई है।

संयुक्त बयान से जाएगा बड़ा संदेश

कूटनीतिक मामलों के जानकारों का कहना है कि अभी तक पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर ब्रिक्स के मंच से कोई स्पष्ट संदेश नहीं दिया गया है। ऐसे में अब अगर नई दिल्ली में होने वाले शिखर सम्मेलन के दौरान सभी समूह देशों के बीच इस मामले को लेकर कोई आम सहमति बनती है। तो उसका पूरी दुनिया में एक बड़ा संदेश जाएगा।

खबर संक्षेप

पीएम मोदी ने जर्मनी चांसलर मर्ज से की बात

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत और जर्मनी के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के अवसर पर संघीय चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत तकनीक समेत कई अहम क्षेत्रों में द्विपक्षीय चर्चा की।

चीन के कार्गो जहाज में लगी आग, 25 की मौत

बीजिंग। चीन के पूर्वी बंदरगाह शहर किंगदाओ में एक शिपयार्ड में मरम्मत के लिए लाए गए विदेशी झंडे वाले कार्गो जहाज में आग लगने से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 5 लोग लापता हैं। गुरुवार को सुबह करीब 11:15 बजे शेडोंग प्रांत के किंगदाओ में एक शिपयार्ड में आग लग गई।

नेपाल में मृतकों की संख्या बढ़कर 1,377 हुई

काठमांडू। नेपाल में अचानक आई बाढ़ के कारण जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 1,377 हो गई है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि लापता लोगों की अनुमानित संख्या 5,130 है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से 13,656 लोगों को बचाया जा चुका है।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने साझा किया भविष्य का रोडमैप

2035 तक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करेंगे 2040 तक चंद्रमा पर उतरेगा एक भारतीय

पीएम नरेंद्र मोदी

> पीएम मोदी ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका अर्थ है एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। इस भावना को अब पृथ्वी से परे भी ले जाना होगा। हम अंतरराष्ट्रीय कानून, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग पर आधारित एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और टिकाऊ अंतरिक्ष कार्य क्षेत्र का समर्थन करते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पेरिस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन को ऑनलाइन माध्यम से संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि सदियों से अंतरिक्ष ने हमारी कल्पना को प्रेरित किया है। आज यह पृथ्वी पर, जलवायु और फसलों से लेकर महासागरों और समुदायों तक जीवन को आकार दे रहा है।

उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 ने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के निकट उतरने वाला पहला देश बनाया। आदित्य-एल1 सूर्य के रहस्यों को उजागर कर रहा है। पिछले वर्ष, एक भारतीय ने अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा किया। भविष्य में, हमारा लक्ष्य 2035 तक एक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना और 2040 तक एक भारतीय को चंद्रमा पर भेजना है।

अंतरिक्ष क्षेत्र में टकराव के बजाए सहयोग, टिकाऊ विकास चुने

भारत का स्पेस प्रोग्राम मानवीय उद्देश्य के साथ जुड़ा हुआ

विश्व को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में सहयात्री बनने का न्योता

इसरो का काम विश्व के लिए उपयोगी

पीएम मोदी ने कहा कि इसरो की प्रौद्योगिकियां और साझेदारियां न केवल भारत बल्कि संपूर्ण विश्व के लिए उपयोगी हैं। इस वैश्विक विश्वास के पीछे पीढ़ियों से कार्यरत भारतीय वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीशियनों का समर्पण और अथक परिश्रम है। दिन-रात काम करते हुए, उन्होंने मिशन दर मिशन, सफलता दर सफलता इसरो की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाई है और अंतरिक्ष यात्रा करने वाले देशों में भारत को गौरवपूर्ण स्थान दिलाया है।

भारत ने 34 देशों के 430 उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे

पीएम मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वैश्विक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि इसरो ने अपनी बेहतरीन और कम लागत वाली सटीक उड़ानों के दम पर पूरी दुनिया में जबरदस्त सम्मान कमाया है। इसरो की क्षमताएं सीधे तौर पर हमारे किसानों और मछुआरों के जीवन को आसान बना रही हैं। यह मौसम की भविष्यवाणी करने, आपदा प्रबंधन और सटीक दिशा-दूरी बताने (नेविगेशन) में लगातार देश और दुनिया की सेवा कर रहा है। 34 देशों के 430 से अधिक उपग्रह भारतीय रॉकेटों के माध्यम से अंतरिक्ष में भेजे जा चुके हैं।

स्पेस डेटा का जनहित में उपयोग करें

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का दृष्टिकोण 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर आधारित है, जिसका अर्थ है एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य। इस भावना को अब पृथ्वी से परे भी ले जाना होगा। हम अंतरराष्ट्रीय कानून, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग पर आधारित एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण और टिकाऊ अंतरिक्ष कार्य क्षेत्र का समर्थन करते हैं। पीएम ने जोर देकर कहा कि वैज्ञानिक आंकड़ों और जानकारियों को पूरी ईमानदारी तथा खुलेपन के साथ सभी लोगों की भलाई के लिए साझा किया जाना चाहिए। भारत का पूरा अंतरिक्ष सफर इसी लोक-कल्याणकारी सोच को दर्शाता है और इसे पूरी दुनिया तक पहुंचाना चाहता है।

अंतरिक्ष क्षेत्र को सुरक्षित रखना सामूहिक जिम्मेदारी

पीएम मोदी ने कहा कि अंतरिक्ष की संभावनाएं असीम हैं और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। आज जैसे-जैसे अंतरिक्ष की कक्षाएं उपग्रहों से भर रही हैं, तकनीकें अधिक शक्तिशाली हो रही हैं और कई नए देश व एजेंसियां इसमें शामिल हो रही हैं, वैसे-वैसे दुनिया के सामने चुनौतियां भी बढ़ रही हैं। ऐसे समय में हमारे फैसले बिल्कुल साफ होने चाहिए। हमें टकराव के बजाए सहयोग, थोड़े समय के फायदे के बजाए टिकाऊ विकास और किसी को बाहर करने के बजाए सबको साथ लेकर चलने का रास्ता चुनना होगा। भारत का अंतरिक्ष अभियान इसी सोच और सिद्धांत पर आगे बढ़ रहा है।

भारत का निजी अंतरिक्ष क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा

पीएम मोदी ने कहा कि इसरो के साथ-साथ भारत का निजी अंतरिक्ष क्षेत्र भी तेजी से विकास कर रहा है। उद्यमशीलता की ऊर्जा इसरो की उत्कृष्टता के साथ जुड़ रही है। 1960 के दशक में थुम्बा में भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम की शुरुआत से ही फ्रांस एक विश्वसनीय भागीदार रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा सहयोग पृथ्वी अवलोकन और उन्नत प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है, जो वैज्ञानिक उत्कृष्टता को मानवीय उद्देश्य के साथ जोड़ता है। पीएम मोदी ने फ्रांस और विश्व को भारत की अंतरिक्ष यात्रा में सहयात्री बनने के लिए आमंत्रित किया।

यूएस में भी बंटेगी 'चुनावी रेवड़ी'

हर नागरिक को देंगे 5 हजार डॉलर, ट्रंप ने किया ऐलान

'ट्रंप डिविडेंड' के नाम पर करीब 4.77 लाख रुपए मिलेंगे

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान से जंग के बीच अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन (मध्यावधि चुनाव) होने जा रहे हैं। इस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी को जीत हासिल करवाने के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़ा ऐलान कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि अगर 2026 में रिपब्लिकन पार्टी सीनेट और हाउस पर अपना कब्जा बनाए रखती है, तो वे हर वयस्क अमेरिकी नागरिक को 5000 डॉलर का डिविडेंड देंगे।

यानी भारतीय करेंसी की बात करें तो करीब 4.77 लाख रुपए हर अमेरिकी व्यस्क नागरिक को दिए जाएंगे। ट्रंप ने इसे 'ट्रंप डिविडेंड' नाम दिया है। ट्रंप ने कहा कि ये रकम अमेरिका की 'आर्थिक ताकत और सफलता' की वजह से दी जाएगी। ट्रंप ने डैलस में आरएनसी मिडटर्म कन्वेंशन में एक सभा को संबोधित करते हुए ये बात कही है।

ट्रंप के प्लेन का अचानक खुला इमरजेंसी स्लाइडर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को कतर से गिफ्ट में मिले बोइंग 747-8 प्लेन से वॉशिंगटन से टेक्सास के डलास के लिए रवाना हुए।ट्रंप के विमान में सवार होने से कुछ ही देर पहले उसका एक इमरजेंसी स्लाइडर अचानक खुल गया। अधिकारियों ने विमान की जांच की, जिसके बाद ट्रंप ने इसी विमान से उड़ान भरी। बताया गया कि सैन्य कर्मियों से गलती से इमरजेंसी स्लाइड सक्रिय हो गया था। यह घटना उस समय हुई जब ट्रंप डलास में होने वाले रिपब्लिकन मिडटर्म कन्वेंशन में शामिल होने के लिए रवाना होने वाले थे। ट्रंप का विमान बुधवार शाम करीब 5:15 बजे डलास में सुरक्षित उतर गया। इमरजेंसी स्लाइड की घटना के कारण उनकी यात्रा तय समय से करीब दो घंटे देर से हुई।

चुनाव के बाद युद्ध खत्म हो जाएगा

ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध की वजह से तेल के दाम नीचे आने की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में गिरावट अमेरिकी मिड टर्म इलेक्शन के बाद ही कम होंगे। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि ईरान चाहता है कि अमेरिका में कमजोर लोगों का ग्रुप आ जाए और उन्हें (ईरान) को अकेला छोड़ दिया जाए और उन्हें अपने परमाणु हथियार रखने दिए जाएं। ट्रंप ने ये भी दावा किया है कि चुनाव के कुछ ही दिन बाद युद्ध खत्म हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि चुनाव के तुरंत बाद युद्ध खत्म हो जाएगा, क्योंकि ईरान अब ज्यादा देर तक नहीं टिक सकता।

भारत और जापान रक्षा सहयोग का अहम पड़ाव

युद्धाभ्यास वीर गार्जियन में भाग लेने पहली बार पहुंचा जापानी लड़ाकू एफ-2 विमान

भारत-जापान के सैनिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जापान एयर सेल्फ-डिफेंस फोर्स (जेएएसडीएफ) के लड़ाकू विमान की पहली भारत यात्रा का स्वागत करते हुए इसे भारत-जापान रक्षा साझेदारी के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव बताया है। जेएएसडीएफ का लड़ाकू विमान एफ-2 युद्धाभ्यास वीर गार्जियन 2026 में हिस्सा लेने के लिए भारत पहुंचा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऐसे आपसी आदान-प्रदान और संयुक्त सैन्य अभ्यास भारत और जापान के बीच तालमेल को और मजबूत करते हैं।

तीन साल पहले भारतीय विमान जापान पहुंचे थे

जापान के रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने बताया कि जापानी वायु आत्मरक्षा बल के लड़ाकू विमान की भारत की यह पहली यात्रा है। तीन साल पहले भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान पहली बार जापान गए थे। जापानी लड़ाकू विमान की भारत यात्रा से दोनों देशों के लड़ाकू विमानों के आपसी दौरे की व्यवस्था पूरी हुई है। कोइजुमी ने कहा कि पिछले महीने राजनाथ सिंह के साथ हुई बैठक में दोनों पक्षों ने माना था कि यह प्रशिक्षण भारत-जापान रक्षा सहयोग को मजबूत करने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है।

सेना की वर्दी पहनने का इरादा पक्का था

अमेजन का 46 लाख का सालाना पैकेज छोड़ बने 'आर्मी' अधिकारी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

अमेजन में क्लाउड इंजीनियर के पद पर काम कर रहे लखनऊ के 27 वर्षीय शार्दूंदु तिवारी ने 46 लाख का सालाना पैकेज और एअरबस जैसी वैश्विक एयरोस्पेस कंपनी का ऑफर छोड़कर भारतीय सेना की वर्दी को चुना है। उनके पिता राज कुमार तिवारी ने भारतीय सेना की 'आर्मी सर्विस कॉर्प्स' में 36 वर्षों तक देश की सेवा की और ऑनरेरी कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए। शार्दूंदु ने अपनी पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय से की और उसके बाद इंजीनियरिंग संस्थान

शार्दूंदु तिवारी

पीईसी चंडीगढ़ से ग्रेजुएशन पूरा किया। फिर अमेजन में नौकरी छोड़ी। ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, गया से ट्रेनिंग पूरी करने के बाद वे भारतीय सेना में बतौर अधिकारी कमिशंड हो गए हैं। अपनी नेतृत्व क्षमता और अनुशासन के दम पर अकादमी में 'सीनियर अंडर ऑफिसर' पद भी हासिल किया।

भारत पहुंचे प्रिंस रहीम आगा खान पंचम

राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी से मिले कई क्षेत्रों में साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की यात्रा पर आए इस्माइली समुदाय के 50वें इमाम प्रिंस रहीम आगा खान पंचम ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

पीएम मोदी ने एक पोस्ट में लिखा कि प्रिंस रहीम आगा खान पंचम से मिलकर खुशी हुई। उनके पिता, स्वर्गीय आगा खान चतुर्थ और विकास कार्यों में उनके अहम योगदान को याद किया। हमने

प्रिंस रहीम आगा और पीएम मोदी

हेल्थकेयर, खेती, ग्रामीण विकास, और युवाओं व महिलाओं के सशक्तिकरण के क्षेत्रों में आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क के साथ अपनी साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की।

खेल और शिक्षा पर जोर

आगा खान पंचम ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से भी मुलाकात की। उपराष्ट्रपति के साथ भारत और आगा खान डेवलपमेंट नेटवर्क के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। बातचीत में खास तौर पर खेल और शिक्षा जैसे क्षेत्रों पर जोर रहा। दोनों नेताओं ने कट्टरपंथ को खत्म करने की जरूरत पर सहमति जताई और कहा कि शांति, स्थिरता और साझा समृद्धि का रास्ता संवाद से होकर गुजरता है।

ब्रिटेन और इजराइल में बढ़ा तनाव

नेतन्याहू ने 11 यूके सांसदों पर लगाया बैन, दूतावास भी बंद

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

ब्रिटेन और इजराइल के बीच हाल के दिनों में तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया है। हाल ही में ब्रिटेन ने वेस्ट बैंक इलाके में कब्जे वाले इलाकों में मौजूद इजराइली बस्तियों के साथ व्यापार पर रोक लगाने का फैसला किया है। हालांकि, अब इजराइल ने भी ब्रिटेन के खिलाफ कई कड़े कदम उठा लिए हैं। इजराइल ने भी कड़ा जवाब देते हुए ब्रिटेन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए हैं। इजराइल ब्रिटेन के 11 सांसदों देश में आने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही मंगलवार को पूर्वी यरूशलम में मौजूद ब्रिटिश वाणिज्य दूतावास को भी बंद कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, ब्रिटेन के कुछ अन्य नागरिकों के भी इजराइल में एंट्री पर रोक लगा दी गई है। ब्रिटेन के पीएम एंडी बर्नहैम की ओर से ब्रिटेन के विदेश मंत्री एड मिलिबैंड ने भी इस पूरे मुद्दे पर बयान जारी किया है। मिलिबैंड ने कहा है कि वह इजराइल द्वारा दिए गए प्रतिक्रिया से काफी निराश हैं।

बेंजामिन नेतन्याहू

फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स की 2026 की रिपोर्ट में बड़ा खुलासा

भारत के पास 190 परमाणु क्षमता वाले हथियार, भविष्य में और बढ़ेगी संख्या

ये दावा ओपन सोर्स, सरकारी डेटा और सैटेलाइट्स के आधार पर किया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

भारत के परमाणु जखीरे में 190 हथियार होने का अनुमान है, जिनमें वर्तमान में निर्मित की जा रही नई मिसाइलों के लिए 30 अतिरिक्त परमाणु हथियार भी शामिल हैं। फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट्स (एफएएस) ने भारत के परमाणु हथियारों पर जारी नई रिपोर्ट में दावा किया है। ये दावा ओपन सोर्स, सरकारी डेटा और कमर्शियल सैटेलाइट्स से ली गई तस्वीरों के विश्लेषण के आधार पर किया गया है। वहीं, हाल ही में साल 2026 में दुनिया में परमाणु बमों की संख्या का ताजा आंकड़ा भी सामने आया है।

FAS FEDERATION OF AMERICAN SCIENTISTS

एफएएस का लोगो

9 परमाणु क्षमता वाले सिस्टम ऑपरेशनल

एफएएस न्यूक्लियर इन्फॉर्मेशन प्रोजेक्ट के डायरेक्टर हैंस क्रिस्टेंसन के लेख 'इंडियाज न्यूक्लियर वेपन्स-2026' के अनुसार, हमारा अनुमान है कि भारत ने लगभग 190 परमाणु वॉरहेड बनाए होंगे। इसमें कहा गया है कि भारत के परमाणु हथियार भंडार में 'लॉन्चर' के लिए 160 से ज्यादा वॉरहेड और नई मिसाइलों के लिए अतिरिक्त वॉरहेड शामिल हैं। एफएएस के मुताबिक भारत के पास अभी 9 परमाणु क्षमता वाले सिस्टम ऑपरेशनल हैं। इनमें 2 विमान, 6 जमीन से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइलें और 1 समुद्र से दागी जाने वाली बैलिस्टिक मिसाइल शामिल हैं। कम से कम 2 और सिस्टम लगभग तैयार हैं।

भारत 'नो-फर्स्ट-यूज' नीति पर अडिग

बता दें कि भारत ने नो-फर्स्ट-यूज यानी पहले इस्तेमाल न करने की नीति अपनाई और वह अब भी इस नीति का पालन कर रहा है। भारत सरकार ने हाल में संसद को बताया था वह भरोसेमंद न्यूनतम प्रतिरोध और परमाणु हथियारों का 'पहले इस्तेमाल न करने' की नीति बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत ने प्लूटोनियम का उत्पादन किया

रिपोर्ट के अनुसार भारत ने 140 से लेकर 225 परमाणु हथियार तक के लिए पर्याप्त सैन्य प्लूटोनियम का उत्पादन किया होगा और 190 तक तैयार कर लिए होंगे। कई और हथियार प्रणालियों के विकास के साथ, देश के (परमाणु) हथियार जखीरे में और बढ़ोतरी होने की संभावना है। हथियार के डिजाइन चाहे जैसे भी हों, इस बात की संभावना कम है कि भारत ने अपने सारे प्लूटोनियम का इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में किया हो। हो सकता है कि उसने कुछ हिस्सा रिजर्व में रखा हो। भारत के परमाणु हथियार के जखीरे का आकार उन लॉन्चर की संख्या और प्रकार पर भी निर्भर करता है जो उन्हें ले जा सकते हैं, क्योंकि इस बात की संभावना कम है कि वह इन प्रणालियों की क्षमता से कहीं ज्यादा परमाणु हथियार बनाएगा।

भारत नई प्रणाली विकसित कर रहा

बुधवार को एक आर्टिकल में बताया गया है कि भारत अपने परमाणु हथियार के जखीरे को आधुनिक बनाने का काम जारी रखे हुए है। हाल के वर्षों में कई नई हथियार प्रणाली तैनात की गई हैं और कई अन्य प्रणाली विकसित की जा रही हैं, ताकि परमाणु हथियार से लैस किए जा सकने वाले मौजूदा विमानों, सतह से मार करने वाली मिसाइल और समुद्र-आधारित प्रणाली को बेहतर बनाया जा सके, या उनकी जगह नई प्रणाली लाई जा सके।

खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान पर पटवा ने की चर्चा

औबेदुल्लागंज। विधायक सुरेंद्र पटवा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, जिला प्रभारी राजो मालवीया ने आगामी सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते हुए आपस में चर्चा की।

कांग्रेस नेता नागर ने छात्रों से किया संवाद

औबेदुल्लागंज। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर औबेदुल्लागंज में युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर ने छात्र-छात्राओं के बीच पहुंचकर संवाद किया। छात्रों से उनकी पढ़ाई, भविष्य, प्रतियोगी परीक्षाओं और शिक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा की तथा 19 सितंबर को इंदौर में होने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उनकी आवाज़ को मजबूती से उठाना हम सबकी जिम्मेदारी है। छात्रों की आवाज़, छात्रों का अधिकार यही है छात्रों की गूंज। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष राजू मेहरा साथ थे।

जन्मदिन पर सुनील जैन को दी बधाई

औबेदुल्लागंज। जैन समाज के अध्यक्ष सुनील तामोट ने जन्मदिन पर पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में शांति धारा की। देव शास्त्र गुरु की

पूजा की। इस अवसर पर उनकी पत्नी डॉ. मीना जैन ने सुनील के दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। ऐलक श्री दयासागर महाराज ने सुनील को आशीर्वाद दिया। जन्मदिन पर मुकेश जैन, तरुण इंद्रा जैन, सुनील वर्धमान, समता जैन, नीति अनुराग जैन, सीमा विजय जैन, दिनेश गुड्डन जैन, पत्रकार ऋषभ जैन, आकाश मयूरी जैन, मनोज चौरसिया, मनजीत सिंह सरदार एडवोकेट राजेश दीक्षित, नीरज चावला, आशीष दीक्षित आदि ने सुनील तामोट को बधाई दी।

नियुक्त 11 एल्डरमैन को एडीएम ने दिलाई शपथ

भोपाल। प्रदेश सरकार ने नगर निगम में 11 एल्डरमेन नियुक्त कर दिए हैं। जिसको लेकर गुरुवार को इन्हें कलेक्टोरेट में शपथ दिलाई गई। अपर कलेक्टर प्रकाश नायक ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में एल्डरमैन को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मनोनीत 12 एल्डरमैन में से 11 ने शपथ ग्रहण की। सरकार ने महेष तिवारी, सुनील द्विवेदी, प्रदीप लोधी, लीलाधर यादव, प्रमोद पोल घंटरवार, राजेश साहू, रवि गोयल, दीपक सक्सेना, विनोद चौरसिया, डीके सक्सेना, विजय सिंह को अपर कलेक्टर ने शपथ दिलाई। श्याम विजयवर्गीय भोपाल से बाहर होने से शपथ ग्रहण नहीं हो पाई।

तस्कर की जमानत याचिका खारिज

भोपाल। मप्र उच्च न्यायालय, जबलपुर की एकल पीठ ने दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन के अवैध शिकार और अवयवों की तस्करी के मामले में आरोपी लालतन कुंगा की जमानत याचिका दूसरी बार भी खारिज कर दी है।

शुभांक

कल्याण:	1235		
दिन:	579	15	113
रात:	169	69	234
तारा:			
दिन:	489	18	350
रात:	166	31	344

41 पेटी शराब बरामद, तस्करों की तलाश में जुटी पुलिस

स्कॉर्पियो से शराब की तस्करी, तेज रफ्तार होने के कारण डिवाइडर पर चढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो से 41 पेटी अवैध शराब जब्त की है। पुलिस का कहना है कि सूचना मिली थी कि अवैध शराब से लदी काले रंग की स्कॉर्पियो इलाके से गुजर रही है। पुलिस की टीम स्कॉर्पियो की तलाश में निकली।

इस दौरान हालमार्क सिटी के सामने कट पाइंट पर स्कॉर्पिया डिवाइड पर चढ़ी मिली। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी चालक फरार हो गया। स्कॉर्पियो से 40 पेटी अवैध देशी शराब और एक पेटी वोदका की बरामद हुई है।

जब्त स्कॉर्पियो और अवैध शराब की पेटियों के साथ पुलिस।

बड़ी मात्रा में भरी हुई थी गाड़ी में शराब

पुलिस के अनुसार विगत 9-10 सितंबर की दरमियानी रात गश्त कर रही पुलिस को सूचना मिली कि काले रंग की स्कॉर्पियो में बड़ी मात्रा में शराब भरी हुई है और वह बहुत तेज गति से जा रही है। पुलिस की टीम स्कॉर्पियो की तलाश में निकल गई। इस दौरान हॉलमार्क सिटी के सामने कट पाइंट पर पुलिस को स्कॉर्पियो वाहन दुर्घटनाग्रस्त नजर आया। पुलिस ने स्कॉर्पियो चेक की तो उसमें देशी शराब की 20 पेटियां मिली। हर पेटी में देसी शराब के 50 क्वार्टर रखे थे। इस प्रकार पुलिस ने कुल 1000 क्वार्टर अवैध शराब के बरामद किए।

सीट के नीचे से भी देशी शराब की 20 पेटियां बरामद

गाड़ी की बीच वाली सीट और आगे की सीट तथा सीट के नीचे से भी देशी शराब की 20 पेटियां बरामद हुईं। साथ ही एक पेटी में रखे वोदका शराब के 50 सीलबंद क्वार्टर मिले। पुलिस ने अवैध शराब और स्कॉर्पियो जब्त कर आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस स्कॉर्पियों के नंबर के आधार पर तस्कर के गिरफ्तारी के प्रयास कर रही हैं।

हबीबगंज थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार

नर्मदा अस्पताल के आगे ब्रिज के मोड़ पर पर्स झपटने वाले पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हबीबगंज पुलिस ने ऑटो सवार महिला से पर्स झपटने वाले बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस की धरपकड़ कार्रवाई में बदमाश का साथी फरार हो गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से 50 हजार रुपए कीमत का मोबाइल जब्त किया है। वारदात में शामिल उसके फरार साथी की तलाश की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 25 अगस्त की रात करीब 9 बजे नर्मदा अस्पताल के आगे ब्रिज के नीचे मोड़ पर महिला जयश्री अपने बच्चों के साथ ऑटो से रेलवे स्टेशन जा रही थीं। इसी दौरान सफेद स्कूटर पर सवार दो युवकों ने ऑटो के पास पहुंचकर उनकी गोद में रखा पर्स झपट लिया और फरार हो गए। पर्स में मोबाइल, करीब 5 हजार रुपए नगद, सोने की बालियां, मंगलसूत्र और जरूरी दस्तावेज रखे थे।

आरकेएमपी के पास ऑटो से जा रही थी महिला

महिला की शिकायत पर हबीबगंज थाने में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के रास्तों पर लगे करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। इसी दौरान सूचना मिली कि संदिग्ध आरोपी गांधी नगर क्षेत्र में घूम रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर अल्तमश कुरैशी (18) निवासी ऐशबाग, मोती नगर को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने साथी अयान उर्फ तौसीफ के साथ मिलकर वारदात करना स्वीकार किया। पूछताछ में पता चला कि पर्स से मिले मोबाइल और डेढ़ हजार रुपए अल्तमश ने अपने पास रखे थे, जबकि सोने की बालियां, मंगलसूत्र और डेढ़ हजार रुपए रुपए अयान ने रख लिए थे। पुलिस फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

सिम का इस्तेमाल कर साइबर ठगी, पासबुक में एंट्री कराने पर मालूम चली वारदात

पुलिस इंस्पेक्टर के गुम हुए मोबाइल से 16 बार में 1.03 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय की विशेष शाखा में पदस्थ इंस्पेक्टर के गुम मोबाइल से 1.03 लाख रुपए का ट्रांजेक्शन होने का मामला सामने आया है। साइबर ठग ने गुम मोबाइल में मिली सिम का इस्तेमाल कर उनके खाते से 16 बार ट्रांजेक्शन किए। रकम अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए दूसरे खाते में भेजी गई। इंस्पेक्टर को ठगी का पता तब चला, जब उन्होंने बैंक पहुंचकर अपनी नई पासबुक में लेन-देन की एंट्री कराई। इसके बाद साइबर हेल्प लाइन पर शिकायत की थी।

पुलिस के अनुसार रामकरण पर्ते (52) पुलिस मुख्यालय की विशेष शाखा में इंस्पेक्टर हैं। वह जहांगीराबाद स्थित राजपत्रित अधिकारी परिसर में रहते हैं। 29 अगस्त की रात करीब 10 बजे इंडियन कॉफी हाउस के पास उनका मोबाइल गुम हो गया था। उन्होंने काफी तलाश की, लेकिन मोबाइल नहीं मिला। इसके बाद 31 अगस्त को जहांगीराबाद थाने में मोबाइल गुम होने की सूचना दर्ज कराई। 5 सितंबर को इंस्पेक्टर एसबीआई की लाल परेड ग्राउंड शाखा पहुंचे और नई पासबुक में खाते के लेन-देन की एंट्री कराई। इसमें खाते से 16 ट्रांजेक्शन किए जाने का पता चला। कुल करीब 1.03 लाख रुपये किसी अन्य खाते में ट्रांसफर किए गए थे। आशंका है कि मोबाइल और उसमें लगी सिम का इस्तेमाल कर इन ट्रांजेक्शन को अंजाम दिया गया। इंस्पेक्टर ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। स्टेट साइबर थाने में जीरो पर दर्ज एफआईआर ऑनलाइन जहांगीराबाद थाने पहुंची।

इंडियन कॉफी हाउस के पास गुमा था मोबाइल

जहांगीराबाद थाने में मोबाइल गुम होने की अधिकारी ने सूचना दर्ज कराई थी

यूपीआई से अचानक निकले 3.88 लाख रुपए

हबीबगंज पुलिस ने बताया कि सुमित कुमार खाब्या निवासी ई-2/99 अरेरा कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 8 सितंबर को दोपहर करीब 3.13 बजे उनके गूगल-पे यूपीआई से अचानक रुपए निकलने शुरू हो गए। कुछ ही समय में आठ ट्रांजेक्शन हो गए। इनमें सात बार आईसीआईसीआई बैंक खाते में कुल 3 लाख 39 हजार 314 रुपए और एक बार एचडीएफसी बैंक खाते में 49 हजार रुपए ट्रांसफर किए गए। ट्रांजेक्शन की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसी दौरान एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक की ओर से यूपीआई निष्क्रिय करने के संबंध में कॉल आया। वहीं एसबीआई खाते से भी यूपीआई के जरिए अवैध लेन-देन की कोशिश की जानकारी सामने आई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बार-बार ओटीपी आए फिर बैंक खातों से निकले 89 हजार

हबीबगंज क्षेत्र में साइबर ठगी का एक अन्य मामला मामला सामने आया है। श्याम नगर निवासी मनोज वर्मा के मोबाइल पर चार दिन से लगातार ओटीपी के मैसेज आ रहे थे। उन्होंने 7 सितंबर को साइबर हेल्पलाइन 1930 पर इसकी शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन ओटीपी आने का सिलसिला नहीं रुका। अगले ही दिन उनके बैंक ऑफ बड़ौदा और आईडीएफसी बैंक खातों से यूपीआई के जरिए कुल 89 हजार 818 रुपए निकाल लिए गए। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसी प्रकार कोलार क्षेत्र में जल शक्ति मंत्रालय के केंद्रीय भूजल बोर्ड में एडीसी साइबर ठगी का शिकार हो गए। अज्ञात व्यक्ति ने उनके मित्र के मोबाइल पर लिंक भेजा था। मित्र के कहने पर कर्मचारी ने अपने मोबाइल में लिंक खोला, जिसके कुछ देर बाद एसबीआई खाते से दो यूपीआई ट्रांजेक्शन में 90 हजार और 9 हजार रुपए कट गए। कुल 99 हजार रुपए की ठगी हुई। पीड़ित ने साइबर पुलिस में शिकायत की। कजलीखेड़ा पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

फाइनेंशियल एडवाइजर के खाते से 14 बार में एक लाख निकाले

कोलार रोड में एलआईसी के फाइनेंशियल एडवाइजर से साइबर ठगी का मामला सामने आया है। 2-3 सितंबर की दरमियानी रात बैंक सर्वर के नाम से फोन आने के कुछ ही देर बाद उनके बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 14 बार में कुल 99,977 रुपए निकाल लिए गए। कॉल करने वाले ने मल्टीपल ट्रांजेक्शन के बारे में पूछा था। इसके बाद मोबाइल पर आए मैसेज देखने पर संतोष कुमार सेन को ठगी का पता चला। उन्होंने तत्काल बैंक के टोल फ्री नंबर पर सूचना दी और 3 सितंबर को साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। कोलार रोड पुलिस एफआईआर के आधार पर जांच शुरू कर दी है। जालसाज की तलाश जारी है।

घर पर मिला टूटा हुआ मोबाइल चल रहा था तीन साल से प्रेम प्रसंग

प्रेमिका से विवाद के बाद प्रेमी ने तालाब में कूदकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तलैया पुलिस ने छोटे तालाब से एक युवक का शव बरामद किया है। युवक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक पूछताछ में पता चला कि उसका प्रेमिका से मोबाइल पर विवाद हुआ था। इसके बाद वह घर से नाराज होकर निकल गया। घर से उसका टूटा हुआ मोबाइल भी बरामद हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार विकास रघुवंशी पिता नारायण रघुवंशी (20) सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहता था और मां के साथ औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा में काम करता था। उसका एक अन्य भाई है। पिता ट्रक ड्राइवर है और वह अक्सर बाहर रहते हैं। मंगलवार सुबह मां काम पर जा रही थी। मां ने विकास से कहा कि काम पर चलो। इस पर उसने मना कर दिया।

तलैया पुलिस ने किया शव बरामद

कुछ देर बाद मां और भाई काम पर चले गए। शाम करीब चार बजे मां घर लौटी तो विकास नहीं मिला। उसका टूटा हुआ मोबाइल घर पर पड़ा था। रिश्तेदारी और दोस्तों से पूछताछ करने के बाद भी विकास का पता नहीं चला तो अगले ही दिन बुधवार को परिजन ने अशोका गार्डन थाने पहुंचकर विकास की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे विकास का शव छोटे तालाब से बरामद किया। शाम को विकास के भाई ने इंस्टाग्राम पर फोटो देख कर पहचान की।

नर्मदापुरम रोड पर फिसली बेकाबू बाइक, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नर्मदापुरम रोड पर बागसेवनिया थाने के सामने दो दिन पूर्व बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक से गिरने के कारण चालक को सिर में गंभीर चोट आई थी। उसे इलाज के लिए एम्स पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार पार्थ घोष (40) अमराई बागसेवनिया में रहता था और प्राइवेट काम करता था। गत 6 सितंबर की रात करीब साढ़े 12 बजे वह 11 मील से अमराई लौट रहा था। पुलिस थाने के सामने पहुंचते ही उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। बाइक से गिरने के कारण उसका सिर डिवाइडर से टकराया था। उसे सिर में गंभीर चोट थी। एंबुलेंस की मदद से पार्थ को एम्स ले गया गया। वहां इलाज के दौरान मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे उसकी मौत हो गई। पुलिस घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कर रही है।

कजलीखेड़ा खदान में मिला हलवाई का शव

कजलीखेड़ा खदान में गुरुवार सुबह हलवाई का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। उसकी पत्नी फिरोजाबाद मायके गई हुई है। उसके लौटने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार रवि कुमार उर्फ भूरा (31) कजलीखेड़ा खदान के पास रहता था और हलवाई का काम करता था। सोमवार को वह पत्नी के साथ फिरोजाबाद जाने के लिए निकला था, लेकिन रास्ते से ही लौट आया। वह शराब पीने का आदी था। शराब पीने के बाद गिरकर उसे सिर में चोट भी लगी थी। मंगलवार को उसे घर के आसपास रहने वाले रिश्तेदारों ने देखा था। इसके बाद गुरुवार सुबह उसका शव कजलीखेड़ा खदान में मिला।

माटी के गणेश बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मप्र जन अभियान परिषद विकासखंड औबेदुल्लागंज में सेक्टर स्तरीय माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला का आयोजन सैक्टर गौहरगंज के शासकीय स्कूल अमोदा में किया गया। इस दौरान बच्चों एवं नवांकुर सखियों ने माटी के गणेश बनाकर माटी के गणेश स्थापित करने का आह्वान किया।

प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड समन्वयक निशा बहेकार ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान चलाया गया है, जो 4 से 14 सितंबर तक पूरे प्रदेश में चलेगा। अभियान में घर-घर माटी के गणेश बनाकर उन्हें स्थापित करने और घर में ही विसर्जित करने

का आग्रह किया गया है] जिससे नदियां प्रदूषित न हो।

अमोदा में नवांकुर संस्था पिपलियागोली ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के कार्यक्रम समन्वयक कैलाश पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम किया गया। प्रशिक्षण मूर्तिकार सुनिल प्रजापति ने दिया। इस दौरान नवांकुर अध्यक्ष हरनाम सिंह स्कूल की प्राचार्य एवं टीचर, नागरिकों ने सहभागिता की।

जाखला धाम पर भोज एवं पिकनिक

जिला महिला मंडल एवं वैश्य समाज महिला मंडल ने किया भजन-कीर्तन

पिकनिक में उपस्थित महिलाएं व इंसेट में विद्या अग्रवाल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

जिला महिला मंडल एवं वैश्य समाज महिला मंडल ने जाखला धाम पर भोज एवं पिकनिक की।

इसमें सामूहिक रूप से डांस, भजन, खेल आदि में महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। पिकनिक में विद्या अग्रवाल, कमला जैन, अनीता, अनुराधा विजयवर्गीय, सोनल, ज्योति, नीतू, दिव्या, बबीता, रेखा, अर्चना, दीपू सपना, रेनू अग्रवाल, रेनू विजय रानी मित्तल, रेनू प्रतीक अग्रवाल, मानसी मित्तल, पूर्वी निशा अग्रवाल ने सहभागिता की।

21 साल बाद भी मेडिकल बोर्ड नहीं, जवाब तलब

जबलपुर। चिकित्सकीय लापरवाही यानी मेडिकल नेग्लीजेंस के मामलों में डाक्टरों के खिलाफ कार्रवाई से पहले विशेषज्ञों की राय लेने के लिए मेडिकल एक्सपर्ट बोर्ड गठित नहीं किए जाने के मुद्दे पर हाई कोर्ट ने गंभीरता दिखाई है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सागर की जनहित याचिका पर एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने केंद्र और राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अनावेदकों को जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया है। याचिका आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद की ओर से दायर की गई है। याचिकाकर्ता का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों के खिलाफ सीधे कार्रवाई से पहले विशेषज्ञ चिकित्सकीय राय लेने की व्यवस्था स्पष्ट की थी।

पेड़ से चढ़कर छत के रास्ते दुकानों में घुसे थे बदमाश, नगदी समेत करीब एक लाख का सामान पार किया

सुरक्षा को लेकर व्यापारियों में नाराजगी

गल्ला मंडी में अनाज की दो दुकानों में चोरी सीसीटीवी के तार काटे और डीवीआर भी ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

करोंद गल्ला मंडी में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात बदमाशों ने अनाज की दो दुकानों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश पेड़ पर चढ़कर दुकानों की छत तक पहुंचे और फिर छत के रास्ते अंदर घुसे थे। दोनों दुकानों से नगदी समेत करीब एक लाख रुपए का सामान चोरी होने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार करोंद स्थित गल्ला मंडी कार्यालय के सामने बसंत इंटरप्राइजेज और खुशहाल इंटरप्राइजेज नाम से अनाज की दुकानें हैं। दोनों दुकानें व्यापारी बसंत माहेश्वरी की हैं।

दूसरी दुकान में पहुंचने पर वहां भी सामान अस्त-व्यस्त मिला

गुरुवार सुबह जब वे दुकान पर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले में रखी नगदी नहीं थी। दूसरी दुकान में पहुंचने पर वहां भी सामान अस्त-व्यस्त मिला। जांच करने पर पता चला कि बदमाश रात के समय दुकानों से सटे पेड़ पर चढ़कर छत तक पहुंचे थे। इसके बाद छत के रास्ते दुकान के अंदर दाखिल हुए। दुकान में घुसने के बाद आरोपियों ने सीसीटीवी कैमरों के तार काट दिए, ताकि उनकी गतिविधियां कैमरे में रिकॉर्ड न हो सकें। बदमाश गल्ले में रखी नगदी और अन्य सामान के साथ डीवीआर भी अपने साथ ले गए। गल्ला मंडी जैसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्र में चोरी की घटना के बाद व्यापारियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नाराजगी है। व्यापारियों का कहना है कि मंडी परिसर में रात के समय पर्याप्त सुरक्षा और निगरानी व्यवस्था होनी चाहिए। व्यापारियों ने पुलिस से आरोपियों का जल्द पता लगाकर कार्रवाई करने के साथ ही मंडी परिसर में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। निशातपुरा पुलिस आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान और उनके आने-जाने के रास्ते का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस जांच पूरी होने के बाद चोरी गए सामान और कुल नुकसान की वास्तविक जानकारी सामने आएगी।

आरजीपीवी में नौकरी लगाने के नाम पर महिला सहित 15 लोगों से 18 लाख रुपए की ठगी

गांधी नगर पुलिस ने महिला सहित 15 लोगों की शिकायत पर तीन जालसाजों पर धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज बनाने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों ने आरजीपीवी में नौकरी दिलाने के नाम सभी पंद्रह लोगों से कुल अठारह लाख रुपए की ठगी की है। आरोपियों ने रुपए लेने के बाद उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र और साक्षात्कार के लिए फर्जी लेटर भी जारी किए थे।

पुलिस के अनुसार नुसरत आयशा पिता मोहसीन खान (30) वार्ड नंबर-12 चाचा मोहल्ला, चांदामेटा, तहसील परासिया, जिला छिंदवाड़ा की रहने वाली हैं। उन्होंने 14 अन्य पीड़ितों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि नसीम खान उसके साथियों ने आरजीपीवी में नौकरी दिलाने की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि उनकी आरजीपीवी में अधिकारियों से पहचान है और वह आसानी ने नौकरी दिलवा देंगे। उनकी बातों में आकर नुसरत आयशा सहित मानेष बुनकर, जैनब अल्फिया, दानिश सिद्दकी, रिजवान खान, मोहम्मद यासीन, मारूफ खान, पूजा बुनकर, नीलम बुनकर, अरविंद बुनकर, जसदीप सिंह, बेबी नाज, फरहान खान, फैजान खान, शहजाद खान ने एडवांस में रुपए दे दिए। जांच के दौरान नुसरत आयशा और पीड़ित मानेष बुनकर ने दस्तावेज की छायाप्रति दी थी। साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर और नियुक्ति पत्र की जांच आरजीपीवी से कराई गई। इसमें दोनों ही दस्तावेज कूटरचित निकले। जांच के बाद पुलिस ने नसीम खान व अन्य के अन्य साथियों पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही पता चल सकेगा कि उन्होंने नौकरी दिलाने के नाम पर और भी कितने लोगों से पैसे लिए है।

खबर संक्षेप

डॉ. तिवारी को मिला लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

भोपाल। बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय काशी ज्योतिष महोत्सव में विश्व ज्योतिष कांग्रेस के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष व राजा भोज ज्योतिष पीठ के अध्यक्ष राज ज्योतिष डॉ. विनीत तिवारी को ज्योतिष के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान विश्व प्रसिद्ध ज्योतिष विद्वान एचएस. रावत एवं बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर प्रोफेसर एसएन. शंखवार , कार्यक्रम चैयरमेन अनिल कुमार सिंह, डॉ. जसमीत सिंह व डॉ. संजय सिंह ने प्रदान किया। यह अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयुर्वेद एवं ज्योतिष के संबंध विषय पर डॉ. विनीत तिवारी ने ज्योतिष और आयुर्वेद का अंतसंबंध, औषधि संग्रह में काल, नक्षत्र और मुहूर्त का शास्त्रीय अध्ययन विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया।

भोजपाल सनातनी गरबा महोत्सव शिविर 14 से

भोपाल । शारदीय नवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले भोजपाल सनातनी गरबा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। महोत्सव के लिए गरबा प्रशिक्षण शिविर 14 सितंबर से शुरू होगा। भोजपाल गरबा महोत्सव के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि सांस्कृतिक गरबा महोत्सव का यह तीसरा वर्ष है। पिछले दो वर्षों में आयोजन को शहरवासियों का अच्छा उत्साह और समर्थन मिला है। इस बार भी बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं और अपने बैच के लिए स्थान बुक कराना शुरू कर दिया है। तीन स्थानों पर होगा प्रशिक्षण गुजरात के विशेषज्ञ ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को अलग-अलग बैचों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए गुजराती भवन, आनंद विहार स्कूल के सामने 74 बंगला टीटी नगर और श्रीकृष्ण मंदिर, विजय मार्केट बरखेड़ा भेल में प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाएंगे।

आवंटी को ऑफिस के चक्कर लगवाए तो होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हाउसिंग बोर्ड में अपने ही काम के लिए आवंटियों को बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं तो अब संबंधित अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई की गाज गिर सकती है।

गुरुवार को पर्यावास भवन में हुई हाउसिंग बोर्ड की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ओम जैन ने संपदा शाखा के कामकाज को लेकर नाराजगी जताई और अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी कि आवंटी को अनावश्यक रूप से परेशान किया गया तो जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नामांतरण, हस्तांतरण, लीज रेंट या संपदा से जुड़ी समस्या का तुरन्त करें समाधान

हाउसिंग बोर्ड समीक्षा बैठक लेते अध्यक्ष ओम जैन।

एक हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स पर हुई समीक्षा

बैठक में एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स की समीक्षा के दौरान नामांतरण, हस्तांतरण, लीज रेंट और संपदा से जुड़े मामलों पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष ने कहा कि इन कामों के लिए लोगों को बार-बार दफ्तर बुलाना या एक टेबल से दूसरी टेबल तक भेजना स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवंटी की समस्या का तत्काल समाधान होना चाहिए, न कि उसे समाधान के नाम पर कार्यालय के चक्कर लगवाए जाएं।

काम अटकाने की शिकायत मिली तो जिम्मेदारी तय होगी

ओम जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपदा से जुड़े लंबित मामलों की निगरानी की जाए और जिन प्रकरणों का निराकरण किया जा सकता है, उन्हें अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने साफ किया कि बोर्ड की व्यवस्था आवंटियों की सुविधा के लिए है। यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही से लोगों को परेशानी होती है तो उसकी जिम्मेदारी तय की जाएगी।

एआई और टेक्नोलॉजी का पूरा इस्तेमाल करें

ओम जैनअध्यक्ष ओम जैन ने समीक्षा बैठक में सभी अधिकारियों से कहा कि टेक्नोलॉजी को दोस्त बनाइये। जहां आवश्यक हो एआई और आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल करिए। अपने काम को बेहतर और तेज गति से करने के लिये एआई का सही और साकारात्मक उपयोग करना आज के समय की जरूरत है।

दफ्तर में तकनीक होगी, काम में भी दिखना चाहिए असर

समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने अधिकारियों को एआई और आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल की भी हिदायत दी। उन्होंने कहा कि तकनीक को काम का बोझ नहीं, बल्कि काम आसान करने का माध्यम बनाया जाए। जहां एआई और आधुनिक तकनीक से प्रक्रिया तेज और बेहतर हो सकती है, वहां उसका सकारात्मक उपयोग किया जाए। इसका सीधा फायदा आवंटियों को मिलना चाहिए और उनकी समस्याओं के निराकरण में समय कम होना चाहिए। बैठक में बोर्ड के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज कुमार चौरसिया, मुख्य संपदा अधिकारी सुनीता लाल सहित भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और सतना संभाग के उपायुक्त और कार्यपालन यंत्री मौजूद रहे।

सुप्रीम कोर्ट तक पहुंची शिकायत, निगम की कार्रवाई पर उठे गंभीर सवाल

नगर निगम ने सील कीं दुकानें दुकानदारों ने फिर खोल दिए ताले

याचिकाकर्ता विवेक त्रिपाठी ने सुप्रीम कोर्ट निगम में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में अवैध व्यावसायिक गतिविधियों के खिलाफ नगर निगम की सीलिंग कार्रवाई अब खुद सवालों के घेरे में है। निगम ने जिन दुकानों और प्रतिष्ठानों पर ताले जड़े थे, उनमें से ज्यादातर दुकानें दोबारा खुलने का दावा सामने आया है।

सवाल यह है कि जब सील निगम ने लगाई तो उसे खोलने की अनुमति किसने दी और अगर अनुमति नहीं दी गई तो सील टूटने के बाद निगम की निगरानी कहां थी। याचिकाकर्ता विवेक त्रिपाठी ने दावा किया है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सील किए गए 170 से ज्यादा प्रतिष्ठान अब फिर से संचालित हो रहे हैं। उन्होंने इस संबंध में नगर निगम में शिकायत करने के साथ अपने वकील के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट को भी इसकी जानकारी दी है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद नगर निगम द्वारा बावड़िया कलां में सील की गई दुकान, अब दोबारा खुल गई हैं।

कोर्ट में 100 से ज्यादा केस पर हो चुकी है सुनवाई

आवासीय भूखंडों पर व्यावसायिक गतिविधियों और सीलिंग से जुड़े मामलों में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर खंडपीठ में 8 और 9 सितंबर को सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की अदालत में 100 से ज्यादा मामलों की सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के मुताबिक, 11 सितंबर को भी मामले में सुनवाई हो सकती है। ऐसे में सील दुकानों के दोबारा खुलने का मामला अब अदालत की सुनवाई के बीच नया विवाद बन गया है।

एक तरफ सील, दूसरी तरफ कारोबार चालू

सीलिंग कार्रवाई के दौरान निगम का अमला दुकानों पर पहुंचा, ताले लगाए और कार्रवाई का दावा किया गया। लेकिन अब उन्हीं में से बड़ी संख्या में दुकानों के दोबारा खुलने की शिकायत सामने आने से पूरी कार्रवाई की गंभीरता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यदि प्रतिष्ठानों ने खुद सील तोड़ी है तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है, और किसी सक्षम आदेश से दुकानें खुली हैं तो वह आदेश सार्वजनिक क्यों नहीं है।

निगम की कार्रवाई ठंडी

करीब सात दिनों से निगम की नई सीलिंग और नोटिस कार्रवाई भी लगभग ठप है। एक ओर आवासीय क्षेत्रों में व्यावसायिक गतिविधियों पर कार्रवाई का दबाव है, दूसरी ओर पहले से सील दुकानों के खुलने की शिकायत ने निगम की कार्रवाई और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। याचिकाकर्ता का दावा है कि 15 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई के दौरान सील दुकानों के दोबारा खुलने का मुद्दा उठाया जा सकता है।

कारोबार का पुराना विवाद

अरेरा कॉलोनी समेत शहर के कई आवासीय इलाकों में मॉल, शोरूम, शराब दुकान, पब, चाय-सुट्टा बार और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को लेकर विवाद चल रहा है। अब सीलिंग के बाद दुकानें फिर खुलने की शिकायत ने प्रशासन और निगम के लिए नया सवाल खड़ा कर दिया है। वहीं, निगम अधिकारियों का कहना है कि जिन स्थानों पर सीलिंग के बाद प्रतिष्ठान दोबारा खुलने की जानकारी सामने आई है, वहां जांच कर जल्द कार्रवाई की जाएगीद।

नेशनल लोक अदालत कल

बिजली चोरी के 10 लाख तक के मामलों के होंगे समझौते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 12 सितंबर शनिवार को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकरण किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पां किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत में छूट कुछ नियम एवं शर्तों के तहत दी जाएगी जो आकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख तक के प्रकरणों के लिए सीमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 12 सितंबर को समझौते करने के लिए ही लागू रहेगी।

ब्याज की राशि पर मिलेगी 100% की छूट

प्रि-लिटिगेशन स्तर पर: कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छः माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

लिटिगेशन स्तर पर: कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रत्येक छःमाही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी।

छोटे बकायादारों को मिलेगी पैनल्टी में छूट

भोपाल। आगामी 12 सितंबर को नगर निगम के सभी वार्ड दफ्तरों में लोक अदालत लगाई जाएगी। जिसमें छोटे बकायादारों को पैनाल्टी में सौ फीसद छूट दी जाएगी। नेशनल लोक अदालत शिविर में प्रॉपर्टी टैक्स के ऐसे प्रकरण जिनमें टैक्स और पैनाल्टी की राशि 50 हजार रुपए है, उन्हें अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। जबकि 50 हजार से अधिक और एक लाख रुपए तक बकाया होने पर अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट और एक लाख से अधिक की राशि बकाया होने पर अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

नर्मदापुरम, गंजबासौदा, विदिशा समेत 7 स्टेशनों पर बदली सफाई व्यवस्था

मशीनों से चमकेंगे संत हिरदाराम नगर सहित भोपाल मंडल के 7 स्टेशन, हाईटेक होगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मंडल के 7 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर अब सफाई व्यवस्था पहले से ज्यादा बेहतर और प्रभावी होगी। यात्रियों को साफ-सुथरा और सुविधाजनक स्टेशन परिसर उपलब्ध कराने के लिए रेलवे ने इन स्टेशनों पर मैनुअल सफाई व्यवस्था की जगह आउटकम आधारित मैकेनाइज्ड सफाई व्यवस्था शुरू की है।

डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में नर्मदापुरम, गुना, हरदा, गंजबासौदा, विदिशा, अशोकनगर और संत हिरदाराम नगर स्टेशनों पर आधुनिक मशीनों और उपकरणों से सफाई कराई जा रही है।

मशीनों से होगी गहरी सफाई

नई व्यवस्था में स्टेशन के प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, फुटओवर ब्रिज, कार्यालयों सहित परिसर के अन्य हिस्सों की नियमित सफाई की जा रही है। इसके लिए बैटरी चालित सफाई मशीन, वैक्यूम क्लीनर, जेट प्रेशर मशीन और सिंगल डिस्क स्क्रबर-पॉलिशर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मशीनों की मदद से फर्श पर जमी धूल, गंदगी और पुराने दाग को कम समय में प्रभावी तरीके से हटाया जा रहा है। इससे बड़े क्षेत्र की सफाई कम समय में होने के साथ सफाई की गुणवत्ता में भी सुधार की उम्मीद है। रेलवे का फोकस सिर्फ सफाई कराने पर नहीं, बल्कि स्टेशन परिसर को लगातार स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखने पर है। उल्लेखनीय है कि इन सभी स्टेशनों पर पहले सफाई का काम मुख्य रूप से मैनुअल तरीके से होता था। अब आधुनिक मशीनों के इस्तेमाल से सफाई व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित किया जा रहा है। रेलवे के अनुसार इसका सीधा लाभ यात्रियों को बेहतर और साफ-सुथरे स्टेशन परिसर के रूप में मिलेगा।

चार तरह से अलग-अलग निपटान

स्टेशन की सफाई के साथ कचरा प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कचरे के बेहतर निपटान के लिए स्टेशनों पर चार प्रकार के कूड़ेदान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें गीला कचरा, सूखा कचरा, सेनेटरी कचरा और इलेक्ट्रॉनिक कचरा अलग-अलग रखने की व्यवस्था है। रेलवे की ओर से नियमित निरीक्षण और कचरे के उचित निपटान की व्यवस्था पर भी जोर दिया जा रहा है। उद्देश्य है कि स्टेशन परिसर में यात्रियों को हर समय साफ-सुथरा वातावरण मिल सके और कचरे का व्यवस्थित तरीके से निपटान हो।

इन स्टेशनों पर बदली व्यवस्था

संत हिरदाराम नगर,नर्मदापुरम, गुना, हरदा, गंजबासौदा, विदिशा,अशोकनगर

ईद मिलादुन्नबी के जलसे में प्रतिभाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्धमान ग्रीन पार्क मल्टी परिसर में ईद मिलादुन्नबी के जलसे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जमाते इस्लामी हिन्द मध्यप्रदेश के सचिव मौलाना मोहम्मद जावेद नदवी थे। नदवी ने कहा कि पैग़म्बरे इस्लाम हज़रत मोहम्मद के बताए रास्ते पर चलना आज वक्त की ज़रूरत है। नदवी ने कहा कि हमें अपने अखलाक सुधारना चाहिए। हमारी कोशिश हो कि हमारी वजह से किसी को तकलीफ न पहुंचे। सीरतुन्नबी के जलसे तभी कामयाब होंगे जब हम पैंगबर साहब की शिक्षाओं पर अमल करें। ईद मिलादुन्नबी आयोजन समिति के सलीम खान, नासिर खान और रजीउद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि इस अवसर पर मेधावी बच्चों और समाज मे बेहतर काम कर रही हस्तियों को जीवन गौरव और प्रेरणा अवार्ड प्रदान किए गए।

अज़हर रशीद हाशमी और अतीक खान को उनकी समाज सेवा के लिए जीवन गौरव सम्मान दिया गया। उत्कृष्ट पत्रकारिता अवार्ड अबरार खान को दिया गया। इनके अलावा सना खान, सुल्तान जहां, कुंवर वक़ार नसीम सिहित कई प्रतिभाओं को अवार्ड दिए गए। कार्यक्रम का संचालन आरिफ मिर्जा ने किया।

एम्स: विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर संवाद और जागरुकता कार्यक्रम

आत्महत्या के चेतावनी संकेतों की पहचान, सहायता के तरीके सिखाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के मनोरोग विभाग ने नर्सिंग कॉलेज के सहयोग से गुरुवार को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया, जिसका विषय था आत्महत्या पर विमर्श बदलना। कार्यक्रम में जब आत्म-मूल्य एक अंक बन जाए विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा क्या हम विद्यार्थियों को शिक्षित कर रहे हैं या केवल आंक रहे हैं? विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई।

एम्स डायरेक्टर लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेंद्र कोतवाल ने मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया तथा विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. विजेंद्र सिंह ने सरकार की टेली-मानस हेल्पलाइन सेवा की जानकारी दी। विद्यार्थी स्वयंसेवकों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें आत्महत्या के चेतावनी

संकेतों की पहचान और सहायता के तरीके सिखाए गए। मनोरोग विभाग ने छात्र स्वयंसेवकों के लिए एक गेटकीपर प्रशिक्षण कार्यशाला का भी आयोजन किया। इस प्रशिक्षण में आत्महत्या प्रवृत्ति से जुड़े प्रमुख कारकों को शामिल किया गया, जिनमें आत्महत्या संबंधी बुनियादी जानकारी, चेतावनी संकेतों की पहचान, सीधे संवाद और प्रश्न पूछने का कौशल, हस्तक्षेप एवं कार्रवाई कौशल, स्थानीय सहायता सेवाओं एवं संकट हेल्पलाइनों की जानकारी, सुरक्षा योजना बनाना और अनुवर्ती कार्रवाई, तथा सामान्य मानसिक स्वास्थ्य एवं स्व-देखभाल शामिल थे।

एम्स में नवजात जांच जागरुकता दिवस

भोपाल। एम्स भोपाल के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग और दुर्लभ रोग उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफएक्सीलेंस फॉर रेयर डिजीज) ने डॉक्टर्स फॉर यू आस्था हेल्प डेस्क टीम और बाल रोग विभाग के सहयोग से नवजात जांच जागरुकता दिवस मनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवजात जांच के प्रति जनजागरुकता बढ़ाना और जन्म के तुरंत बाद, बिना किसी लक्षण के भी, गंभीर या जानलेवा हो सकने वाली बीमारियों की समय पर पहचान व उपचार शुरू करने के महत्व को समझाना था। दुर्लभ रोग उत्कृष्टता केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. भावना ढींगरा ने मरीजों, उनके परिजनों व स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते हुए हीमोग्लोबिनोपैथी, जन्मजात हाइपोथायरायडिज्म, जैसी बीमारियों के लिए सार्वभौमिक नवजात जांच की आवश्यकता पर बल दिया।

वृद्धावस्था या दूरी से मंदिर आने में असमर्थ सदस्यों के घर होगा पूजा-पाठ

परिषद अध्यक्ष पी. सुभाष बोले- घर-घर जाकर करेगा सत्संग

मंदिर नहीं आ पाने वाले बुजुर्गों के घर पहुंचेगी भक्ति, पूजा-भजन से जोड़ेंगे समाजजन को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री नारायण संदेश परिषद, कोलार रोड द्वारा समाज के बुजुर्ग सदस्यों को मंदिर और धार्मिक आयोजनों से जोड़े रखने के लिए नई पहल शुरू की गई है। परिषद अध्यक्ष पी. सुभाष ने बताया कि अब जो बुजुर्ग उम्र अधिक होने या दूरी के कारण मंदिर नहीं पहुंच पाते हैं, परिषद के सदस्य उनके घर जाकर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सत्संग करेंगे। परिषद ने इसके लिए सदस्यों का एक समूह बनाया है, जो अलग-अलग परिवारों के घर जाकर धार्मिक आयोजन करेगा। पहल का उद्देश्य बुजुर्गों को भक्ति से जोड़े रखने के साथ उनके मन को शांति देना और समाज के सदस्यों के बीच मेल-जोल बनाए रखना है।

बुजुर्ग के घर पहुंचकर पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन करते श्री नारायण संदेश परिषद के सदस्य।

घर पहुंचकर की पूजा अर्चना, गाए भजन

अभियान की शुरुआत मंदिर के निकट रहने वाले सदस्य के.जी. सुरेश के निवास से की गई। परिषद के सदस्य उनके घर पहुंचे और पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन किया। इसके बाद अन्य परिवारों के घर जाकर भी भजन और धार्मिक आयोजन किए गए। पी. सुभाष ने बताया कि यह पहल आगे भी लगातार जारी रहेगी। उनकी भक्ति भावना को बनाए रखने, मन की शांति और समाज के लोगों से उनका जुड़ाव कायम रखने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की गई है।

12वें वार्षिक कार्यक्रम में देशभर के चिकित्सक आए

समाज कल्याण के लिए आरोग्य भारती के प्रयास सराहनीय: गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरोग्य भारती भोपाल महानगर के 12वें वार्षिक प्रबोधन कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सम्मिलित हुए। इस अवसर पर भागवत कथा वाचक एवं आध्यात्मिक विचारक डॉ. पुंडरीक गोस्वामी, आरोग्य भारती के राष्ट्रीय संगठन सचिव डॉ. अशोक कुमार वैष्णव, न्यूरोसर्जन डॉ. अभिजीत देशमुख, चिकित्सक डॉ. राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकगण एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वास्थ्य, सेवा, भारतीय जीवन-मूल्यों एवं समाज के प्रति चिकित्सकों की भूमिका जैसे

12वें वार्षिक प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल हुए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर साथ में भागवत कथावाचक डॉ. पुंडरीक गोस्वामी और चिकित्सकगण।

महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक विचार-विमर्श हुआ। आरोग्य भारती द्वारा स्वास्थ्य सेवा को भारतीय संस्कृति, जीवनशैली एवं सेवा-भाव से जोड़कर समाज के कल्याण के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं।

बांधवगढ़ के पास बनेगा 'जनजातीय कला केंद्र', दिखेगी गोंड, बैगा और कोल संस्कृति की झलक

13 करोड़ रुपए की लागत से ढाई एकड़ में होगा केंद्र का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की समृद्ध जनजातीय विरासत को पर्यटकों और कला प्रेमियों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है।

उमरिया से लगभग 35 किमी दूर ताला-मानपुर सड़क पर बांधवगढ़ नेशनल पार्क के समीप गोंड, बैगा और कोल जनजातियों की जीवन संस्कृति, कला, परंपराओं और जीवनशैली को समर्पित जनजातीय कला केंद्र स्थापित होने जा रहा है। इसके लिए शासन द्वारा 13 करोड़ रुपए की राशि भी मंजूर की गई है।

ढाई एकड़ भूमि पर लेगा आकार

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय के क्यूरेटर अशोक मिश्रा ने बताया कि इस केंद्र की स्थापना के लिए शासन ने करीब ढाई एकड़ भूमि आवंटित की है। प्रस्तावित केंद्र में तीनों जनजातीय समुदायों के पारंपरिक रहन-सहन, कला, संस्कृति, लोक परंपराओं और जीवनशैली को विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शित किया जाएगा।

एक ही परिसर में दिखेगी जनजातीय सांस्कृतिक विरासत

यह केंद्र पर्यटकों के लिए जनजातीय जीवन और संस्कृति से परिचित होने का माध्यम बनेगा। यहां जनजातीय परंपराओं के विविध रंग, लोक कला और सांस्कृतिक विरासत को एक ही परिसर में अनुभव करने का अवसर मिलेगा।

संस्कृति के साथ साहित्य का भी केंद्र होगा

मिश्रा ने बताया कि इस केंद्र में केवल कला और सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शन ही नहीं होगा, बल्कि यहां पुस्तकालय भी बनेगा। इसमें गोंड, बैगा और कोल समुदायों का साहित्य, शोध सामग्री और अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि पर्यटक, विद्यार्थी, शोधार्थी और जनजातीय संस्कृति में रुचि रखने वाले लोग इन समुदायों को करीब से समझ सकें।

ब्यूटी एंड बिजनेस अवॉर्ड में अभिनेत्री प्रीति झिंगियानी और हरिओम जटिया ने किया सम्मान

विश्व सौंदर्य दिवस पर मेकअप डेमॉन्स्ट्रेशन और फैशन शो का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व सौंदर्य दिवस के अवसर पर राजधानी के निजी ब्यूटी एंड अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। नर्मदापुरम रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम में ब्यूटी, फैशन और बिजनेस क्षेत्र से जुड़ी प्रतिभाओं और उद्यमियों को सम्मानित किया गया। इस विशेष समारोह में फिल्म अभिनेत्री प्रीति झिंगियानी और एक्लीसेंसी टाइम एंटरटेन्मेंट के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया ने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उद्यमियों एवं ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े प्रतिभाशाली प्रोफेशनल्स को सम्मानित किया। फिल्म अभिनेत्री प्रीति झिंयानी ने भोपाल शहर के लोगों के प्यार, अपनेपन की सराहना की। वहीं, समारोह में ब्यूटी इंडस्ट्री पर चर्चा करते हुए हरिओम जटिया ने कहा कि ब्यूटीशियंस को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है।

फैशन शो ने जमाया रंग

समारोह का एक प्रमुख आकर्षण फैशन शो रहा। जिसमें ब्राइडल और इंडो-वेस्टर्न कलेक्शन प्रस्तुत किया गया। आकर्षक परिधानों में सजी मॉडल्स ने रैंप वॉक के जरिए कलेक्शन को शानदार अंदाज में पेश किया। पारंपरिक और आधुनिक फैशन के मेल से तैयार परिधानों ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया।

राइस वाइन में मैरिनेट कर सैंड जिंजर से तैयार 'सॉल्ट-बेक्ड चिकन' खास

जहांनुमा पैलेस में चार दिवसीय फूड पॉप-अप में हक्का व्यंजनों की जायकेदार वैरायटी प्रेजेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांनुमा पैलेस स्थित टीएओ में गुरुवार से चार दिवसीय 'हक्का पॉप-अप फूड प्रमोशन' की शुरूआत हुई। 13 सितंबर तक चलने वाले इस फेस्टिवल में हक्का चाइनीज व्यंजनों को प्रस्तुत किया जा रहा है। शेफ कैथरीन लिम हक्का व्यंजनों की अनूठी विरासत और आधुनिक पाकशैली को लेकर आई हैं। खासकर कैथरीन ने फेस्टिवल के खास आकर्षणों में सॉल्ट-बेक्ड चिकन शामिल किया है।

हक्का समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को समझने का दे रही मौका

शेफ ने कहा कि यह फूड फेस्ट केवल स्वाद का अनुभव नहीं, बल्कि हक्का समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और प्रवास की कहानी को व्यंजनों के माध्यम से समझने का अवसर भी दे रहा है। मेन्यू में ऐसे पारंपरिक हक्का व्यंजन शामिल किए गए हैं, जो आमतौर पर हक्का परिवारों के घरों से बाहर कम ही देखने को मिलते हैं।

शिनजियांग मटन में मसालों से बनी मटन स्लाइस



शेफ ने बताया कि हमारे समाज में यैम अबेकस बीड्स समृद्धि और सौभाग्य का प्रतीक माने जाते हैं। शिनजियांग मटन में मसालों की परत चढ़े मटन स्लाइस का खास स्वाद मेहमानों को आकर्षित कर रहा है।

हांगकांग, सिंगापुर व ताइपे से प्रेरित आधुनिक व्यंजन भी हैं शामिल

शेफ कैथरीन लिम हक्का नूडल्स और चिली चिकन तक सीमित न रखते हुए अपने फूड में विविधता और पारंपरिक स्वादों से भोपालवासियों को रुबरु कराने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस

फूड फेस्ट में हमारे समाज के पारंपरिक पकवान, स्ट्रीट फूड और हांगकांग, सिंगापुर व ताइपे से प्रेरित आधुनिक व्यंजनों को भी इस फेस्ट में शामिल किया गया है।

प्रदेश के छह गांवों में आकार ले रही 'एस्ट्रो विलेज' परियोजना

धार, छिंदवाड़ा, बैतूल, नर्मदापुरम, दमोह और उमरिया के चयनित गांव बनेंगे एस्ट्रो-टूरिज्म के नए केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फोटो 'एस्ट्रो विलेज'मध्यप्रदेश में पर्यटन के नए आयाम विकसित करने के साथ खगोलीय पर्यटन (एस्ट्रो-टूरिज्म) को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा जनजातीय पर्यटन परियोजना के अंतर्गत 'एस्ट्रो विलेज डेवलपमेंट प्रोजेक्ट' का क्रियान्वयन मई 2026 से प्रारंभ किया गया है। परियोजना का उद्देश्य राज्य के प्राकृतिक रूप से अंधकारमय (डार्क स्काई) क्षेत्रों को पर्यटन के नए आकर्षण के रूप में विकसित करना और पर्यटकों को तारों, ग्रहों तथा आकाशगंगा के अवलोकन का अनूठा अनुभव उपलब्ध कराना है।

छह जिलों में शुरू हुआ कार्य

परियोजना के प्रथम चरण में प्रदेश के छह जिलों धार, छिंदवाड़ा, बैतूल, नर्मदापुरम, दमोह और उमरिया से एक-एक गांव का चयन किया गया है। इन गांवों को खगोलीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने का कार्य शुरू हो चुका है। धार जिले के ज्ञानपुरा, छिंदवाड़ा के धुसावानी, बैतूल के बांचा, नर्मदापुरम के ढाबा, दमोह के रिछकुड़ी और उमरिया जिले के रंछा गांव में एस्ट्रो-टूरिज्म से जुड़ी सुविधाओं और अधोसंरचना का विकास किया जा रहा है।

पर्यटक जल्द ले सकेंगे एस्ट्रो विलेज पर्यटन का आनंद

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक डॉ. इलैयाराजा टी. ने कहा कि प्रकाश प्रदूषण से दूर इन क्षेत्रों में पर्यटक स्वच्छ रात्रिकालीन आकाश में तारों, ग्रहों और आकाशगंगा का अवलोकन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल एस्ट्रो-टूरिज्म को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय समुदायों के लिए पर्यटन और रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगी। पर्यटन गतिविधियों में स्थानीय लोगों की सीधी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए उन्हें परियोजना से आर्थिक रूप से जोड़ा जाएगा।

भारत भवन में 14-15 को जुटेंगे देशभर के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और कवि

भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान का सीएम डॉ. यादव करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय भाषाओं की विविधता में निहित भारतीय संस्कृति, जीवन-मूल्यों और राष्ट्रीय एकता की भावना को केंद्र में रखते हुए 14 एवं 15 सितंबर को भारत भवन में 'भारतीय मातृभाषा अनुष्ठान' का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का विषय 'मातृभाषा, संस्कृति और भारतीय जीवन-मूल्यों पर संवाद' है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया जायेगा। वीर भारत न्यास एवं संस्कृति संचालनालय, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी ने बताया कि भारतीय भाषाएं संवाद के माध्यम के साथ भारत की सांस्कृतिक चेतना, लोकस्मृति और जीवन-दृष्टि की संवाहक भी हैं। इसी विचार को केंद्र में रखकर भोपाल में पूर्व वर्षानुसार दो दिवसीय व्याख्यान, भाषाई पत्रकारिता पर विमर्श, कवि सम्मेलन, संत कवियों की वाणी, पूर्वरंग तथा प्रदर्शनी सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

14 को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

तिवारी ने बताया कि 14 सितंबर की शाम 7:30 बजे राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें डॉ. कीर्ति काले, स्वयं श्रीवास्तव, दिनेश दिग्गज, शैलेन्द्र मधुर तथा अज़हर इकबाल काव्य पाठ करेंगे। इसी दिन शाम 4 बजे 'पूर्वरंग' में भारतीय भाषाओं एवं बोलियों के गीतों की प्रस्तुति उमेश तरकसवार एवं साथी द्वारा दी जाएगी।

भोपाल की अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे टॉप 5 पसंदीदा एक्टर्स में

भोपाल। लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री ऐश्वर्या खरे ने फिल्मी मसाला नाउ रेटिंग्स में शीर्ष 10 टेलीविजन हस्तियों में टॉप 5 में स्थान बनाया है। राजधानी के प्रसिद्ध भजन गायक रवि खरे की बेटी ऐश्वर्या इंडस्ट्री की टॉप 10 टीवी पर्सनालिटी की सूची में लगातार शामिल रहती हैं। अगस्त-सितंबर 2026 की साप्ताहिक और मासिक एफएमएन रिपोर्ट्स (वीक 34) के अनुसार, वे देश के टॉप 5 पसंदीदा टीवी कलाकारों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। ऐश्वर्या खरे फिलहाल कलर्स टीवी के नए लोकप्रिय ड्रामा 'डॉ आरंभी में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जो दर्शकों के बीच काफी हिट हो रहा है।

कल भोपाल में जुटेंगी नेतृत्व, नवाचार, खेल, रचनात्मकता और सामाजिक बदलाव से जुड़ी प्रेरक आवाजें

अनकही कहानियों को सामने लाएगा 'टेडएक्स शाहपुरा लेक 2026'

आफ्टर द बिगनिंग थीम के तहत विभिन्न क्षेत्रों के नेतृत्वकर्ता, रचनाकार, नवाचारकर्ता, खिलाड़ी और सामाजिक बदलाव के लिए कार्य कर रहे प्रेरक व्यक्तित्व एक मंच पर जुटेंगे और विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ अपने विचार व्यक्त करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'टेडएक्स शाहपुरा लेक 2026' का आयोजन 12 सितंबर को राजधानी के अरेरा हिल्स स्थित होटल कोटयार्ड बाय मैरिएट में किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन की थीम 'आफ्टर द बिगनिंग' रखी गई है, जिसके माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों के नेतृत्वकर्ताओं, रचनाकारों, नवाचारकर्ताओं, खिलाड़ियों और सामाजिक बदलाव के लिए कार्य कर रहे प्रेरक व्यक्तित्वों को एक मंच पर लाया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञ और प्रेरक वक्ता अपने अनुभव और विचार साझा करेंगे।

हिमांशु

ईशा चिटनिस

लक्ष्यवीर

भावना जायसवाल

नेहा सक्सेना

यह होंगे वक्ता

इस कार्यक्रम में भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर के निदेशक डॉ. हिमांशु राय, लिंक्डइन इंडिया की वरिष्ठ क्रिएटर मैनेजर ईशा चिटनिस, एफिनिटी ग्लोबल की उपाध्यक्ष एवं ग्लोबल मार्केटिंग हैड नेहा सक्सेना, खिलाड़ी, कवयित्री, कहानीकार एवं कंटेंट क्रिएटर भावना जायसवाल, भारतनामा की संस्थापक एवं बिज न्यूज की चीफ बिल्डर जयंत मुंद्रा, हार्डवेयर एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणालियों के विशेषज्ञ लक्षवीर राव तथा यूनिसेफ मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के संचार विशेषज्ञ अनिल गुलाटी शामिल हैं।

टेडएक्स शाहपुरा लेक है महत्वपूर्ण संवादों का मंच

इस सहभागिता पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति एवं आईसेक्ट इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि हर शुरूआत एक संभावना को जन्म देती है, लेकिन हम उसके बाद क्या चुनते हैं, यही उस संभावना को अर्थ देता है। ऑफ्टर द बिगनिंग, इस विचार को बेहद खूबसूरती से व्यक्त करता है। आईसेक्ट इंडिया में हमारी यात्रा हमेशा विचारों को उनकी शुरूआत से आगे ले जाने और लोगों के लिए सीखने, निर्माण करने तथा सार्थक प्रभाव पैदा करने के रास्ते तैयार करने की रही है। टेडएक्स शाहपुरा लेक ऐसे महत्वपूर्ण संवादों का मंच है, जहां विभिन्न क्षेत्रों की आवाजें हमारी सोच को नई दिशा देने और सकारात्मक कार्रवाई के लिए प्रेरित करने की क्षमता रखती हैं।

अच्छी सीख / डॉ. मोनिका शर्मा

ना करो कभी किसी के मन को दुखाने वाले कमेंट्स

बच्चो, तुम्हारी अच्छी या बुरी आदतें तुम्हें अच्छा या बुरा इंसान बनाने में इंपॉर्टेंट रोल निभाती हैं। तुम्हारी हमेशा यही कोशिश होनी चाहिए कि तुम्हारी बातों या व्यवहार से किसी का मन ना दु:खी हो। इसके लिए तुम्हें हमेशा कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

बच्चो, क्लासमेट्स हों, जान-पहचान के परिवारों के तुम्हारे ही एज ग्रुप के बच्चे या हमउम्र नेबर्स। सब एक जैसे नहीं हो सकते। सबका व्यक्तित्व अलग-अगल होता है। बोलने का रंग-ढंग भी डिफरेंट होता है। पढ़ाई में भी सब एक जैसा परफॉर्म नहीं कर पाते। इसीलिए किसी भी बात को लेकर कभी भी किसी पर नेगेटिव कमेंट नहीं करना चाहिए।

मन दुखाता बिहेवियर

बच्चो, ज्यादा वजन वाले किसी क्लासमेट को मोटा कह देना, एग्जाम में कम मार्क्स आने पर किसी का मजाक उड़ाना, किसी नेबर के पहनावे में कमी निकालना या अपने किसी फ्रेंड के अच्छे से कोई खेल ना खेल पाने पर उसकी हंसी उड़ाना या फिर किसी के मन में कुछ नया सीखने से पहले रहने वाले डर या उलझन को और बढ़ाना, किसी को कुछ सीखने में थोड़ा ज्यादा समय लगने पर कुछ कह सुनाना। किसी के कोई नई चीज, एक्टिविटी या लुक ट्राय करने पर मजाक बनाना। ये सब तुम्हें बिल्कुल नहीं करना चाहिए। मजाक भर लगने वाले ऐसे कमेंट्स दिल को बहुत ठेस पहुंचाते हैं। ऐसी बातें तुम्हारे सहपाठी या दोस्त का दिल ही नहीं दुखातीं, उसके आत्मविश्वास को कम करने वाली भी होती हैं। बच्चो, मन दुखाने वाले इस तरह के बिहेवियर से तुम्हें हमेशा बचना चाहिए।

समझो ये बात

किसी की फिजिकल अपीयरेंस के पीछे कोई हेल्थ से जुड़ी प्रॉब्लम भी हो सकती है। रंग-रूप भी हमें जन्म से ही मिलता है। इन बातों पर हमारा वश न के बराबर होता है। ऐसे में किसी को कुछ भी कह देना, मन दुखाने वाली बात होती है। इतना ही नहीं, किसी भी बात को प्वाइंट आउट कर किसी पर टीका-टिप्पणी करना, खुद तुम्हें भी नेगेटिव मानसिकता के घेरे में ले आएगा। इसीलिए हमेशा सोच-समझकर बोलने की आदत बनाओ।

क्वालिटीज को देखो

बच्चो, तुमने जरूर ध्यान दिया होगा कि किसी फ्रेंड की हैंड राइटिंग अच्छी होती है तो किसी की रीडिंग। कोई स्पोर्ट्स में अच्छा होता है तो किसी की डांसिंग कमाल की होती है। इसीलिए किसी को भी जज करने या कमतर आंकने की भूल तुम्हें नहीं करनी चाहिए। दूसरों को अपने से पीछे या नीचे समझने की सोच ही नकारात्मक शब्दों को तुम्हारी बातचीत का हिस्सा बना देती है। दूसरों की उपेक्षा करना सिखाती है। तुम्हारे मन में ईगो ले आती है। इसीलिए क्लासमेट्स हों या फ्रेंड्स, हमेशा उनके गुणों पर ध्यान दो। अगर तुम्हारे साथियों में कोई कमी हो तो भी उसे मोटिवेट करो। मन को ठेस पहुंचाते कमेंट्स वाली खींचतान के बजाय एक-दूसरे को बेहतर बनने में मदद करने का प्यारा भाव रखो। इस बात को हमेशा याद रखो कि कोई भी परफेक्ट नहीं होता। ताना देने के बजाय अपनी बातचीत में काइंड वर्ड्स को शामिल करो। पॉजिटिव कम्युनिकेशन से खुद अपने पर्सनालिटी को भी बेहतर बनाने में मदद मिलती है। सोच-समझकर बोलना जिंदगी में हमेशा काम आता है। *

नेगेटिव कंटेंट से रखो दूरी

बच्चो, आजकल बहुत से रील्स और टीवी कार्यक्रमों में भी मजाक उड़ाने वाली बातें खूब होती हैं। कई वीडियोज में तो टीचर्स और मम्मी-पापा का भी मजाक उड़ाते हुए दिखाया जाता है। जाने-अनजाने यह कंटेंट तुम्हारे मन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने लगता है। इन्हें देखकर बहुत से बच्चे तो टीचर्स के अपीयरेंस तक पर कमेंट करने लगते हैं। स्कूल में पढ़ाने-सिखाने वाले तुम्हारे टीचर्स तुम्हारे शब्दों से दुखी हों, यह कोई अच्छी बात नहीं है। इसलिए तुम ऐसे कंटेंट से दूर रहो।

स्कूल बस का रंग पीला क्यों होता है

बच्चो, क्या तुमने कभी सोचा है कि अधिकांश स्कूल बसों का रंग पीला क्यों होता है? क्या यह सिर्फ एक पुरानी परंपरा है या इसके पीछे कोई व्यावहारिक और वैज्ञानिक कारण है? इस बारे में जानो।

जानकारी
नयनतारा

बच्चो, तुमने देखा होगा कि प्रायः स्कूल बसों का रंग पीला होता है। हो सकता है तुम भी जिस स्कूल बस से जाते हो, उसका रंग भी पीला हो। तुम सोचते होगे कि क्या कोई नियम है कि स्कूल बस पीले रंग की ही होनी चाहिए या इसके पीछे कोई और वजह है? आओ जानते हैं।

व्यावहारिक कारण: 1930 तक अमेरिका में ऐसी स्कूल बसों का प्रयोग किया जाता था, जो अलग अलग रंग की होती थीं। कुछ नीली रंग की होती थीं, कुछ हरे, लाल या एकदम लकड़ी जैसे रंग की। इन स्कूल बसों का कोई स्टैंडर्ड फिक्स कलर नहीं होता था, जिससे व्यस्त सड़कों पर अलग से नोटिस किया जा सके कि यह स्कूल बस है। इस बात को ध्यान में रखकर शिक्षा विशेषज्ञ डॉ. फ्रैंक डब्लू सर ने 1939 में एक सम्मेलन का आयोजन किया ताकि स्कूल यातायात के लिए राष्ट्रीय मानक बनाया जा सके। इससे संबंधित अनेक सुझाव दिए गए, जिनमें यह आम सहमति बनी कि प्रत्येक स्कूल बस को समान चमकदार पीले रंग से पेंट किया जाए। आखिरकार इसी रंग को 'नेशनल स्कूल बस ग्लॉसी येलो' मान लिया गया।

वैज्ञानिक कारण: बच्चो, स्कूल बसों को पीले रंग से रंगने के पीछे वैज्ञानिक कारण भी हैं। दरअसल, हमारी आंखें अन्य रंगों की तुलना में पीले रंग को अधिक जल्दी पहचानती हैं, खासकर दिन की रोशनी में। यह रंग पेड़ों, बिल्डिंग्स, बादल भरे आसमान और बारिश के बीच भी अलग दिखाई देता है। गहरे रंग अकसर अपनी पृष्ठभूमि में रम जाते हैं, जबकि पीला रंग तुरंत और दूर से ही ध्यान आकर्षित करता है।

हर मौसम के लिए अनुकूल रंग: स्कूल बस को हर प्रकार के मौसम में चलना होता है, चाहे सुबह की धुंध हो, बारिश हो, जाड़े की सुबह हो या धूल भरी सड़क, जिससे दिखाई देना कठिन हो जाता है। इनमें से अधिकतर स्थितियों में चमकदार पीले रंग का स्कूल बस को दूर से देख लिया जाता है। फिर जब बस आगे व पीछे काले रंग से 'स्कूल बस' लिखा होता है तो उसे देखना और ज्यादा आसान हो जाता है। इससे जब साथ में चलने वाले दूसरे वाहन, स्कूल बस को धीमा होते या रुकते हुए देखते हैं तो उनके चालकों को प्रतिक्रिया का कुछ अतिरिक्त समय मिल जाता है। यही वजह है कि पीला रंग स्कूल बस की सुरक्षा का प्रतीक बन गया और यह पूरी दुनिया में अपनाया गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

हंसाती-गुदगुदाती कविताएं

बच्चो, जरा सोचो अगर एक ऐसी पुस्तक तुम्हें पढ़ने को मिल जाए, जिसमें मनोरंजन, हास्य के साथ पर्यावरण की भी जानकारी हो तो पढ़ने में कितना मजा आएगा! डॉ. सुधा गुप्ता 'अमृता' द्वारा रचित 'चीं चीं चीं हाऊं हाऊं' एक ऐसा ही बाल कविता संग्रह है। इसमें कुल 23 कविताएं हैं। 'अरे! पेड़ पर चढ़ गए हम' कविता में बड़े उत्साह से एक बच्चा पेड़ पर चढ़ तो गया, लेकिन नीचे कैसे उतरे? ऊपर से पेड़ पर बैठे बंदर को देखकर सिट्टी-पिट्टी गुम हो जाती है। मारे डर के फिसलता है, संभलता है फिर धड़ाम से नीचे कूद जाता है। 'खट्टे हैं अंगूर' कविता में तुम पढ़ोगे कि लोमड़ी तो अंगूर नहीं तोड़ पाती है, मगर पेड़ पर चढ़कर बंदर झट से अंगूर तोड़ देता है। इस किताब में 'वैशाखनंदन' पर भी कविता है। तुम समझ गए न! वैशाखनंदन, गधे को कहते हैं। शीर्षक कविता 'चीं चीं चीं हाऊं हाऊं' कविता में तुम पढ़ोगे कि कैसे एक चूहा मुखौटा लगाकर शेर बन जाता है। चूहे को इस तरह देखकर बिल्ली भी डर कर भाग जाती है। 'धम धमाधम फिसले' कविता में तुम पढ़ोगे कि बरसते हुए पानी और कीचड़ के बीच किस तरह सारी सब्जियां धम धमाधम एक-दूसरे पर गिरती हैं? पुस्तक की अन्य कविताएं भी बहुत ही रोचक और मजेदार हैं। *

किताब : चीं चीं चीं हाऊं हाऊं (बाल-कविता संग्रह), **लेखिका :** डॉ. सुधा गुप्ता 'अमृता', **मूल्य :** 150 रुपए, **प्रकाशक :** इंडिया नेटबुक्स प्रा. लि., नोएडा

हंसगुल्ले

चिंटू : फाइव के बाद क्या आता है?
मिंटू : जीरो।
चिंटू : अरे! ऐसा कहां आता है?
मिंटू : फैन के रेग्युलेटर में।
-सान्या, रायपुर

सोनू : क्यों, क्या हुआ?
मोनू : क्या फायदा ऐसे गूगल का, जो ये भी न बता पाए कि एग्जाम में कौन-कौन से प्रश्न आने वाले हैं।
-प्रियांश, बिलासपुर

मोनू : यार, ये गूगल किसी काम का नहीं!

जीके क्विज-222

1. 73वें मिस वर्ल्ड 2026 का खिताब किसने जीता है?
2. हाल में भारत के पहले कार्बन गार्डन का उद्घाटन कहां किया गया है?
3. 19 सितंबर से एशियाई खेलों का आयोजन किस देश में शुरू होने वाला है?
4. भारत के किस शहर में कल से ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा?
5. महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन और शतक लगाने वाली खिलाड़ी कौन बन गई है?
6. राष्ट्रीय हिंदी दिवस किस तारीख को मनाया जाता है?
7. भारत के राष्ट्रपति को उसके पद की शपथ कौन दिलाता है?
8. 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नामक ग्रंथ के रचयिता कौन हैं?
9. भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
10. विद्युत धारा का मात्रक क्या है?

बच्चो, जीके क्विज-222 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-221 का उत्तर : 1. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, 2. 2020, 3. द्वितीय, 4. बिहार, 5. नई दिल्ली, 6. 1961 ई., 7. 6 से 14 वर्ष, 8. चाणक्य, 9. कैजिया लिज मेजो, 10. मिचेल स्टार्क

जीके क्विज-221 का सही उत्तर देने वाले : आकांक्षा-रायपुर, सचिन-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, कशिश-रायपुर, दीपक-सीतापुर, हर्षा-रोहतक, गुंजन-बिलासपुर, रोशन-बालोद, संजना-कांकेर, आलोक-दुर्ग, साकेत-दुर्ग

कहानी
विमला रस्तोगी

शिल्पी और मान्या के पैरेंट्स को तय करना था कि उनकी बेटियों को हिंदी को एक विषय के रूप में पढ़ना है या नहीं। शिल्पी-मान्या तो चाहती थीं कि वे हिंदी विषय लें, लेकिन शिल्पी के पापा इच्छुक नहीं थे कि उनकी बेटी हिंदी विषय ले। उधर मान्या के मम्मी-पापा दोनों ही उसे हिंदी विषय के रूप में दिलाने को तैयार नहीं थे। आखिर दोनों सहेलियां क्या हिंदी विषय लेकर साथ-साथ पढ़ पाईं?

हिंदी बनी दोस्ती की डोर

शिल्पी और मान्या दोनों सहेलियां पुणे के एक इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती हैं। इसी स्कूल में साथ पढ़ते हुए दोनों की दोस्ती हुई। शिल्पी-मान्या दोनों इस साल कक्षा पांच में आ गई हैं। कक्षा चार तक अन्य विषयों के साथ हिंदी पढ़ना अनिवार्य था। अब कक्षा पांच में हिंदी लेना अनिवार्य नहीं था। बच्चे हिंदी के स्थान पर कोई विदेशी भाषा जैसे फ्रेंच या जर्मन ले सकते हैं।

शिल्पी की मम्मी चाहती थीं कि उनकी बेटी हिंदी ले, पर उसके पापा चाहते थे कि फ्रेंच ले। शिल्पी एक वर्ष पहले ही पुणे आई थी। इससे पहले वह तीन वर्ष अपने मम्मी-पापा के साथ शंघाई (चीन) में रही थी। शंघाई में उसकी मम्मी अपने परिचितों के बच्चों को हिंदी पढ़ना सिखाती थीं। वह शाम को एक घंटा बच्चों को हिंदी पढ़ाती थीं। शिल्पी भी उनके साथ बैठकर हिंदी पढ़ती थी। मम्मी का बच्चों को हिंदी पढ़ाना शिल्पी को बहुत अच्छा लगता था। उसे हिंदी से बहुत लगाव हो गया था।

मान्या भी अपने मम्मी-पापा के साथ ऑस्ट्रेलिया में रहकर पुणे आई थी। उसके मम्मी-पापा घर पर हिंदी में बात करते थे। ऑस्ट्रेलिया से आकर मान्या ने शिल्पी के स्कूल में दाखिला लिया। दोनों बहुत जल्दी अच्छी दोस्त बन गईं।

शिल्पी की हिंदी, मान्या से अच्छी थी। वह मान्या को होमवर्क करने में सहायता करती थी। शिल्पी हिंदी की बाल पत्रिकाओं में से कहानी पढ़कर मान्या को सुनाती तो उसे बहुत मजा आता। हिंदी के प्रति मान्या की रुचि बढ़ती जा रही थी। लेकिन मान्या के मम्मी-पापा उसे एक विषय के रूप में हिंदी दिलाने के लिए तैयार नहीं थे, जबकि मान्या हिंदी लेना चाहती थी।

एआई इमेज

शिल्पी ने एक दिन अपनी मम्मी से कहा, 'आप मान्या की मम्मी से बात करें, उन्हें समझाएं कि मान्या को हिंदी विषय लेने दें। उन्हें यह भी बताएं कि आप शंघाई में बच्चों को हिंदी पढ़ाती थीं। अपने देश की राजभाषा हिंदी पढ़ना जरूरी है।'

मम्मी बोलीं, 'ठीक है, मौका देखकर उनसे बात करूंगी।'

शिल्पी को चिंता थी कि पता नहीं मान्या हिंदी विषय ले पाएगी या नहीं? उसने एक दिन मम्मी का मोबाइल लेकर मान्या को फोन किया, बोली, 'सुन, मेरी मम्मी आज मेरे लिए पापा से फाइनल बात कर लेंगी कि मैं कोई और भाषा नहीं, हिंदी भाषा ही लूं। तू भी अपनी मम्मी को समझा। अगर तूने हिंदी नहीं ली तो हम दोनों के सेक्शन अलग हो जाएंगे। आपस में मिलना कम हो जाएगा। हमारी दोस्ती में भी दूरी आ जाएगी।'

उधर से मान्या बोली, 'अभी बात नहीं कर सकती। घर पर मेहमान आए हैं।' कहकर उसने फोन काट दिया। शिल्पी उदास हो गई। रात को खाना खाने के बाद मम्मी ने पापा से बात की, उन्हें फिर से किसी तरह समझाया कि शिल्पी को हिंदी विषय लेने दें। पापा राजी हो गए। उन्होंने शिल्पी को प्यार से अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम विषय के रूप में हिंदी ले सकती हो।'

'थैंक यू, पापा!' कहकर शिल्पी पापा के गले से लिपट गई। शिल्पी बहुत खुश थी, लेकिन उसका ध्यान मान्या में ही अटका था। वह सोच रही थी, हिंदी हमारी राजभाषा है, यह इतनी प्यारी भाषा है कि इसे हर भारतीय को पढ़ना चाहिए, तो हम इसे क्यों ना पढ़ें?

अगले दिन स्कूल में पैरेंट्स को अपना निर्णय बताना था। शिल्पी अपनी मम्मी के साथ स्कूल समय से पहले पहुंच गई। कुछ ही देर में मान्या भी अपनी मम्मी के साथ आ गई। वे चारों गेस्ट रूप में बैठ गए।

'अब क्या निर्णय रहा आपका?' शिल्पी की मम्मी ने मान्या की मम्मी से पूछा।

उन्होंने बताया, 'कल मान्या के पापा के एक मित्र आए थे। वे एक प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में हिंदी के प्रोफेसर हैं। कई साल तक विदेशों में भी हिंदी पढ़ा चुके हैं। उनके सामने मान्या के हिंदी को एक विषय के रूप में लेने वाली बात आई।'

'क्या कहा उन्होंने?' शिल्पी की मम्मी ने उत्सुकता से पूछा। 'यही कि आजकल विदेशों में रहने वाले भारतीय अपने बच्चों को हिंदी के ट्यूशन लगवा रहे हैं। इंटरनेशनल लेवल पर हिंदी का महत्व बढ़ा है। विदेशी यूनिवर्सिटीज अब हिंदी के प्रोफेसर रख रही हैं। हिंदी अनुवादकों की भी बहुत जगह जरूरत पड़ती है। इस तरह हिंदी विषय आपको अच्छी जॉब दिलाने में सहायता करता है। और फिर हर भारतीय को हिंदी भाषा अच्छे से आनी चाहिए। आप लोगों को खुश होना चाहिए कि आपकी बेटी की हिंदी पढ़ने में रुचि है।' मान्या की मम्मी ने बताया। शिल्पी की मम्मी ने पूछा, 'फिर आपने और मान्या के पापा ने क्या सोचा?'

'सोचना क्या था, आप पहले ही मुझे समझा चुकी थीं। इसलिए हमने मान्या को हिंदी विषय लेने को कह दिया।' मान्या की मम्मी का इतना कहना था कि 'थैंक यू आंटी' कहते हुए शिल्पी ने मान्या को गले लगा लिया। खुशी से मान्या की आंखें भर आईं। दोनों सहेलियों की खुशी देखकर दोनों की मम्मी भी खुश हुईं।

सब खुशी-खुशी प्रिंसिपल के ऑफिस की तरफ चल दिए। यह बताने के लिए कि शिल्पी और मान्या अपनी प्यारी राजभाषा हिंदी पढ़ेंगी। *

कविता
सूर्य कुमार पांडेय


एआई इमेज

हिंदी सहज-सरल है

हिंदी सहज है, हिंदी सरल है।
भाषा की झीलों में खिलता कमल है।
यह हमको प्यारी, यह सबको प्यारी,
इसमें ही बसती है दुनिया हमारी।
इसकी पढ़ाई, इसमें लिखाई,
बोलें जो हिंदी में, होती बड़ाई।
भारत की वाणी का यह गंगाजल है।
हिंदी सहज है, हिंदी सरल है।
भाषा की झीलों में खिलता कमल है।
दादा और दादी, नाना और नानी,
हिंदी में हमको सुनाते कहानी।
हिंदी के गाने, मीठे तराने,
सब ही समझते हैं उनके माने।
यह मातृ भाषा है, पावन प्रबल है।
हिंदी सहज है, हिंदी सरल है।
भाषा की झीलों में खिलता कमल है।

रंग भरो-210

रंग भरो-210 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।

शिफा, महासमुंद

आराना, जांजगीर

अद्विक, जांजगीर

कुंजल, रायपुर

येवांशी, रायपुर

दिव्या, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिशा-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, सुजाता-भोपाल, कोमल-रोहतक, सिद्धांत-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोनिया-जांजगीर, प्रिया-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, कुणाल-करनाल, राजा-कोरबा

रंग भरो 211

बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में खुशी हिंदी कविताओं की किताब पढ़ रही है। तुम इस प्यारे-से चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

यूएस ओपन : अब मुकाबला नई नंबर एक एलेना रायबाकिना से

कोको गॉफ सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

कोको गॉफ ने तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला विश्व की नई नंबर एक खिलाड़ी एलेना रायबाकिना से होगा। वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अपने दूसरे खिताब की कवायद में लगी गॉफ ने दूसरे सेट के टाईब्रेकर में कुछ मैच प्वाइंट बचाए और इसके बाद शानदार वापसी करके मीरा एंड्रीवा को 2-6, 7-6 (7), 6-2 से हराकर रायबाकिना के खिलाफ कड़े मुकाबले की नींव रखी। इससे पहले रायबाकिना ने झेंग किनवेन को 3-6, 6-1, 6-4 से हराया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि टूर्नामेंट के बाद वह डब्ल्यूटीए रैंकिंग में नंबर एक खिलाड़ी बन जाएंगी। महिला वर्ग का एक अन्य सेमीफाइनल में वर्तमान में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका का सामना तीसरे नंबर की जेसिका पेगुला से होगा।

खराब शुरुआत के बाद गॉफ ने की वापसी

गॉफ ने खराब शुरुआत के बावजूद वापसी करते हुए अमेरिकी ओपन में दूसरी बार चैंपियन बनने की उम्मीद जीवंत रखी। अमेरिका की इस खिलाड़ी में इससे पहले 2023 में यह टूर्नामेंट जीता था। फ्रेंच ओपन चैंपियन एंड्रीवा ने शुरुआती सात अंक जीतकर पहला सेट 26 मिनट में अपने नाम कर लिया, जिसके बाद चौथी वरीयता प्राप्त गॉफ ने वापसी की।

रायबाकिना से मुकाबला कड़ा होगा : गॉफ

गॉफ ने कहा, ''सच कहूं तो मैं बस बिना किसी पछतावे के कोर्ट से बाहर निकलना चाहती थी। रायबाकिना के खिलाफ सेमीफाइनल में मुकाबला कड़ा होगा लेकिन मैं हार मानने वालों में नहीं हूं। उन्होंने बाद में कहा कि पहले सेट के बाद ब्रेक के दौरान उन्हें अपने साथी अमेरिकी खिलाड़ी फ्रांसिस टियाफो की याद आ रही थी, जो एक दिन पहले अपने क्वार्टरफाइनल मैच में दो सेट से पिछड़ने के बाद जीत हासिल करने में कामयाब रहे थे।

मेरा लक्ष्य टूर्नामेंट जीतना है : रायबाकिना

रायबाकिना ने कहा, ''अभी तो यह सिर्फ एक आंकड़ा है और बेशक मैं सेमीफाइनल में हूं, लेकिन मेरा लक्ष्य टूर्नामेंट जीतना है। यह शानदार उपलब्धि है लेकिन टेनिस में बहुत जल्दी काफी कुछ बदल जाता है इसलिए मुझे बस अपने खेल पर ध्यान देना होगा।'' यह 1975 के बाद पहला अवसर है जबकि महिला वर्ग की सभी चार शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अमेरिकी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण में भारत ने जीते चार स्वर्ण

अहमदाबाद। मेजबान भारत ने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज के तीसरे चरण में चार स्वर्ण, तीन रजत और आठ कांस्य सहित कुल 15 पदक जीतकर अपने अभियान का शानदार समापन किया। पदक तालिका में हालांकि भारत पांच स्वर्ण पदक जीतने वाले चेक गणराज्य से पीछे दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने दो स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता ने भारत के पैरा तीरंदाजों को 18 से 24 अक्टूबर तक आइची-नागोया में होने वाले एशियाई पैरा खेलों के लिए तैयारी का अच्छा मौका मिला। भारत की स्वर्ण पदक जीतने की मुहिम का नेतृत्व पैरालंपिक चैंपियन हरविंदर सिंह ने किया। उन्होंने विजय सुंडी के साथ मिलकर पैरा रिकर्व पुरुष युगल का खिताब जीता।

ज़्वेरेव और खाचानोव आसान जीत के साथ सेमीफाइनल में

शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज़्वेरेव का अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल तक का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा था लेकिन उन्हें सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। ज़्वेरेव ने क्वार्टर फाइनल में बोटिक वैन डे ज़ैंडशल्प को 6-2, 7-5, 6-1 से आसानी से हराया। इस तरह से उन्होंने मौजूदा सत्र के सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाने की विशिष्ट उपलब्धि हासिल की।

इन खिलाड़ियों का होगा मुकाबला

फ्रेंच ओपन चैंपियन और विंबलडन उपविजेता ज़्वेरेव सेमीफाइनल में शुक्रवार को करेन खाचानोव का सामना करेंगे, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन और फ्रांसिस टियाफो आमने-सामने होंगे। ज़्वेरेव 1968 में शुरू हुए ओपन युग में किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले दो दौर में पांच सेट तक खेलने वाले पहले शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी बने लेकिन इसके बाद उन्होंने अपने अगले तीन मैच सीधे सेटों में जीते। वह इस साल सभी चार ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले एकमात्र पुरुष खिलाड़ी हैं।

ब्लॉक्स के हटने से खाचानोव सेमीफाइनल में

खाचानोव इस साल प्रत्येक ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के कम से कम तीसरे दौर तक पहुंचे लेकिन यहां वह सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहे। उन्होंने अलेक्जेंडर ब्लॉक्स के मैच के बीच से हट जाने के बाद अंतिम चार में जगह सुरक्षित की। ब्लॉक्स ने पैर, पसलियों और पीठ में चोट लगने के कारण तीसरे सेट में खेलना बंद कर दिया, जिससे खाचानोव अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गए। ब्लॉक्स ने जब हटने का फैसला किया तब खाचानोव पहले दो सेट 6-2, 7-5 से जीतने के बाद तीसरे सेट में 3-2 से आगे चल रहे थे।

खबर संक्षेप

विश्व कप मैच अभी बहुत दूर है, तब देखेंगे : रोहित

मुंबई। भारत के स्टार क्रिकेटर रोहित शर्मा ने अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर बृहस्पतिवार को यहां कहा कि अक्टूबर 2027 अभी बहुत दूर है। यहां एक कार्यक्रम के दौरान पूर्व कप्तान ने एक पंक्ति में जवाब दिया। टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट में नहीं खेलने के कारण रोहित के वनडे प्रारूप में भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। रोहित ने कार्यक्रम के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा, '' अक्टूबर 2027 अभी बहुत दूर है, तब देखेंगे।'' वनडे विश्व कप 2027 की सह-मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे।

ईशान की कप्तानी में ईस्ट जोन ने 13 साल बाद खिताब पर किया कब्जा

दलीप ट्रॉफी 2026 : पहली पारी में बनाई बढ़त के आधार पर विजयी घोषित

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

ईशान किशन की कप्तानी वाली टीम ने फाइनल में साउथ जोन के खिलाफ पहली पारी के आधार पर बढ़त बनाई थी, जिसके चलते उन्हें खिताबी जीत मिली। चेपॉक स्टेडियम में खेला गया ये फाइनल मैच आखिरकार ड्रॉ पर समाप्त हुआ। बता दें कि ईस्ट जॉन ने 2012-13 के बाद ये प्रतिष्ठित खिताब जीता है। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास में ईस्ट जोन का तीसरा खिताब है। ईस्ट जोन ने कुल तीसरी बार दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता है। इससे पहले 2011-12, और 2012-13 में ईस्ट जोन की टीम विजेता बनी थी।

इस तरह से रहा फाइनल मुकाबला

दलीप ट्रॉफी फाइनल 2026 में ईस्ट जोन ने कप्तान किशन के दोहरे शतक (270) और कुमार कुशाग्र के शतक (101) की मदद से 708 रन का स्कोर बनाया। जवाब में तिलक वर्मा के 99 रन की पारी के बावजूद साउथ जोन की पहली पारी 336 रन पर सिमट गई।पहली पारी के आधार पर 372 रन से बढ़त बनाने वाली ईस्ट जोन ने दूसरी पारी 388/7 पर घोषित की और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर वाले कप्तान

किशन इस पारी के बाद अब दलीप ट्रॉफी फाइनल में बतौर कप्तान सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इसी तरह वह इस ट्रॉफी के फाइनल में दोहरा शतक जड़ने वाले दूसरे कप्तान भी बने हैं। उन्होंने इस मामले में पूर्व दिग्गज बल्लेबाज अंशुमन गायकवाड़ को पछाड़ दिया है। गायकवाड़ ने साल 1987 में दलीप ट्रॉफी फाइनल में वेस्ट जोन की ओर से बतौर कप्तान 216 रन की दोहरी शतकीय पारी खेली थी।

जूनियर महिला एशिया कप में दर्ज की सबसे बड़ी जीत

पाकिस्तान को 19-0 से रौंदकर भारत सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶| मोकी (चीन)

भारत ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बृहस्पतिवार को यहां पाकिस्तान को 19-0 से करारी शिकस्त देकर महिला जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। भारत ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और आक्रामक खेल का नजारा पेश करते हुए टूर्नामेंट की सबसे बड़ी जीत में से एक दर्ज की। भारत ने जहां 19 गोल किए, 18 पेनल्टी कॉर्नर और एक पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया, वहीं पाकिस्तान एक भी गोल, पेनल्टी कॉर्नर या पेनल्टी स्ट्रोक हासिल नहीं कर पाया। भारत शनिवार को सेमीफाइनल में कोरिया और मलेशिया के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगा।

तनुश्री, सुखवीर, सानिका ने भी किए गोल

इस क्वार्टर में भारत को मिले चौथे पेनल्टी कॉर्नर पर तनुश्री काडू ने 11वें मिनट में डिफ्लेक्शन के जरिए गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। इसके बाद पाकिस्तान ने सर्कल के अंदर फाउल किया, जिससे भारत को 13वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला जिसे सुखवीर कौर ने गोल में बदला। सानिका माने ने इसके तुरंत बाद मैदानी गोल दागकर पहले क्वार्टर के बाद स्कोर 5-0 कर दिया।

हॉफ टाइम से पहले स्कोर 10-0 रहा

मधु सिदार ने 16वें मिनट में मैदानी गोल किया, जिसके दो मिनट बाद गीता यादव ने एक और गोल करके भारत की बढ़त को 7-0 तक पहुंचा दिया। सानिका ने 23वें मिनट में अपना दूसरा गोल किया। इसके बाद तनुजा टोप्पो ने 25वें मिनट में मैच का अपना पहला गोल दागा। भारत ने लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। पूजा मलिक ने 27वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर हाफ टाइम से पहले स्कोर 10-0 कर दिया।

तीसरे क्वार्टर में गोलों की कर दी बरसात

तीसरे क्वार्टर के शुरू में भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर पूर्णिमा यादव ने डिफ्लेक्शन से गोल करके स्कोर 11-0 कर दिया। मधु ने 39वें मिनट में और सुप्रिया ने 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला। कृष्णा शर्मा ने 48वें मिनट में मैदानी गोल किया। यह उनका टूर्नामेंट में पहला गोल था। इसके एक मिनट बाद पूजा ने अपना दूसरा गोल किया और फिर 51वें मिनट में एक और गोल दागकर अपनी हैट्रिक पूरी की। भारत को 54वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे सुप्रिया ने गोल में बदला। इसके बाद बिनिमा धन ने 55वें मिनट में मैदानी गोल किया जबकि रोशनी ने 60वें मिनट में अपना दूसरा गोल करके स्कोर 19-0 कर दिया।

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing
Acclerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building,7th Floor,
Plot P-6,7,8,Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email,: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना
(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में)

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1241 दिनांक :-01/09/2026

संदर्भ:

1. कम्पनी अधीनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (71) कम्पनियों का नाम मध्य प्रदेश राज्य से हटाने के मामले में:

S.No.	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC5325121	U55101MP2026PTC084731	महाकाल होटल्स प्राइवेट लिमिटेड
2	AC5347414	U47219MP2026PTC081985	स्टालवर्ट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड
3	AC5382014	U86900MP2025OPC078322	पिल्स हेल्थ एंड वेलनेस (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
4	AC5149422	U70200MP2025PTC078610	स्वान फाइनेंशियल एक्सपर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5237278	U46309MP2025PTC077583	राधावल्लभ एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5466053	U47594MP2025PTC074203	माइक्रो एसईपी प्राइवेट लिमिटेड
7	AC5236806	U78300MP2024PTC073402	उदयांचल प्राइवेट लिमिटेड
8	AC5239824	U20237MP2024PTC071423	किचु संतृप्त प्राइवेट लिमिटेड
9	AC4910238	U74909MP2024PTC071394	सर्वोदय आर्थिक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
10	AC5203567	U47912MP2023PTC068194	ट्रेटो मार्टेक वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
11	AC5102883	U47219MP2023PTC067985	गेटीक इंडिया मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड
12	AC5307455	U47737MP2023PTC066901	ग्रोविंग एग्रो प्राइवेट लिमिटेड
13	AC5145730	U70200MP2023PTC067117	विरटेक बिजनेस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
14	AC5196891	U47810MP2023PTC066744	भाव्यदीप एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड
15	AC5231080	U74101MP2023OPC065326	लेबल नेहा सक्सेना (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
16	AC5218921	U62013MP2023PTC064896	टेराक्लाउड टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
17	AC5030060	U51909MP2022PTC063958	शील पैकार्ट प्राइवेट लिमिटेड
18	AC5466524	U43299MP2023PTC065118	धेनु डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड
19	AC5248794	U26990MP2022PTC061067	आर आर ए रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड
20	AC4798868	U93090MP2018PTC044873	स्ट्राकॉन आउटसोर्सिंग सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
21	AC4835624	U52100MP2022PTC062454	सोलकेम फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
22	AC5232398	U29210MP2022PTC060781	बेतुलकृषि हाउस प्राइवेट लिमिटेड
23	AC5323373	U62013MP2023PTC068603	टेकपूल टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
24	AC5154729	U72900MP2022PTC059769	सोलसैप टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
25	AC5347094	U85499MP2024PTC071524	डिजिनोमो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
26	AC4693638	U24110MP2022PTC062077	मेडस आईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
27	AC5468859	U92490MP2021PTC058755	सावारसा स्पोर्ट्स क्लब प्राइवेट लिमिटेड
28	AC5252862	U15400MP2022PTC061883	अकाय एग्री इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
29	AC5413741	U24100MP2022PTC059652	सेफेक्सा हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
30	AC5341442	U93090MP2021PTC055453	पिनरो कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
31	AC5456279	U50500MP2021PTC057752	प्रॉम्प्ट फ्यूल प्राइवेट लिमिटेड
32	AC5351527	U46909MP2021PTC057709	ब्राइड ऑफ क्राइस्ट चर्च प्राइवेट लिमिटेड
33	AC5293420	U85110MP2021PTC056744	साशी हेल्थकेयर डायग्नोस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
34	AC5215576	U72900MP2020PTC054338	यूनोडायमेंशन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड
35	AC5196350	U51909MP2021PTC056592	संसारा एस्केप्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
36	AC5139474	U80301MP2021PTC056606	निडेजा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
37	AC5277846	U24290MP2021PTC055272	क्यूरेडोज हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
38	AC5198117	U52520MP2021PTC055282	आर्यन कंगेन वाटर प्राइवेट लिमिटेड
39	AC5263173	U72200MP2020PTC053231	बाइटोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
40	AC5209368	U74910MP2020PTC053834	एक्सीलेंस रिक्रूटमेंट प्राइवेट लिमिटेड
41	AC4754194	U24290MP2020PTC053414	श्वेतपावन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
42	AC5174617	U29304MP2020PTC053448	बीपीबीएस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
43	AC5249890	U51909MP2020PTC053451	बीबीपीएस ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड
44	AC5343749	U01110MP2020PTC053713	अभयशील फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
45	AC5315273	U72900MP2020PTC052100	नोडेसियो टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
46	AC5194777	U70109MP2020PTC052140	न्यू एज देवकॉन प्राइवेट लिमिटेड
47	AC5276150	U74994MP2020PTC052245	जोशजोश मीडिया प्राइवेट लिमिटेड
48	AC5206747	U52100MP2020PTC052430	स्टोन कल्चर प्राइवेट लिमिटेड
49	AC4833127	U93090MP2020PTC051385	वी-फैमिली प्राइवेट लिमिटेड
50	AC5195638	U80902MP2020PTC051356	स्काय फ्लाई एजुकेन प्राइवेट लिमिटेड
51	AC5327558	U29256MP2019PTC050309	मासु ऑटोमेशन एंड ट्रेनिंग प्राइवेट लिमिटेड
52	AC5262824	U17299MP2019PTC048944	सूट टेक्सटाइल्स मैन्युफैक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड
53	AC4635263	U51909MP2018PTC046911	एनोद वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
54	AC5382049	U74999MP2018OPC046383	वररुचि (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
55	AC5397908	U74999MP2018OPC046752	पारास्काई सिक्योरिटी सर्विसेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
56	AC4746946	U74999MP2017PTC044711	परम शक्ति एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड
57	AC5273535	U74999MP2022PTC062559	अन्वया एचआर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
58	AC5043401	U74999MP2017PTC044439	आर.पी.एस. कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड
59	AC5219029	U52609MP2017PTC043690	डायनोटेक इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड
60	AC5377558	U80904MP2016PTC041731	सिव नारायण टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
61	AC5279298	U74999MP2016PTC041400	ईकैफे वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
62	AC5456807	U74999MP2017PTC043006	प्लंज एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड
63	AC5228552	U72900MP2016PTC041273	इंस्टाकार टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
64	AC5275105	U24100MP2016PTC041161	यशफिन फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
65	AC5198196	U74300MP2016PTC035557	रेन्स मीडिया एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड
66	AC5162311	U72200MP2013PTC030086	बालाजी कंप्यूसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड
67	AC5094794	U74900MP2012PTC028206	क्यूआरएस इंस्पेक्शन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
68	AC5162320	U15541MP2011PTC026136	एसआर मिनरल्स एंड फूड्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
69	AC5328326	U60231MP2011PTC025678	अमर लॉजिस्टिक सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
70	AC5220079	U25192MP2005PTC017246	श्री इलास्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड
71	AC5017387	U18101MP1990PTC005865	रारा अपैरल्स प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अत: कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना /अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है ।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं ।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0532/2627



हसीनाएं मोम की गुड़िया जलती नहीं, पिघलती हैं

नई दिल्ली। 'काश! दुनिया का हर मर्द ये जान सकता कि हम हसीनाएं लाइट का बल्ब नहीं, हम मोम की गुड़िया हैं... हम जलते नहीं, पिघलते हैं।' रूहानी इश्क, जिस्मानी चाह और मन के अंदरखाने मची कामुकता को दो बार कंठस्थ करवाने के बाद, लस्ट स्टोरीज के तीसरे पार्ट यानी लस्ट स्टोरीज 3 का ट्रेलर रिलीज हो गया है। दो मिनट और 19 सेकेंड के ट्रेलर की शुरुआत अदिति राव हैदरी की आवाज में इसी एक डायलॉग से होती है और इसके बाद पर्दे पर राधिका आप्टे, कोंकणा सेन शर्मा, राधिका मदान और सना थम्पी, औरतों की चाह का वो ताना-बाना पेश करती हैं, जिसके आगे मर्द किरदार बेबस नजर आते हैं।

लाइफ Style

अनीत

बापजी के शोषण के खिलाफ उठाई आवाज

वेब सीरीज 'हुंकार-द रोर' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज किया गया। इसमें अनीत पड्डा मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फातिमा सना शेख पुलिस की वर्दी में नजर आई हैं। फिल्म 'सैयारा' से दर्शकों का दिल जीतने वाली अनीत पड्डा अब अपनी आगामी वेब सीरीज 'हुंकार-द रोर' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

क्राइम थ्रिलर सीरीज में अनीत पड्डा शोषण के खिलाफ आवाज उठाती हैं। वहीं, फातिमा सना शेख इस मामले की जांच करती हैं। ट्रेलर जारी करते हुए कैप्शन लिखा है, 'जब एक लड़की की आवाज टकराएगी समाज की भक्ति से तो जीत किसकी होगी'? 'हुंकार' वेब सीरीज 25 सिंतबर से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस सीरीज में मोहम्मद जीशान अय्यूब, अर्जुन माथुर, रघुबीर यादव और राम कपूर भी अहम भूमिकाओं में हैं। क्राइम थ्रिलर सीरीज 'हुंकार' जियो हॉटस्टार पर आएगी। अनीत साहसी और निर्भीक मीनू की भूमिका में हैं। 17 साल की मीनू अपने खिलाफ होने वाले शोषण का विरोध करती है। मीनू बापजी पर शोषण का आरोप लगाती है, जो बेहद प्रभावशाली शख्सियत है। मामला पुलिस तक पहुंचता है। फातिमा सना शेख पुलिस अधिकारी की भूमिका में हैं। केस की पड़ताल करते हुए कई चुनौतियां मीनू (अनीत) के सामने आती हैं। अपने भी संदेह करने लगते हैं। मीनू के आरोपों की जांच की कड़ी में कई सनसनीखेज खुलासे होते हैं। मुश्किल वक्त में अपने साथ छोड़ते हैं। मगर, मीनू ऐसे विपरीत हालात में भी साहस का परिचय देती और निर्भीक होकर सच बताती है।

हॉलीवुड मसाला

टॉम की अगली फिल्म का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म 'डिगर' का फाइनल ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर में टॉम क्रूज बेहद अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। यह किरदार उनकी बाकी फिल्मों से काफी अलग होगा। फिल्म 'डिगर' हॉलीवुड की बहुप्रतिक्षित फिल्मों में से एक है। इसकी शूटिंग काफी वक्त से चल रही थी। मगर अब जाकर मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में टॉम क्रूज को एक तेल व्यापारी डिगर रॉकवेल के किरदार में दिखाया गया है। डिगर काफी अमीर और घमंडी किस्म का इंसान है।



फिल्म शूट करने के लिए बहुत सही है कश्मीर...

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर के पहले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में स्पेन की मशहूर फिल्म प्रड्यूसर एना सौरा रेमन पहुंचीं। उन्होंने कश्मीर की खूबसूरती और यहां फिल्म शूटिंग की संभावनाओं की जमकर तारीफ की। कश्मीर की खूबसूरती और इसे इंटरनेशनल फिल्ममेकर्स के लिए शूटिंग लोकेशन के तौर पर प्रमोट करने की संभावना पर एना ने कहा कि फिल्म फेस्टिवल का एक अहम मकसद अलग-अलग जगहों को फिल्म इंडस्ट्री के लोगों के सामने लाना भी होना चाहिए। यहां के लैंडस्केप बहुत खूबसूरत हैं। पहाड़, झील और यहां की रोशनी सब कुछ फिल्म शूट करने के लिए बहुत सही है। इसलिए मुझे लगता है कि यह शूटिंग के लिए एक शानदार जगह हो सकती है। फेस्टिवल का एक मकसद लोगों को यहां लाना और उन्हें इस जगह से रूबरू कराना भी होना चाहिए।'

टीवी मसाला

दृष्टिहीन कंटेस्टेंट की कहानी सुन भर आई बिग बी की आंखें

नई दिल्ली। सोनी चैनल पर प्रसारित हो रहे अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' को दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। हर दिन एक नया बेंचमार्क यह शो तय करता जा रहा है। हॉट सीट पर बैठे कंटेस्टेंट बिग बी के सामने आकर अपने दिल की बाच को इस तरह से बताते है जैसे वह उनके घर के मेंबर हो उन मुश्किल सफर को सुन कर अमिताब बच्चन भी इमोशन हो जाते है। ऐसी ही एक सफर शो में कमलजीत सिंह नाम के एक दृष्टिहीन कंटेस्टेंट ने बिग बी के साथ मिलकर शेयर किया जिसे सुन कर वह इमोशनल हो गए। कमलजीत ने शो में अपने मुश्किल दौर पर बात की। उन्होंने बताया कि जिंदगी के सबसे मुश्किल मोड़ पर उनकी पत्नी ने उनका साथ दिया। कमलजीत सिंह देख नहीं पाते हैं। उनका एक्सीडेंट हो गया था। ये दौर उनके लिए काफी मुश्किल था। वो खुद से खाना भी नहीं खा पाते थे। कमलजीत ने अपनी इमोशनल जर्नी बताते हुए कहा कि उस वक्त उन्हें डर लग रहा था कि इस हादसे की वजह से कही उनकी पत्नी उन्हें छोड़कर ना चली जाएंगी, क्योंकि एक दृष्टिहीन इंसान के साथ कोई नहीं रहना चाहता है। लेकिन, उनकी पत्नी ने उनके डर को गलत साबित कर ऐसा कर दिखाया, जिसने उन्हें जिंदगी भर न देखने का मलाल कम होने लगा। वहीं, जनता जनार्दन की पंक्ति में बेटी उनकी पत्नी ये सब सुन रही थी, जिसे सुनकर उनकी आंखे छलक आई। कमलजीत जब अपने इस दर्दनाक सफर को बिग भी से शेयर कर रहे थे तो उनका गला इतना भर आया कि वह आगे बता नहीं पा रहे थे, तब उनकी बीवी ने आगे बताया कि उनके डर को मैं समझ गई थी, इसलिए उनसे बिना कुछ कहे बस उनका साथ देने लगी।

बिग बॉस 20 को मिला पहला कैप्टन

नई दिल्ली। बिग बॉस सीजन 20 को शुरू हुए अभी चार दिन ही हुए हैं कि घर में मौजूद लोगों ने अपनी प्रायोरिटी खुलकर सामने रख दी है। बीते दिन

गुल्लू, यंग और आसिफ के बीच कैप्टेनसी टास्क खेला गया। जहां घर में मौजूद बाकी के कंटेस्टेंट ने अपने फेवरेट को सपोर्ट किया। टास्क के बाद अब फाइनली बिग बॉस सीजन 20 को उनका पहला कैप्टन मिल चुका है। बिग बॉस सीजन 20 के पहले हफ्ते में जिस कंटेस्टेंट के हाथ कैप्टेनसी की बागडोर आई वह सिंगर यंग डीएसए हैं, जिनको पॉपकॉर्न टास्क में काजी से लेकर स्कॉउट और अरशिफा सहित कई कंटेस्टेंट का सपोर्ट मिला था। यंग ने शुरूआत से ही काफी अच्छे रिश्ते बनाए हैं, लेकिन वह इस सीजन के सबसे अड़ियल कंटेस्टेंट भी हैं। क्योंकि एक बार जिसे वह निशाना बना रहे हैं, उसे शो से निकालने के लिए एड़ी से चोटी का दम लगा रहे हैं। ये हम आपको बता चुके हैं कि इस बार सभी कंटेस्टेंट के पास दो लाइफलाइन्स हैं। एक उनकी है और दूसरी उन्हें बिग बॉस की तरफ से वरदान के रूप में मिली है। ऐसे में यंग डीएसए के हाथ में केप्टनसी आना कनिका मान के लिए पहले ही हफ्ते में बड़ी मुसीबत बन गया है। दरअसल, टास्क से पहले बिग बॉस ने तीनों ही दावेदारों से ये पूछा था कि अगर वह कैप्टन बने, तो किनकी लाइफलाइन वह छीनना चाहेंगे। जिसमें गुल्लू ने उदिती सिंह, आसिफ ने अरशिफा खान और यंग डीएसए ने कनिका मान का नाम लिया था।

पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म रणबाली का पहला टीजर रिलीज

मुंबई। 'रणबाली' के मेकर्स ने विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म का पहला टीजर रिलीज कर दिया है। इससे दर्शकों को फिल्म की बेरहम और ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित दुनिया की पहली झलक मिली है। 16 अक्टूबर को फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने से पहले, 2 मिनट 32 सेकंड का यह टीजर जारी किया गया है। विजय देवरकोंडा ने एक्स पर टीजर शेयर करते हुए ट्वीट किया, 'कभी मत भूलना। वे लोग जो मेहमान बनकर आए और जालिम बनकर रह गए। हमारे गांवों के वे लोग, जिन्होंने खून-खराबा करने

का फैसला किया। 'द सैवेज ओथ'। 'रणबाली' के टीजर की शुरुआत एक गंभीर टाइटल कार्ड से होती है जिस पर लिखा है, 'ब्रिटिश शासन के दौरान 1876-78 में जान गंवाने वाले अस्सी लाख भारतीयों की याद में।' यह 1876-78 के उस भयानक अकाल की ओर सीधा इशारा है, जिसने मद्रास प्रेसीडेंसी को तबाह कर दिया था और दक्षिण व पश्चिमी भारत में लाखों लोगों की जान ले ली थी। विजुअल्स में दुख और शोषण की तस्वीर दिखाई गई है, जिसमें सूखे से जूझते गांव और भूख से बेहाल आम लोग कहानी में दिखते हैं।

डायन बहू बनकर ससुराल पहुंची यामी...

मुंबई। बीते महीने यामी गौतम की नई फिल्म 'नई नवेली' का ऐलान किया गया था। गुरुवार को 'नई नवेली' का टीजर जारी किया गया है। यह एक हॉरर कॉमेडी फिल्म है और टीजर की छोटी सी झलक काफी दिलचस्प है। फिल्म के टीजर की शुरुआत एक मध्यम वर्गीय भरे-पूरे संयुक्त परिवार के साथ होती है। सभी बैठे हैं, तभी अचानक से एक शख्स आवाज लगता है, 'जूते चप्पल, नुकीली वस्तुएं सब उतारकर रख दीजिए'। यह आवाज लगाने वाला शख्स दरअसल, घर में आई नई बहू मोहिनी (यामी गौतम) का देवर बंटू है। बंटू से इस तरह बात किए जाने पर परिवार के सदस्य हैरानी से पूछते है, 'बात क्या है'? जवाब मिलता है, 'बात भाभी के बारे में है'। सब परेशान होते हैं कि मोहिनी को क्या हुआ? अगले दृश्य में बंटू एक खुलासा करता है और कहता है, 'भाभी डायन है'

द वन : तमन्ना का 'छठी मैया' गाना रिलीज, कोसी भरते दिखे सिद्धार्थ



मुंबई। तमन्ना भाटिया और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'द वन' का गाना 'छठी मैया' रिलीज हो चुका है। विशाल मिश्रा ने ज़ी म्यूजिक लेबल के तहत 'छठी मैया' गाना गाया है। इस दिल को छू लेने वाले गाने के बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं और इसकी कोरियोग्राफी चिन्नी प्रकाश ने की है। बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड के डिवीज़न, बालाजी मोशन पिक्चर्स द्वारा टीवीएफ और 11.11 प्रोडक्शन के साथ मिलकर पेश की जा रही फिल्म 'द वन' में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना लीड रोल्स में हैं। 'द वन' का गाना 'छठी मैया' रिलीज हो चुका है और इसे तमन्ना और सिद्धार्थ ने शेयर भी किया है। इंस्टाग्राम पर गाने को शेयर करते हुए तमन्ना भाटिया ने लिखा, 'हर आराध्य में आसहर आस में छठी मैया का विश्वास।' गाने में वो छठ पूजा के चारों दिन का व्रत करती नजर आ रही हैं। शाम के अर्घ्य से लेकर सुबह की पूजा और कोसी भरने तक की झलक गाने में साफ दिख रही है।

वनदेवी की कहानी 400 साल का इतिहास

यह फिल्म एक शहरी आदमी की कहानी है, जो अपने पुश्तैनी गांव के प्रतिबंधित जंगल में एक दिव्य देवी को जगा देता है और उसे ऐसी ताकतों का सामना करना पड़ता है जो उसकी समझ से परे हैं। वन देवी की ये कहानी 400 साल पुरानी मानी जाती है जिसे फिल्म में दिखाया जाएगा। एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने बताया कि उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म 'द वन' के 'छठी मैया' गाने के लिए कैसे तैयारी की। तमन्ना ने बताया कि इस भक्ति गीत के साथ पूरा न्याय करने के लिए उन्होंने छठ के महत्व को समझने और उसके बारे में जानने की कोशिश की। दीपक मिश्रा की निर्देशित फिल्म 'द वन' की कहानी अरुणाभ कुमार ने दी है। मनु आनंद डीओपी और विजुअल डायरेक्टर के रूप में टीम में शामिल हैं। शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अरुणाभ कुमार और नीरज कोठारी ने 'द वन' को प्रोड्यूस किया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930